जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जयपुर, सोमवार 12 अक्टूबर, 2026

पंचायती राज चुनाव में

# कमल खिलाना है

गांव के विकास को आगे बढ़ाना है



## समृद्ध गांव, सुशासन की पहचान, ग्राम उत्थान से बन रहा विकसित राजस्थान

### पंचायती राज चुनाव - 2026

# ग्राम विकास संकल्प पत्र

## ग्रामीण जन के लिए गारंटी

**किसान सम्मान**

पीएम-किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को वित्तीय सहायता बढ़ाकर 12,000 रुपये प्रति वर्ष की जाएगी

**कृषि उन्नयन**

कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप्स के लिए 500 करोड़ रुपये के निवेश के साथ राजस्थान एग्रीकल्चर एक्सीलेटर मिशन शुरू करेंगे

**फसल सुरक्षा एवं संबल**

आगामी 5 वर्षों में किसानों के खेतों में 1000 लाख मीटर बाड़बंदी (fencing) के लिए सहायता और 25 लाख वर्ग मीटर के क्षेत्र में शेड नेट / ग्रीनहाउस स्थापित किए जाएंगे

**दिन के समय बिजली**

सभी जिलों में किसानों को सिंचाई के लिए दिन के समय बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी

**पेयजल सुरक्षा एवं जल प्रबंधन**

1 लाख जल संचयन संरचनाओं और 5 लाख ड्रिप एवं मिनी-स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणालियां स्थापित की जाएंगी

**सामाजिक सुरक्षा पेंशन में वृद्धि**

सभी पात्र वरिष्ठ ग्रामीण नागरिक दिव्यांगजन, विधवा और परित्यक्त महिला की मासिक पेंशन वृद्धि करेंगे

सभी पात्र विधवा और परित्यक्त महिला को मासिक पेंशन बढ़ाकर 1,500 रुपये करेंगे

## हर पंचायत को मिलेगा

- प्रत्येक ग्राम पंचायत में अटल ज्ञान केंद्र
- प्रत्येक ग्राम पंचायत में इंटरनेट कनेक्शन
- प्रत्येक ग्राम पंचायत में उच्च माध्यमिक विद्यालय
- प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम सेवा सहकारी समिति
- प्रत्येक ग्राम पंचायत में चिकित्सा सुविधा
- प्रत्येक ग्राम पंचायत पर खेल मैदान
- प्रत्येक ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर
- प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिए दीर्घकालीन ग्राम विकास मास्टर प्लान बनेगा। इस मास्टर प्लान के अनुरूप विकास कार्य करवाए जाएंगे

## सशक्त गांव - समृद्ध राजस्थान हेतु

**सभी ग्राम पंचायतों का सशक्तिकरण**

राजस्थान की वर्तमान 14,403 ग्राम पंचायतों को प्रशासनिक, वित्तीय और तकनीकी रूप से सशक्त बनाया जाएगा

**स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण**

VB-G RAM G के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में ऐसे स्थायी एवं टिकाऊ निर्माण कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी, जो गांव की दीर्घकालीन आर्थिक एवं सामाजिक आवश्यकताओं को पूरा करें

**गांवों में जल परियोजना**

जिन गांवों में भूजल स्तर लगातार गिर रहा है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर राज्य की नहरी परियोजनाओं, राम जल सेतु योजना तथा यमुना जल परियोजनाओं आदि से जोड़ा जाएगा



पंचायती राज चुनाव हेतु भाजपा का संकल्प पत्र पढ़ने के लिए QR कोड स्कैन करें



कमल का बटन दबाएं भाजपा को जिताएं

भारतीय जनता पार्टी, राजस्थान

## विचार बिन्दु

**बिना मांगे किसी को उपदेश ना दो। –जर्मन कहावत**

# अतिक्रमण के विरुद्ध और अमानवीयता के भी!

जयपुर के एक इलाके में इन दिनों बुलडोजरों की आवाज सुनाई दे रही है। न्यू सांगानेर रोड पर गुर्जर की थड़ी से सोडाला के बीच जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की है। राजस्थान उच्च न्यायालय के निर्देश पर हो रही इस कार्रवाई में सड़क की सीमा में आए निर्माणों को हटाया जा रहा है। 250 से अधिक घरों और दुकानों को नोटिस दिए जाने और उन्हें चिह्नित किए जाने की खबर है। पहले चरण में दुकानों के आगे बने बढ़े हुए हिस्सों, सीढ़ियों, शेड और दूसरे अतिक्रमणों को हटाया गया है। बताया गया है कि न्यू सांगानेर रोड की निर्धारित चौड़ाई 100 फीट है, लेकिन अनेक जगहों पर अतिक्रमण और अनधिकृत निर्माण के कारण वह 40 से 60 फीट तक रह गई है। जाहिर है, ऐसी स्थिति में यातायात प्रभावित होगा और सड़क पर चलने वाले लोगों को परेशानी होगी। प्रथम दृष्टया इसमें आपत्ति की कोई गुंजाइश नहीं दिखाई देती। सार्वजनिक रास्ते सार्वजनिक ही रहने चाहिए। जिस संपत्ति पर हमारा वैध अधिकार न हो, उस पर से हमारा अनुचित और अवैध नियंत्रण ख़त्म होना ही चाहिए। मैं भी यही चाहता हूं।

लेकिन बात इतनी भी सरल नहीं है। मुझे यह भी पूछने की ज़रूरत लगती है कि क्या अतिक्रमण के विरुद्ध होने के किए अमानवीय होना ज़रूरी है? क्या बुलडोज़र ही अब हर समस्या का हल बच रहा है? मेरा उत्तर भी साफ है–नहीं। कानून का पालन होना चाहिए, लेकिन कानून लागू करने का तरीका भी न्यायपूर्ण और मानवीय होना चाहिए। यही वह बात है जो इस समय जयपुर की इस कार्रवाई को देखते हुए मुझे परेशान कर रही है।

उच्च न्यायालय ने अगस्त में जेडीएको न्यू सांगानेर रोड के सोडाला से गुर्जर की थड़ी वाले हिस्से से अतिक्रमण हटाने के लिए दो महीने का समय दिया था। अदालत ने 6 अक्टूबर तक अनुपालन रिपोर्ट मांगी थी। जेडीए ने अदालत को बताया कि सड़क की सर्वेक्षण और सीमांकन की प्रक्रिया के बाद कार्रवाई शुरू की गई है। 6 अक्टूबर को उसने यह भी बताया कि लगभग 700 मीटर हिस्सा साफ किया जा चुका है और शेष काम के लिए चार सप्ताह और चाहिए।

अर्थात मामला अचानक पैदा हुआ नहीं है। इस सड़क की स्थिति, अतिक्रमण और सड़क की चौड़ाई को लेकर मामला काफी समय से न्यायालय के सामने है। जेडीए को भी यह सब ज्ञात ही होगा। इसलिए सवाल केवल यह नहीं है कि अतिक्रमण हटाया जाए या नहीं। सवाल यह भी है कि अतिक्रमण पैदा कैसे हुआ और इतने वर्षों तक बना कैसे रहा? यही वह प्रश्न है जिससे हम अक्सर बच निकलते हैं। कोई दुकान एक रात में फुटपाथ पर नहीं उग आती। कोई बरामदा, सीढ़ी या निर्माण अचानक सड़क की सीमा में नहीं पहुंच जाता। निर्माण धीरे–धीरे होता है, लोग उसमें पैसा लगाते हैं। कारोबार शुरू होता है। परिवार उससे अपनी रोजी–रोटी चलाने लगते हैं। कई बार वहां रहने वालों की एक पूरी पीढ़ी बीत जाती है। फिर यकायक एक दिन उन्हें बताया जाता है कि यह निर्माण अतिक्रमण है और इसे हटाना होगा। कानून की दृष्टि से यह बात सही हो सकती है। लेकिन जीवन की दृष्टि से कहानी इतनी भी सरल नहीं होती।

और यहीं एक सवाल और भी उठता है। अतिक्रमण तो हर जगह अतिक्रमण ही होता है। पूरे जयपुर शहर में क्या और कहीं अतिक्रमण नहीं है? प्रांत और राज्य के किसी भी कस्बे या शहर में देख लें, हर जगह अतिक्रमण ही अतिक्रमण नज़र आएंगे। उनको लेकर हमारा नज़रिया क्या है? क्या उन्हें हटाने के लिए भी कुछ किया जा रहा है? या इस बात का इंतज़ार है कि कोई उच्च न्यायालय कभी हुक्म दे तो कुछ किया जाए! तब तक जो चलता है चलता रहे! भले ही पीढ़ियां गुज़र जाए। फिर अचानक एक दिन हम जागेंगे और बुलडोज़र लेकर पहुंच जाएंगे! क्या यह बात तर्क संगत और न्याय पूर्ण लगती है?

**यदि ये अतिक्रमण इतने स्पष्ट थे तो इतने वर्षों तक क्या हो रहा था? आज जिस जगह को अवैध बताया जा रहा है, वहां कल तक कारोबार कैसे चलता रहा? यदि किसी व्यक्ति ने नियम तोड़ा है तो वह दोषी है। लेकिन यदि शासन-व्यवस्था ने उस उल्लंघन को वर्षों तक होते और बढ़ते देखा है, तो क्या उस व्यवस्था की कोई जिम्मेदारी नहीं है?**

फिर दुहरा दूं, मैं अतिक्रमण के पक्ष में नहीं हूं।

फिर मूल मुद्दे पर लौटते हैं। इस कार्रवाई के बीच त्योहारों का मौसम भी है। व्यापारियों ने भी कहा है कि इस समय कार्रवाई से उनका कारोबार और आजीविका प्रभावित होगी। यहां किसी को यह कहने का अधिकार नहीं कि व्यापारी इसलिए निर्दोष हैं क्योंकि वे व्यापारी हैं। यदि उन्होंने सचमुच सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण किया है तो उन्हें उसे हटाना ही चाहिए। लेकिन किसी व्यक्ति का अतिक्रमणकारी होना उसके मनुष्य होने के अधिकार को समाप्त नहीं करता। उसके साथ सम्मान से बात की जा सकती है। उसकी आपत्ति सुनी जा सकती है। उसे पर्याप्त समय दिया जा सकता है। सीमांकन पर विवाद हो तो उसे स्पष्ट किया जा सकता है। जहां संभव हो, वैकल्पिक व्यवस्था पर विचार किया जा सकता है। यह सब करना कानून के विरुद्ध नहीं है। बल्कि मेरे विचार में यह कानून को अधिक मानवीय ढंग से लागू करना है।

इस मामले में एक और बात सामने आई है जो और भी महत्वपूर्ण है। कुछ स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने कार्रवाई में की गई मार्किंग पर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि कुछ जगहों पर सीमांकन सही नहीं हुआ है और ऐसे निर्माण भी कार्रवाई की सीमा में आ गए हैं जिनके बारे में विवाद है। इन आरोपों की अंतिम सत्यता संबंधित संस्थाओं को ही स्पष्ट करनी होगी। लेकिन जहां ऐसी आपत्तियां उठ रही हों, वहां प्रशासन के लिए उन्हें सुनना और स्पष्ट करना क्या नामुमकिन है? आखिर बुलडोजर चलाने से पहले एक बार नाप लेना और यह सुनिश्चित करना कि किसी के साथ अन्याय न हो, कोई बहुत बड़ी प्रशासनिक मांग तो नहीं है। और यदि कोई निर्माण सचमुच सड़क की सीमा में आता है, तो उसे हटाया जाना चाहिए। इसमें कोई दो राय नहीं।

लेकिन यहां मैं प्रशासन से एक प्रश्न करना चाहता हूं–यदि ये अतिक्रमण इतने स्पष्ट थे तो इतने वर्षों तक क्या हो रहा था? आज जिस जगह को अवैध बताया जा रहा है, वहां कल तक कारोबार कैसे चलता रहा? निर्माण होते समय उस पर किसकी नजर थी? नक्शे और मास्टर प्लान किसलिए हैं? अतिक्रमण होने से रोकना प्रशासन की जिम्मेदारी है या केवल उसे वर्षों बाद गिराना ही उसकी ज़िम्मेदारी है? यदि किसी व्यक्ति ने नियम तोड़ा है तो वह दोषी है। लेकिन यदि शासन–व्यवस्था ने उस उल्लंघन को वर्षों तक होते और बढ़ते देखा है, तो क्या उस व्यवस्था की कोई जिम्मेदारी नहीं है?

यह सवाल अतिक्रमण का समर्थन नहीं करता। यह प्रशासनिक जवाबदेही का सवाल है।

अपन ने तो आदत ही बना ली है कि हम बीमारी का इलाज तब करते हैं जब वह गंभीर हो चुकी होती है। अतिक्रमण शुरू होते ही उसे रोकना कठिन लगता है; वर्षों बाद बुलडोजर भेजना आसान लगता है। पहले आंखें बंद कर लेना और फिर अचानक आंखें खोलकर कठोर कार्रवाई कर देना किसी भी स्वस्थ प्रशासन की निशानी तो नहीं हो सकती। अतिक्रमण–मुक्त जयपुर चाहिए तो हमें केवल पुराने अतिक्रमण नहीं हटाने होंगे। हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा किनए अतिक्रमण पैदा ही न हों। क्या इस दिशा में भी हम कुछ कर रहे हैं? करेंगे?

इसके लिए नियम सबके लिए समान होने चाहिए। प्रभावशाली व्यक्ति हो या सामान्य दुकानदार, किसी को सार्वजनिक भूमि पर कब्जा करने की छूट नहीं मिलनी चाहिए। लेकिन इसी के साथ प्रशासन को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। उसे समय रहते कार्रवाई करनी होगी। उसे स्पष्ट सीमांकन करना होगा। उसे नागरिकों को सुनना होगा। और जहां किसी कार्रवाई से किसी परिवार की रोजी–रोटी या आवास प्रभावित हो रहा हो, वहां मानवीय विकल्पों पर भी विचार करना होगा। किसी शहर को व्यवस्थित करने के लिए कठोरता की जरूरत होती है। लेकिन कठोरता और क्रूरता एक ही चीज नहीं हैं। यह अंतर हमें समझना होगा।

मैं नहीं चाहता कि जयपुर की या कहीं की भी सड़कें अतिक्रमण से भरी रहें। मैं चाहता हूं कि सड़कें अपनी निर्धारित चौड़ाई में हों। मैं चाहता हूं कि फुटपाथ पैदल चलने वालों के लिए हों। मैं चाहता हूं कि सार्वजनिक जमीन पर किसी का निजी कब्जा न हो। लेकिन मैं यह भी चाहता हूं कि यह सब करते हुए हमारा शहर अपने नागरिकों के प्रति संवेदनशून्य न हो जाए। किसी सड़क को चौड़ा करना उपलब्धि हो सकती है। किसी शहर को अतिक्रमण–मुक्त करना भी उपलब्धि हो सकती है। लेकिन यदि उस उपलब्धि के रास्ते में ऐसे परिवार खड़े हों जो अपने जीवन की जमा–पूंजी को बोरियों में भरकर दूसरी जगह ले जाने को मजबूर हों, तो हमें कम–से–कम एक क्षण रुककर यह जरूर पूछना चाहिए कि क्या इससे बेहतर तरीका नहीं हो सकता था?

क्योंकि शहर केवल सड़क, फुटपाथ, भवन और मास्टर प्लान का नाम नहीं है।

शहर उन लोगों का भी नाम है जो उसकी सड़कों के किनारे अपनी जिंदगी बिताते हैं।

अतिक्रमण हटाइए। जरूर हटाइए।

लेकिन ऐसा करते हुए यह मत भूलिए कि कानून का सबसे बड़ा उद्देश्य केवल जमीन को खाली कराना नहीं, मनुष्य के लिए एक न्यायपूर्ण और बेहतर समाज बनाना है।

अतिक्रमण के विरुद्ध होना जरूरी है। लेकिन अमानवीयता के विरुद्ध होना भी उतना ही जरूरी है।

पुनश्चः यह लिखते हुए समाचार मिला है कि जेडीए ने फिलहाल हाईकोर्ट में 14 अक्टोबर 26 को होने वाली सुनवाई तक अपनी कार्र्वाई रोक दी है।

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल,**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# समाजवाद के प्रणेता अहिंसावादी अग्रवंशी सम्राट महाराजा अग्रसेन



डॉ. जे. के. गर्ग

निर्विवाद रूप से किसी भी राष्ट्र या समाज एवं परिवार को उन्नत विकसित और कल्याणकारी बनाने के लिये उसके आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक स्तम्भों का मजबूत होना अति आवश्यक है। इन चारों स्तंभों को दृढ़ करके ही राष्ट्र को प्रगतिशील एवं विकसित देश बनाया जा सकता है।लगभग 5141वर्ष पूर्व महाराजा अठासेनजी इन्हीं चार स्तंभों को मजबूत कर समद्धशीली, कल्याणकारी समाजवादी एवं शक्तिशाली राज्य का निर्माण करने में सफल हुए थे। अग्रसेन एक पौराणिक कर्मयोगी लोकनायक होने के साथ साथ अहिंसा और समाजवाद के प्रणेता तपस्वी धर्म परायण दानवीर युग पुरुष थे जिनका जन्म द्वापर युग के अंत वह कलयुग के प्रारंभ में लगभग 5141 वर्ष पूर्व अश्विनशुक्ल प्रतिपदा के दिन प्रताप नगर के सूर्यवंशी राजा वल्लभसेन के यहाँ हुआ था उनकी माताजी का नाम भगवतीदेवी था। प्रतापनगर राजस्थान एवं हरियाणा राज्य के बीच सरस्वती नदी के किनारे स्थित हुआ करता था।

ऐसा भी कहा जाता है कि महाराजा अग्रसेन भगवान श्रीराम के पुत्र कुश की 34वीं पीढ़ी के थे। इस मान्यता के मुताबिक अग्रवंशी भगवान राम के वंशस होते है। कहा जाता हे कि महाभारत के दसवें दिन राजा वल्लभसेन वीर गति को प्राप्त हो गये थे।पन्द्रह वर्ष की अल्प आयु मे ही अग्रसेनजी ने महाभारत के धर्मयुद्ध में पांडवो की तरफ से भाग लिया था। भगवान श्रीकृष्ण भी उनकी बुद्धीमता, शोर्य, पराक्रम, समझबूझ से अत्यंत प्रभावित हुए थे और उन्होंने भविष्यवाणी की थी कि युवा अग्रसेन भविष्य में एक पराक्रमी सम्राट एवं युग पुरुष होंगे।

**विवाह–** युवा अग्रसेन ने सर्पों के राजा नागराज की बेटी राजकुमारी माधवी के स्वयंवर में अनेकों राजाओं, राजकुमारों और स्वर्ग के सम्राट इंद्रदेव के साथ भाग लिया था। इंद्र देवता राजकुमारी माधवी की सुंदरता पर मोहित थे इसीलिए एन केन प्रकारेण राजकुमारी माधवी से विवाह करना चाहते थे। स्वयंवर में राजकुमारी माधवी ने राजकुमार अग्रसेन का चयन कर उनका वरण किया। अग्रसेन माधवी के विवाह से दो विभिन्न संस्कृतियों एवं परिवारों का मिलन हुआ क्योंकि राजकुमार अग्रसेन जहाँ एक सूर्यवंशी थे वहीं राजकुमारी माधवी एक नागवंशी थी। राजकुमारी माधवी का विवाह अग्रसेन जी के साथ हो जाने से इंद्रदेव ने अपने आप को अपमानित महसूस किया और वे ईर्ष्या ग्रस्त होकर बहुत क्रोधित हुए और इन्द्र ने प्रताप नगर के निर्दोष स्त्री–पुरुषों,बालक–बालिकाओं को प्रताड़ित करने हेतु प्रताप नगर पर कई वर्षा तक बारिश नहीं होने दी जिससे प्रताप नगर में भयानक अकाल पड गया। सम्राट अग्रसेन ने अपनी प्रजा एवं प्रताप नगर की सुरक्षा और राजधर्म के पालनार्थ इंद्र के खिलाफ धर्मयुद्ध प्रारम्भ कर दिया। युद्ध में इंद्र की पराजय हुई। पराजित इंद्र ने नारदमुनि से अनुनय–विनय कर उनकी सम्राट अग्रसेन से सुलह कराने का निवेदन किया। नारद मुनि ने दोनो के बीच में मध्यस्थता करके सुलह करवा दी।

**भगवान शिव और माता लक्ष्मी की आराधना–** यहाँ यह स्मरण रखने वाली बात है कि महाभारत के युद्ध के कारण जन धन की बहुत तबाही हुई थी इसलिए अपने राज्य की खुशहाली के वास्ते महाराजा अठासेन ने काशी जाकर भगवान शिव की कठोर तपस्या की जिससे खुश हो कर भगवान शिवजी ने उन्हें दर्शन दिया और उनको आदेश दिया कि वे महालक्ष्मी जी की पूजा और ध्यान करे। अग्रसेन ने महालक्ष्मी की पूजा आराधना शुरू कर दी। माँ लक्ष्मी ने उनकी परोपकार हेतु की गई तपस्या से खुश होकर उन्हें दर्शन दिए और आदेश दिया कि वे अपना एक नया राज्य बनायें और क्षत्रिय परम्परा के स्थान पर वैश्य परम्परा अपना लें। माता लक्ष्मी ने उन्हें आशीर्वाद दिया कि उनके और उनके अनुयायियों को कभी भी किसी चीज की कमी नहीं होगी, वे सभी सदेव सुख सुविधा युक्त जीवन व्यापन करगें। लक्ष्मी माता का आदेश मान कर अग्रसेन महाराज ने क्षित्रय कुल को त्याग वैश्य धर्म को अपना लिया, इस प्रकार महाराजा अग्रसेन प्रथम वैश्य सम्राट बने।

**अग्रोहा शहर का जन्म–** देवी महालक्ष्मी से आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद राजा अग्रसेन ने नए राज्य की स्थापना एवं उस राज्य की राजधानी के चयन हेतु रानी माधवी के साथ भारत का भ्रमण किया, अपनी यात्रा के दौरान वे एक जगह रुके जहाँ उन्होंने देखा कि कुछ शेर और भेड़िये के बच्चे साथ खेल रहे थे। राजा अग्रसेन ने रानी माधवी से कहा के ये बहुत ही शुभ दैवीय संकेत है है जो हमें इस पुण्य भूमि पर हमारे राज्य की राजधानी को स्थापित करने का इशारा कर रहा है। ऋषि मुनियों और ज्योतिषियों की सलाह पर नये राज्य का नाम अग्रेयगण रखा गया जिसे कालान्तर में यह स्थान अग्रोहा नाम से जाना गया। अग्रोहा हरियाणा में हिसार के पास हैं। आज भी यह स्थान अग्रवाल समाज के लिए तीर्थ स्थान के समान है। यहां भगवान अग्रसेन, माता माधवी और कुलदेवी माँ लक्ष्मी जी के भव्य और दर्शनीय मंदिर है।

**समाजवाद के प्रेरणता–** महाराजा अग्रसेन जी के राज्य में यह परंपरा थी कि जो भी व्यक्ति या परिवार उनके राज्य में आकर बसता था, अग्रोहा के सभी निवासी नवागंतुक नागरिक को सम्मान और स्वागत के रूप में एक रुपया और एक ईंट भेंट करते थे। कहा जाता है कि उस समय अग्रोहा में लगभग एक लाख से अधिक परिवार बसते थे। इस प्रकार उनके राज्य में आने वाला हर नागरिक एक लाख रुपये तथा एक लाख ईंटों का स्वामी बन जाता था। इन रुपयों से वह अपना व्यवसाय प्रारम्भ कर लेता था वहीं ईंटों से अपना खुद का मकान बना लेता था। यही परंपरा समाजवाद की ही मिसाल है निसंदेह अग्रसेन जी ने विश्व में सबसे पहले समाजवादी राष्ट्र की स्थापना की थी।

पशु बलि बंद करने वाले प्रथम सम्राट कुलदेवी माता लक्ष्मी की कृपा से भगवान अग्रसेन के 18 पुत्र हुये। राजकुमार विभु उनमें सबसे बड़े थे। महर्षि गर्ग ने भगवान अग्रसेन के 18 पुत्र के साथ 18 यज्ञ करने का संकल्प करवाया। उन दिनो यज्ञों में पशुबलि दी जाती थी। जिस समय 18वें यज्ञ में जीवित पशुओं की बलि देने की तैयारी की जा रही थी उस वक्त एक घोडा बली के लिए लाया गया। महाराज अग्रसेन ने देखा कि घोड़े की निरीह आँखों से अविरल आंसू बह रे थे और वो निरीह पशु यज्ञ की वेदी से दूर जाने और वहां से भागने की कोशिश कर रहा था। इस दृश्य को देख कर महाराज अग्रसेन का दिल दया से भर गया और वे आहत भी हुए। उन्होंने सोचा कि ये कैसा यज् है जिसमें हम मूक जानवरों की बलि चढ़ाते है? महाराजा अग्रसेन ने पशु वध को बंद करने के लिये अपने मंत्रियों के साथ विचार–विमर्श किया और अपने मंत्रिमंडल के विचारों के विपरीत जाकर उन्हें समझाया कि अहिंसा कभी भी कमजोरी नहीं होती है बल्कि अहिंसा तो एक दूसरे के प्रति प्रेम और अपनापन जगाती है। महाराजा अग्रसेन ने तुरंत प्रभाव से मुनादी करवा दी की उनकेराज्य मे कभी भी कोई हिंसा और जानवरों की हत्या नहीं होगी। अग्रसेन जी अहिंसा परमो धर्म का संदेश देने वाले प्रथम महाराजा बन अहिंसा का संदेश उन्होंने भगवान बुद्ध और भगवान महावीर के अहिंसा के संदेश से 2500 साल पहले दे दिया था।

**शासन व्यवस्था–**भगवान अग्रसेन ने एक तांत्रिक शासन प्रणाली के स्थान पर एक नयी प्रजातांत्रिक राज्य व्यवस्था को जन्म दिया अग्रसेन जी ने वैदिक सनातन आर्य संस्कृति की मूल मान्यताओं को लागू कर राज्य के पुनर्गठन में कृषि व्यापार उद्योग, गौ पालन के विकास के साथ–साथ नैतिक मूल्यों की पुनः प्रतिष्ठा का बीड़ा उठाया। महाराजा अग्रसेन जी पहले शासक थे जिन्होंने सहकारिता के आदर्श को सामाजिक जीवन में प्रतिस्थापित किया। उन्होंने जीवन के सुख सुविधाओं एवं भोग विलास आदि पर धन के अपव्यय के स्थान पर जीवन में सादगी, सरलता और मितव्ययिता बरतने पर जोर दिया। अग्रसेन के मतानुसार व्यक्ति को अपनी उपार्जित आय को चार भागों में बांट कर एक भाग का उपयोग परिवार के संचालन हेतु, दूसरे भाग का उपयोग उद्योग व्यवसाय या जीविका चलाने हेतु, तीसरे भाग का उपयोग सार्वजनिक कार्यों तथा चौथे भाग का उपयोग बचत कर राष्ट्र की समृद्धि में करना चाहिये।

अग्रवाल के 18 गोत्र एवं उनका नामकरण हममें से अधिकाक्षं लोगों की मान्यता है कि अग्रवालों के 18 या साढ़े सत्तरह गोत्रो के नाम उनके 18 पुत्रों के नाम से रक्खें गये है किन्तु वास्तविकता में गोत्रो के नाम 18 यज्ञ करवाने वाले ऋषियों के नाम से है। महर्षि गर्ग ने भगवान अग्रसेन को 18 पुत्र के साथ 18 यज्ञ करने का संकल्प करवाया। माना जाता है कि इन 18 यज्ञों को ऋषि–मुनियों ने सम्पन्न करवाया और इन्हीं ऋषि–मुनियों के नाम पर ही अग्रवंश के गोत्रों का नामकरण हुआ। प्रथम यज्ञ के पुरोहित स्वयं गर्ग ऋषि बने, उन्होंने राजकुमार विभु को दीक्षित कर उन्हें गर्ग गोत्र से मंत्रित किया। इस प्रकार अग्रवालों के 18 गोत्र हैं यथा गर्ग, तायल, कुच्चल, गोयन, भंदेल, मंगल, मित्तल, बंसल, बिंदल, कंसल, नागल, सिंघल, गोयल, तिंगल, जिन्दल, धारण, मधुकुल, एरेन। ऋषियों द्वारा प्रदत्त अठारह गोत्रों को भगवान अग्रसेन के 18 पुत्रों के साथ भगवान द्वारा बसायी 18 बस्तियों के निवासियों ने भी धारण कर लिया एक बस्ती के साथ प्रेम भाव बनाये रखने के लिए एक सर्वसम्मत निर्णय हुआ कि अपने पुत्र और पुत्री का विवाह अपनी बस्ती में नहीं दूसरी बस्ती में करेंगे। आगे चलकर यह व्यवस्था गोत्रों में बदल गई जो आज भी में प्रचलित है। राज्य के उन्हीं 18 गणों से एक–एक प्रतिनिधि लेकर उन्होंने लोकतांत्रिक राज्य की स्थापना की, जिसका स्वरूप आज भी हमें भारतीय लोकतंत्र के रूप में दिखाई पडता है। महाराजा अग्रसेन ने परिश्रम से खेती, व्यापार एवं उद्योगों से धनोपार्जन के साथ–साथ उसका समान वितरण और आय से कम खर्च करने पर बल दिया। जहां एक ओर अग्रसेन जी ने वैश्य जाति को न्याय पूर्ण व्यवसाय का प्रतीक तराजू प्रदान किया वहीं दूसरी ओर उन्होंने अपनी प्रजा को आत्मरक्षा के लिए शास्त्रों के उपयोग की शिक्षा भी प्रदान करवाई थी। कुलदेवी महालक्ष्मी से परामर्श पर वे आग्रेय गणराज्य का शासन अपने ज्येष्ठ पुत्र विभु के हाथों में सौंपकर तपस्या करने चले गए।

वर्तमान में अग्रवंशियो की संख्या लगभग आठ करोड़ है। अग्रसेन जी के वंशज आज भी उन्हीं की विचारधारा से प्रभावित होकर जनकल्याण के हितार्थ धर्मशाला, मंदिर, अनाथालय, अस्पताल पुस्तकालय, स्कूल एवं कालेज की स्थापना करने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं।

सच्चाई तो यही है कि महाराजा अठासेन ने अपने विशाल परिवार को हमेशा एकता के सूत्र मे बांध कर एकजुट रक्खा। इसलिए सम्राट अग्रसेनजी ने अपने आपको एक महान एवं सफल मेनेजमेंट गुरु के रूप में स्थापित किय। महाराजा अग्रसेन ओर माता माधवी ने अपने सभी 18 पुत्रों को श्रेष्ठतम संस्कार प्रदान किये थे। महाराजा अग्रसेन को समाजवाद का प्रवर्तक, अहिसां के पुजारी, सुयोग्य प्रशासक एवं आदर्श मेनेजमेंट गुरु के रूप में जाना जाता है आठ करोड़ से ज्यादा अग्रवालों के लिये उनके सिद्धांत हमेशा अनुकरणीय और प्रेरक बने रहेगें। याद करने योग्य बात यह भी है सम्राट अकबर के नवरत्नों में दो नवरत्न अग्रवाल थे। अग्रसेनजी के 5141वें जन्मदिवस पर कोटि कोटि प्रणाम।

**–डॉ. जे. के. गर्ग,**
**पूर्व संयुक्त निदेशक कालेज शिक्षा जयपुर**

# सत्यमेव बायोमेट्रिक जयते



**प्रोफेसर अशोक कुमार**

प्राफसर कुमार राजकाय महाविद्यालय में समाजशास्त्र के प्राध्यापक थे। नए–नए आए थे, इसलिए सीने में उसूलों की धड़कन अभी तेज थी। उन्हें लगता था कि शिक्षक का काम केवल तनख्वाह उठाना नहीं, बल्कि उस कक्षा में बैठकर देश की नई पीढ़ी की रीढ़ मजबूत करना है।

समस्या बस एक थी–कक्षा में कुर्सियां अक्सर खाली मिलती थीं। शहर के कोचिंग संस्थानों के चमकीले विज्ञापनों और प्रतियोगी परीक्षाओं के भारी दबाव ने डिग्री कॉलेजों को केवल परीक्षा केंद्र बनाकर छोड़ दिया था। साठ नामांकित विद्यार्थियों में से बमुश्किल आठ या दस ही कभी–कभार नजर आते। प्रोफेसर कुमार रोज पूरी तैयारी के साथ जाते, श्यामपट्ट पर चॉक से लिखते, उन दस छात्रों को भी पूरी शिद्दत से पढ़ाते, और अंत में हाजिरी रजिस्टर खोलकर केवल उन्हीं के नाम के आगे दर्ज करते जो वास्तव में सामने बैठे थे।

एक दिन अचानक चपरासी हांफता हुआ आया, "प्रोफेसर कुमार, प्राचार्य साहब ने तुरंत अपने कक्ष में बुलाया है। रजिस्टर भी साथ ले जाने को कहा है।"

प्रोफेसर कुमार को लगा शायद पाठ्यक्रम या किसी नए सेमिनार पर चर्चा होगी। वे आत्मविश्वास के साथ प्राचार्य कक्ष में दाखिल हुए।

प्राचार्य जी अपनी घूमती हुई कुर्सी पर टिके थे। मेज पर चारों प्राध्यापकों के उपस्थिति रजिस्टर खुले पड़े थे। प्राचार्य जी के माथे पर गहरी शिकन थी। उन्होंने चश्मा नाक पर टिकाते हुए प्रोफेसर कुमार को देखा और बिना किसी भूमिका के बोले, "प्रोफेसर कुमार जी, कॉलेज में चार विभाग हैं। देखिए, बाकी तीनों विभागों के रजिस्टरों में छात्रों की उपस्थिति निन्यानवे से सौ प्रतिशत के बीच है। और आपके रजिस्टर में? केवल पंद्रह प्रतिशत! यह क्या मजाक है?"

"सर, मैं तो बस वही लिखता हूँ जो सच है," प्रोफेसर कुमार ने शालीनता से कहा। "क्लास में लड़के आते ही नहीं। सब कोचिंग सेंटरों में व्यस्त रहते हैं।"

प्राचार्य जी का चेहरा सख्त हो गया। उन्होंने अपनी आवाज को थोड़ा भारी करते हुए कहा, "लड़के क्यों नहीं आते प्रोफेसर कुमार? इसका सीधा मतलब यह निकलता है कि या तो आप पढ़ाते अच्छा नहीं हैं, या फिर आपको अपने विषय का ज्ञान नहीं है। देखिए, बाकी तीनों शिक्षक कितने लोकप्रिय हैं! उनकी कक्षाएं पूरी भरी रहती हैं। अगर छात्र आपकी कक्षा का बहिष्कार कर रहे हैं, तो कमी तंत्र में नहीं, आपमें है।"

प्रोफेसर कुमार अवाक रह गए। "लेकिन सर, वास्तविकता तो यह है कि–...."

"मुझे वास्तविकता की थ्योरी मत पढ़ाइए," प्राचार्य जी ने बात बीच में ही काट दी। "फाइलें ऊपर जाती हैं। उच्च शिक्षा निदेशालय से कभी भी ऑडिट टीम आ सकती है। आपके पंद्रह प्रतिशत की वजह से पूरा कॉलेज कटघरे में खड़ा होगा। अगर आप अपनी कक्षाएं नहीं चला पा रहे, तो मुझे आपकी वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट में लिखना पड़ेगा कि आप अध्यापन कार्य में अक्षम हैं। फिर सेवा पुस्तिका पर लाल स्याही लगेगी, प्रमोशन रुकेगा और दूरदराज के किसी इलाके में तबादला भी हो सकता है। अब आप खुद सोच लीजिए।"

कमरे में सन्नाटा छा गया। एयर कंडीशनर की हल्की घुरघुराहट के बीच प्रोफेसर कुमार को लगा जैसे उनकी बरसों की पढ़ाई, उनका स्वाभिमान और उनकी ईमानदारी किसी गहरी खाई में गिर रहे हों। वे उस सच के बोझ तले दब रहे थे जिसे कोई देखना ही नहीं चाहता था। उन्हें घर में बैठी अपनी बीमार माँ, छोटे बच्चों की स्कूल फीस और उस दूरदराज के कस्बे का खौफनाक ख्याल आया जहां तबादले की धमकी दी गई थी।

प्रोफेसर कुमार ने गहरी सांस ली। उनका गला सूख चुका था।

"सर... मुझे पाँच मिनट दीजिए। मैं अभी आता हूँ," प्रोफेसर कुमार ने धीमी, टूटी हुई आवाज में कहा।

वे रजिस्टर उठाकर बाहर आए। स्टाफ रूम का कोना खाली था। प्रोफेसर कुमार ने अपनी जेब से वही नीली स्याही वाला पेन निकाला जिससे वे ईमानदारी की लकीरें खींचा करते थे। हाथ कांप रहे थे, लेकिन कलम तेजी से चलने लगी। पन्ने दर पन्ने, खाली खानों में एक लय के साथ अंकित होता चला गया। जो छात्र महीनों से शक्ल तक नहीं दिखाए थे, वे भी कागजों पर उस कक्षा में जिंदा हो गए।

दस मिनट बाद प्रोफेसर कुमार दोबारा प्राचार्य कक्ष में थे। उन्होंने रजिस्टर मेज पर रख दिया।

प्राचार्य जी ने रजिस्टर के पन्ने पलटे। हर नाम के आगे नीली स्याही से दर्ज उपस्थिति सौ प्रतिशत चमक रही थी। प्राचार्य जी के चेहरे का तनाव गायब हो गया। एक संतुष्ट मुस्कान उनके होठों पर तैर गई।

उन्होंने तुरंत एक सफेद कागज निकाला, अपनी कीमती फाउंटेन पेन से प्रोफेसर कुमार की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट लिखीः–

अत्यंत कर्मठ, विषय के निष्णात और छात्रों में बेहद लोकप्रिय प्राध्यापक। उत्कृष्ट कार्यप्रदर्शन।

हस्ताक्षर करके प्राचार्य जी ने फाइल बंद की और मुस्कुराते हुए प्रोफेसर कुमार की पीठ थपथपाई, "यह हुई न बात! इसे कहते हैं संस्था के प्रति निष्ठा। अब जाइए, समाजशास्त्र की अगली कक्षा का समय हो गया है।"

प्रोफेसर कुमार शून्य में ताकते हुए बाहर निकल आए। कॉरिडोर की दीवार पर महात्मा गांधी का एक सुविचार लिखा टंगा था–सत्य ही ईश्वर है! सत्यमेव बायोमेट्रिक जयते!

**–प्रोफेसर अशोक कुमार,**
**पूर्व कुलपति कानपुर,**
**गोरखपुर विश्वविद्यालय**

# अलवर में पहाड़ियों के बीच स्थित करणी माता का मेला शुरू

**अलवर।** नवरात्र के पहले दिन के साथ ही अलवर की पहाड़ियों पर स्थित करणी माता मंदिर मेले की शुरूआत हो गई है। सुबह से ही माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा भी सुबह मंदिर पहुंचे। उन्होंने विधिवत पूजा–अर्चना कर माता के दर्शन किए। वन मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि पहाड़ियों के बीच स्थित करणी माता मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। नवरात्र के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से मंदिर परिसर और आसपास के प्राकृतिक क्षेत्र को स्वच्छ रखने तथा पॉलिथीन का उपयोग नहीं करने की अपील की। वन मंत्री ने बताया कि बाला किला क्षेत्र में बाघिन अपने दो शावकों के साथ घूम रही है। ऐसे में श्रद्धालु वन विभाग और जिला प्रशासन की ओर से निर्धारित रास्तों का ही उपयोग करें। जंगल के प्रतिबंधित क्षेत्रों में जाने से बचें। पैदल आने वाले श्रद्धालुओं को समूह में चलने की सलाह दी गई है, ताकि किसी अप्रिय घटना की आशंका को टाला जा सके। बाघिन की गतिविधियों को देखते हुए करणी माता मंदिर मार्ग पर वाहनों की आवाजाही के लिए भी व्यवस्था की गई है। दुपहिया वाहन सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक ही प्रवेश कर सकेंगे। वहीं, चौपहिया वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगा। प्रतापबंध के पास वन विभाग के नाके से आगे जाने की अनुमति नहीं होगी। वन विभाग ने बाला किला की सुरक्षा दीवार पर खड़े होकर सेल्फी लेने से भी मना किया है। विभाग के अनुसार, दीवार कमजोर है। ऐसे में यहां खड़े होकर फोटो खिंचवाना जोखिम भरा हो सकता है।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

**सोमवार 12 अक्टूबर, 2026**

आश्विन मास, शुक्ल पक्ष, द्वितीया तिथि, सोमवार, विक्रम संवत–2083, स्वाती नक्षत्र रात्रि 11:52 तक, विष्कुम्भ योग रात्रि 8:32 तक, बालव करण प्रातः 9:52 तक, चन्द्रमा आज तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति–** सूर्य–कन्या, चन्द्रमा–तुला, मंगल–कर्क, बुध–कन्या, गुरू–कर्क, शुक्र–तुला, शनि–मीन, राहु–कुम्भ, केतु–सिंह

आज यमघट योग रात्रि 11:52 से सूर्योदय तक है। आज चन्द्र दर्शन उत्तर श्रृंगोन्नति है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया–** अमृत सूर्योदय से 7:54 तक, शुभ 9:24 से 10:47 तक, चर 1:40 से 3:06 तक, लाभ अमृत 3:06 से सूर्यास्त तक।

**राहुकाल–** 7:30 से 9:00 तक, सूर्योदय 6:28, सूर्यास्त 5:58

**मेष**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**वृष**
मित्रों/रिश्तेदारों से चल रहे आपसी मतभेद दूर होने लगेंगे। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
मित्रों/रिश्तेदारों से चल रहे आपसी मतभेद दूर होने लगेंगे। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
घर–परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।

**सिंह**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों एवं व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में सुख–सुविधाओं में वृद्धि होगी।

**तुला**
मानसिक तनाव दूर होगा। मनः स्थिति में सुधार होगा। आज आवश्यक एवं धार्मिक कार्य शीघ्रता से सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक**
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**धनु**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**कुंभ**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा में परेशानी हो सकती है।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 77 संख्याः 72 प्रभात जयपुर, सोमवार 12 अक्टूबर, 2026 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBIT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot



**The US Pullout From Iraq A Tipping Point**

For many Americans, Iraq is the one of the "forever wars" and the US withdrawal from Iraq aligns with President Donald Trump's vision

**Veggie Delight**

**Drawers From India to Europe**

# सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के अधिकारियों से अवमानना पर जवाब मांगा

## उच्च न्यायालय ने कहा, गैर कानूनी तरीके से हिरासत में न लिया जाए, रेल -मैट्रो व इंटरनैट सेवाएं बहाल रखें

नई दिल्ली, 11 अक्टूबर। उच्चतम न्यायालय ने रविवार को दिल्ली में विरोध प्रदर्शनों के दौरान 10 अक्टूबर को मेट्रो स्टेशन बंद करने के खिलाफ दायर अवमानना याचिका पर विशेष सुनवाई की। जस्टिस जॉयमाल्या बागची की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि मेट्रो और रेल सेवाएं सामान्य रूप से चलेंगी, सिवाय तब के जब संविधान के अनुच्छेद 19(2) के तहत सार्वजनिक व्यवस्था में खलल को ध्यान में रखते हुए नियम लागू करने की जरूरत हो। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली के अधिकारियों से जवाब मांगा कि उनके खिलाफ कोर्ट की अवमानना की कार्रवाई क्यों न की जाए।

■ **अवमानना याचिका पर आदेश देते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि कानून द्वारा तय प्रक्रिया के बिना किसी को गैरकानूनी रुप से हिरासत में नहीं लिया जायेगा तथा कानून के अनुसार लोगों को इकट्ठा होने की अनुमति होगी।**

कोर्ट ने कहा कि ट्रैफिक नियमों के तहत शहर में लोगों की आवाजाही की अनुमति होगी। शहर में लोगों की सुचारू आवाजाही में कोई बाधा नहीं डाली जाएगी और कानून के अनुसार इसकी अनुमति होगी। कोर्ट ने कहा कि कानून-व्यवस्था और ट्रैफ़िक की अन्य स्थितियों को ध्यान में रखते हुए, बैरिकेड्स लगाने की ज़रूरत की तुरंत समीक्षा की जाए।

कोर्ट ने कहा कि इंटरनेट सुविधाएं बिना किसी रुकावट के जारी रहेंगी। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि कानून द्वारा तय प्रक्रिया के बिना किसी को गैरकानूनी रूप से हिरासत में नहीं लिया जाएगा, खासकर उन इलाकों के बाहर जहां लोगों के जमा होने पर रोक लगाई गई है। कोर्ट ने कहा कि कानून के मुताबिक लोगों को इकट्ठा होने की अनुमति होगी, खासकर उन इलाकों के बाहर जहां धारा 163 लागू है, वहां शांतिपूर्ण ढ ंग से इकट्ठा होने की अनुमति कानून के मुताबिक दी जाएगी।

कोर्ट ने यह भी आदेश दिया कि उच्चतम न्यायालय के बाहर लगा वह बोर्ड हटा दिया जाए, जिस पर लिखा था कि धारा 163 लागू कर दी गई है, जिसके तहत पांच या उससे ज़्यादा लोगों के इकट्ठा होने पर रोक है। कोर्ट ने प्रदर्शनकारियों को यह भी याद दिलाया कि विरोध-प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढ ंग से होने चाहिए और उनसे दूसरों को उकसावा नहीं मिलना चाहिए।

उच्चतम न्यायालय में शलभमणि त्रिपाठी की अवमानना याचिका के अलावा तृणमूल कांग्रेस की सांसद और वरिष्ठ वकील मेनका गुरुस्वामी ने भी याचिका दायर की थी। इसमें विरोध प्रदर्शनों के दौरान विपक्षी नेताओं (जिनमें चार पूर्व मुख्यमंत्री भी शामिल थे) और अन्य लोगों की एहतियाती हिरासत को चुनौती दी गई थी। याचिका में व्यक्तिगत स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार से जुड़े सवाल उठाए गए थे।

अमन प्रसाद की ओर से दायर याचिका में दिल्ली पुलिस कमिश्नर अनुराग कुमार के खिलाफ अवमानना का आरोप लगाया गया था। याचिका में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस की अत्यधिक कार्रवाई का आरोप लगाया गया। याचिका में आरोप लगाया गया था कि निहत्थे लोगों के साथ मारपीट की गई और उन्हें हिरासत में लिया गया, पुलिसकर्मी बिना पहचान-पत्र बैज के काम कर रहे थे और महिला प्रदर्शनकारियों के साथ पुरुष अधिकारियों ने दुर्व्यवहार किया।

# मुख्यमंत्री ने शारदीय नवरात्र की शुभकामनाएं दीं

जयपुर, 11 अक्टूबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को शारदीय नवरात्र स्थापना पर मुख्यमंत्री निवास स्थित मां राज राजेश्वरी मंदिर में सपत्नीक विधिवत रूप से पूजा-अर्चना की तथा आमजन की खुशहाली के लिए कामना की।

उन्होंने समस्त प्रदेशवासियों को नवरात्र पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री निवास के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# नेपाल की बूढ़ीगंडकी नदी में बाढ़, 6 पुल बहे

काठमांडू, 11 अक्टूबर। नेपाल में बूढ़ीगंडकी नदी में आई बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। बाढ़ में छह पुल बह गए हैं, जबकि कम से कम 10 लोग लापता बताए जा रहे हैं। गोरखा जिले के सहायक प्रमुख जिला अधिकारी नेत्रप्रसाद शर्मा के अनुसार, बाढ़ में दो मोटर पुल और चार झूला पुल बह गए हैं। उन्होंने बताया कि आरुघाट और धादिंग के त्रिपुरासुंदरी को जोड़ने वाला

■ **अधिकारियों के अनुसार करीब 10 लोग लापता हैं तथा 35 घर बह गये हैं।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# विपक्ष और युवाओं के साथ 12 को सुप्रीम कोर्ट तक मार्च करेंगे- राहुल

## उन्होंने कहा कि मुख्य न्यायाधीश को वोट-चोरी, एसआईआर व ज्ञानेश कुमार पर ज्ञापन देंगे

नई दिल्ली, 11 अक्टूबर। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को पुलिस और भाजपा के कार्यकर्ताओं पर दिल्ली में युवाओं के प्रदर्शन के दमन का आरोप लगाया। इसके साथ ही उन्होंने एसआईआर विवाद और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर 12 अक्तूबर को सुप्रीम कोर्ट तक मार्च निकाले जाने का एलान किया।

■ **कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह मार्च पार्टी, लिंग, जाति, समुदाय व राज्य की सीमाओं से ऊपर उठकर भारतीय नागरिकों के रुप में निकाला जायेगा।**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि सोमवार को विपक्षी दलों, युवाओं और नागरिक समाज के संगठनों के साथ वे सुप्रीम कोर्ट तक मार्च करेंगे। उन्होंने कहा कि यह मार्च पार्टी, लिंग, जाति, समुदाय और राज्य की सीमाओं से ऊपर उठकर भारतीय नागरिकों के रूप में निकाला जाएगा।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, शनिवार को दिल्ली में देश का युवा शांतिपूर्ण विरोध के लिए सड़कों पर उतरा। उनके दिलों में नफरत या गुस्सा नहीं, मोहब्बत थी।

लेकिन उन्हें पुलिस और भाजपा के गुंडों, दोनों ने पीटा। ऐसा भारत हम नहीं चाहते। सोमवार 12 अक्तूबर को, हम भारतीय होने के नाते सुप्रीम कोर्ट तक मार्च करेंगे।

पार्टी, महिला-पुरुष, जाति, समुदाय और राज्य की हर दीवार से ऊपर उठकर, हम सब एक साथ चलेंगे।

कांग्रेस सांसद ने आगे कहा, देश का युवा, तमाम विपक्षी दल, सिविल सोसाइटी और लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले, भारत के संविधान के साथ खड़े सभी लोग हमारे साथ चलेंगे। हम देश की ओर से मुख्य न्यायाधीश को एक ज्ञापन सौंपेंगे। हमारी मांग है - वोट चोरी बंद हो, एसआईआर पर रोक लगे और ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दें।

# इंडिगो की उड़ान में आग लगी, हैदराबाद में आपात लैंडिंग

हैदराबाद, 11 अक्टूबर। दिल्ली से चेन्नई जा रही इंडिगो की एक फ्लाइट में रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब विमान के अंदर यात्रियों का सामान रखने वाली जगह पर आग लग गई। जानकारी के मुताबिक, एक यात्री के पावर बैंक में खराबी के कारण यह घटना हुई। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विमान को हैदराबाद की ओर मोड़ दिया गया। वहां राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमान की सुरक्षित लैंडिंग कराई गई।

इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई6115 एयरबस ए321-251एन विमान से संचालित हो रही थी। विमान को दिल्ली से दोपहर 1:10 बजे रवाना होना था, लेकिन इसने 1:30 बजे उड़ान भरी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ज़ैलैंस्की के स्थान पर यूक्रेन में नया राष्ट्रपति लाना चाहते हैं ट्रंप

## उन्होंने कहा कि ज़ैलैंस्की की अक्षमता के कारण यूक्रेन ने अपना 30 प्रतिशत भूभाग खो दिया

वाशिंगटन, 11 अक्टूबर। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप में सुझाव दिया है कि यूक्रेन के लिए नया राष्ट्रपति चुनने के समय आ गया है। उन्होंने रूस के साथ युद्ध खत्म करने के लिए समझौता करने में मौजूदा नेता जैलैंस्की की अक्षमता का हवाला दिया।

■ **राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि उन्होंने रुस के साथ डीज़ल की आपूर्ति के लिये समझौता किया है। अमेरिका में मध्यावधि चुनाव से पहले ऊर्जा की कीमत कम करने के लिये यह कदम उठाया है।**

ट्रंप ने शनिवार को वाइट हाउस में कहा कि मेरा सुझाव है कि उन्हें एक ऐसा नया नेता चुनना चाहिए जो समझौता कर सके। न जाने क्यों जैलैंस्की ऐसा कभी नहीं करते।

ट्रंप के मुताबिक, अगर 2022 में वे अमेरिकी राष्ट्रपति होते तो रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू ही नहीं होता।

ट्रंप ने कहा कि, यूक्रेन और रूस के बीच उस युद्ध के शुरू होने की कोई वजह नहीं थी। यह अक्षमता के कारण शुरू हुआ। जैलैंस्की ने अपने देश का 30 प्रतिशत हिस्सा खो दिया और दोनों देशों के बीच दस लाख से ज्यादा लोग इधर-उधर हुए, 20 लाख से ज्यादा लोग मारे गए।

ट्रंप की ये टिप्पणियां जैलैंस्की द्वारा अमेरिका-रूस डीज़ल समझौते की आलोचना करने के एक दिन बाद आईं। उन्होंने आरोप लगाया कि मॉस्को यूक्रेन पर हमला करके समझौते के लिए अपना धन्यवाद जाहिर कर रहा था।

जैलैंस्की ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज, रूस ने जापोरिज्जिया में रिहायशी इमारतों पर पांच ग्लाइड बम गिराकर डीजल निर्यात पर प्रतिबंध हटाने के लिए अपना धन्यवाद जाहिर किया।

ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने रूस के साथ डीजल की बड़ी आपूर्ति के लिए समझौता किया है। उन्होंने मध्यावधि चुनावों से पहले ऊर्जा की कीमतें कम करने के प्रयास में मॉस्को पर लगे युद्ध-संबंधी प्रतिबंधों में ढ ील दी थी।

# ट्रंप ने रुस-यूक्रेन के बीच ऊर्जा सीज़फायर की घोषणा की

वॉशिंगटन, 11 अक्टूबर। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने रूस और यूक्रेन के बीच ऊर्जा ठिकानों पर हमले रोकने के लिए तत्काल प्रभाव से सीज़फायर लागू होने का दावा किया है। वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर

■ **ज़ैलैंस्की ने कहा कि यदि रुस 60 दिन के पूर्ण सीज़फायर पर सहमत हो तो हम चुनाव करा सकते हैं।**

जैलैंस्की ने कहा है कि अगर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 60 दिनों के पूर्ण युद्धिवराम पर सहमत होते हैं, तो यूक्रेन में चुनाव कराने की व्यवस्था की जा सकती है।

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर लिखा, "तत्काल प्रभाव से रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध में ऊर्जा सीजफायर लागू है। दोनों पक्ष सहमत हो गए हैं। इसका उल्लंघन न करें! इस मामले पर ध्यान देने के लिए

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# दिल्ली में दूसरे दिन 100 प्रदर्शनकारी गिरफ्तार

## रविवार को प्रदर्शनकारियों ने विभिन्न स्थानों से जंतर-मंतर की ओर मार्च का प्रयास किया

नई दिल्ली, 11 अक्टूबर। राजधानी दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के आव्हान पर हो रहा विरोध प्रदर्शन रविवार को भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दूसरे दिन में प्रवेश कर गया। खास बात यह है कि रविवार को ही सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि शांतिपूर्ण तरीके से एकत्र होने वाले लोगों को कानून में निर्धारित उचित प्रक्रिया के बिना हिरासत में नहीं लिया जाना चाहिए। अदालत के इन सख्त दिशा-निर्देशों के बावजूद, पुलिस प्रशासन द्वारा आज जंतर-मंतर की ओर मार्च कर रहे 100 से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया गया।

■ **प्रदर्शन में स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया, ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन, क्रांतिकारी युवा संगठन सहित कई छात्र संगठनों के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।**

रविवार को प्रदर्शनकारियों ने विभिन्न हिस्सों से जंतर-मंतर की ओर मार्च करने की कोशिश की, कनॉट प्लेस के इनर सर्किल, राजीव चौक और आरके आश्रम मार्ग मेट्रो स्टेशन के पास भारी गहमागहमी देखने को मिली। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की। सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने का प्रयास किया, जिसके चलते कई जगहों पर तीखी झड़पें हुईं।

इस प्रदर्शन में स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई), ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (एआईएसए) और क्रांतिकारी युवा संगठन (केवाईएस) सहित कई छात्र संगठनों के कार्यकर्ता शामिल थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अकेले आरके आश्रम मार्ग के पास से 40 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया, जबकि पूरे शहरभर में दिनभर चली कार्रवाई में हिरासत में लिए गए लोगों का आंकड़ा 100 के पार पहुंच गया।

सीपीआई (एण) के राज्यसभा सांसद जॉन ब्रिटास को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया। एसएफआई ने आरोप लगाया है कि उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष आदर्श एम साजी, दिल्ली राज्य सचिव सूरज एलामोन और अन्य नेताओं को बेरहमी से हिरासत में लिया गया।

एआईएसए अध्यक्ष नेहा बोरा को विजय चौक के पास से हिरासत में लिया गया। इसके अलावा, निगमबोध घाट के पास नावों पर सवार होकर विरोध प्रदर्शन कर रहे केवाईएस सदस्यों और गुरुद्वारा बंगला साहिब के पास शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों को भी पुलिस ने अपनी हिरासत में ले लिया।

# अक्टूबर में ही हिमाचल के पहाड़ों पर बर्फ पड़ी

शिमला, 11 अक्टूबर। हिमाचल प्रदेश में अक्टूबर में ही पहाड़ बर्फ से लकदक होने लगे हैं और शीतलहर तेज हो गई है। रविवार को लाहौल-स्पीति, किन्नौर और कुल्लू के ऊंचे इलाकों में हिमपात हुआ, जबकि राज्य के निचले क्षेत्रों में झमाझम बारिश से ठंड बढ़ गई। बारिश और बर्फबारी से प्रदेश का औसत अधिकतम तापमान 6.7 डिग्री सेल्सियस लुढ़ककर सामान्य से 7.3 डिग्री नीचे पहुंच गया है।

■ **पारा सामान्य से 7.3 डिग्री नीचे पहुँचा**

राजधानी शिमला में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग ने 12 से 15 अक्टूबर तक अलग-अलग जिलों में अंधड़ और बिजली गिरने का येलो अलर्ट जारी किया है।

प्रदेश के ऊंचे पर्वतीय क्षेत्रों में ताजा हिमपात से सर्दी का असर बढ़ गया है। रोहतांग दर्रे और शिंकुला सहित लाहौल-स्पीति, किन्नौर तथा कुल्लू के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हुई। वहीं, निचले और मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश का दौर जारी रहा। राजधानी शिमला में रविवार को दोपहर के समय अचानक आसमान में घने बादल छा गए और तेज बारिश शुरू हो गई। दिन में अंधेरा छाने से वाहन चालकों को लाइटें जलाकर चलना पड़ा। बारिश के बाद तापमान में गिरावट से ठंड बढ़ गई और लोगों को गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा।

# बार काउंसिल ऑफ राजस्थान को मिला नया नेतृत्व

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 10 अक्टूबर। बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के पदाधिकारियों का चुनाव शनिवार को जोधपुर में संपन्न हुआ। अजमेर के अधिवक्ता योगेन्द्र सिंह शक्तावत को चेयरमैन और जोधपुर की अधिवक्ता अंजलि कौशिक को वाइस-चेयरमैन चुना गया।

इसके साथ ही जोधपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश पंवार को बार काउंसिल ऑफ इंडिया में राजस्थान का प्रतिनिधि (सदस्य) निर्वाचित किया गया है। परिषद के 4 को-चेयरमैन भी चुने गए हैं। इनमें जयपुर की वरिष्ठ अधिवक्ता गायत्री राठौड़, जयपुर के अधिवक्ता सतीश कुमार खंडेल, जोधपुर के अधिवक्ता रताना राम तोलिया और बाड़मेर की अधिवक्ता अनामिका सांदू शामिल हैं। चुनाव परिणाम की अधिसूचना बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के कार्यवाहक सचिव विकास ढाका के हस्ताक्षर से जारी की गई। अधिसूचना की प्रति बार

■ **योगेन्द्र सिंह शक्तावत बने चेयरमैन**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# महाराज विनायक सोसायटी के रिकॉर्ड में कूटरचना का आरोप, 9 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

## समिति पदाधिकारियों के नाम बदलने, फर्जी बैठकों और दस्तावेजों के द्वारा बैंक खातों व संपत्तियों पर कब्जा करने की कोशिश का आरोप

जयपुर, 11 अक्टूबर (कासं)। राजधानी जयपुर की महाराज विनायक सोसायटी के दस्तावेजों में गड़बड़ी करके समिति पदाधिकारियों के नाम बदलने और संस्था की संपत्तियों पर कब्जे की कोशिश का मामला सामने आया है। इस संबंध में सोसायटी के कोषाध्यक्ष विशाल जैफ ने ज्योति नगर थाने में 7 अक्टूबर को एफआईआर दर्ज करायी है। उन्होंने अपनी शिकायत में सोसायटी के पूर्व सचिव विकास जैफ, उनकी पत्नी पिंकी जैफ, बेटी तेजस्विनी जैफ सहित 9 लोगों के खिलाफ परिवाद दिया है।

शिकायतकर्ता विशाल जैफ ने एफआईआर दर्ज करायी है कि, महाराज विनायक सोसायटी का पंजीकृत कार्यालय लालकोठी स्थित महेश कॉलोनी में है। सोसायटी के सचिव रहे विकास जैफ ने कथित तौर पर फर्जी प्रस्तावों और दस्तावेजों के आधार पर खुद को अध्यक्ष, पत्नी पिंकी जैफ को सचिव और बेटी तेजस्विनी जैफ को कोषाध्यक्ष दर्शा दिया। आरोप है कि रजिस्ट्रार पोर्टल पर संस्था के दस्तावेज उन्होंने खुद की निजी एसएसओ आईडी से अपलोड किए। शिकायत में 13 और

■ **एफआईआर में विकास जैफ पर आरोप है कि उन्होंने रजिस्ट्रार पोर्टल पर खुद की निजी एमएसओ आईडी की मदद से महाराज विनायक सोसायटी में संबंधित दस्तावेज बदलकर फर्जी प्रस्तावों और दस्तावेजों को अपलोड किया और स्वयं को सोसायटी का अध्यक्ष दर्शाया।**

21 अगस्त 2026 को कथित फर्जी बैठकें दर्शाने, सदस्यों को नोटिस नहीं देने तथा बैठक में सदस्यों को हटाने का एजेंडा नहीं होने के बावजूद ऐसे प्रस्ताव पारित दिखाने का आरोप लगाया गया है। आरोप है कि इन फर्जी दस्तावेजों के जरिए पुराने बैंक खाते बंद कर नए खाते खोलने और हस्ताक्षरकर्ताओं को बदलने के प्रस्ताव दर्शाने तथा रजिस्ट्रार कार्यालय में फर्जी शपथपत्र देने की बात भी कही गई है।

एक अक्टूबर को रजिस्ट्रार पोर्टल पर संस्था का पंजीकरण नंबर डालने पर विकास जैफ को अध्यक्ष और पिंकी जैफ को सचिव दर्शाया गया। पांच अक्टूबर को सूचना के अधिकार के तहत रजिस्ट्रार कार्यालय से रिकॉर्ड मिलने पर कथित अनियमितताओं की जानकारी सामने आई। शिकायत में ऊषा मीणा, संतोष मीणा और रतन कुमार मीणा जैसे, पूर्व में इस्तीफा दे चुके लोगों को सदस्य दर्शाने और बैठकों में उपस्थित दिखाने का आरोप भी लगाया गया है, जबकि शिकायतकर्ता के अनुसार वे उस समय जयपुर में नहीं थे। उन्हें आशंका है कि कथित कूटरचित दस्तावेजों का इस्तेमाल सोसायटी के बैंक खातों, संपत्तियों और शैक्षिणक संस्थानों से जुड़े मामलों में किया जा सकता है।

शिकायतकर्ता विशाल जैफ ने इस मामले में विकास जैफ, उनकी पत्नी पिंकी जैफ और बेटी तेजस्विनी जैफ के साथ-साथ नीलम जैफ, कविता वर्मा, डॉ. आशु गुप्ता, डॉ. मनोहर भट्ट, डॉ. योगेश यादव और डॉ. राजेश यादव के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है।

# राज्यपाल ने टोंक में मृत्युंजय महादेव सद्गुरू आश्रम का शुभारंभ किया

## राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने सनातन राष्ट्र और भारतीय संस्कृति का संदेश दिया

**टोंक,** (निसं)। राजस्थान की आध्यात्मिक एवं धार्मिक नगरी टोंक में रविवार को मृत्युंजय महादेव सद्गुरु आश्रम का विधिवत शुभारंभ श्रद्धा, भक्ति, आध्यात्मिक चेतना एवं राष्ट्रभक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, पूज्य गुरुदेव पंडित राजकुमार शर्मा तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक राजेंद्र जी भाई साहब एवं शिवलहरी जी भाई साहब का गरिमामयी सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए संत-महात्माओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर आश्रम के शुभारंभ के साक्षी बने।



**शुभारंभ समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, पूज्य गुरुदेव पंडित राजकुमार शर्मा तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक राजेंद्र शामिल हुए।**

आश्रम परिसर में आयोजित समारोह का शुभारंभ सर्वप्रथम गौमाता के विधिवत पूजन के साथ हुआ। इसके पश्चात भारत माता की आरती की गई। वैदिक एवं आध्यात्मिक भावभूमि में संपन्न इन धार्मिक अनुष्ठानों ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। गौसेवा, राष्ट्रसेवा, सनातन संस्कृति और भारतीय परंपराओं के प्रति श्रद्धा का भाव पूरे आयोजन में दिखाई दिया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने अपने उद्बोधन में सनातन संस्कृति, भारतीय परंपराओं और राष्ट्र के सांस्कृतिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सनातन परंपरा की प्रासंगिकता तथा भारत की सांस्कृतिक पहचान से जुडे विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। उनके उद्बोधन ने उपस्थित श्रद्धालुओं एवं अतिथियों के बीच भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना के प्रति विचार-विमर्श का वातावरण निर्मित किया।

समारोह में भारत माता की आरती के माध्यम से राष्ट्र के प्रति श्रद्धा तथा गौमाता के पूजन के माध्यम से भारतीय धार्मिक परंपराओं के प्रति सम्मान का भाव प्रकट किया गया। आश्रम का शुभारंभ धार्मिक आस्था के साथ-साथ समाज में संस्कार, सेवा, सद्भाव और आध्यात्मिक जागरण के संदेश को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण अवसर के रूप में सामने आया।

- **समारोह में भारत माता की आरती के माध्यम से राष्ट्र के प्रति श्रद्धा तथा गौमाता के पूजन के माध्यम से भारतीय धार्मिक परंपराओं के प्रति सम्मान का भाव प्रकट किया**

पूज्य गुरुदेव पंडित राजकुमार शर्मा के सानिध्य में संपन्न इस आयोजन में सनातन धर्म, आध्यात्मिक साधना, भारतीय संस्कृति और सामाजिक जीवन में धार्मिक संस्थाओं की भूमिका को विशेष महत्व दिया गया। मृत्युंजय महादेव सद्गुरु आश्रम की स्थापना का उद्देश्य श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक वातावरण उपलब्ध कराने, धार्मिक परंपराओं के संरक्षण तथा समाज में सेवा और संस्कार की भावना को प्रोत्साहित करने से जुड़ा है।

# पावटा की रामलीला में भरत मिलाप का भावपूर्ण मंचन

**पावटा,** (निसं)। आदर्श रामलीला मंडल पावटा के तत्वावधान में रामलीला मैदान में आयोजित रामलीला के दसवें दिन भगवान श्रीराम के वनवास, महाराज दशरथ के देहावसान और राम-भरत मिलाप के मार्मिक प्रसंगों का भावपूर्ण मंचन किया गया। दशरथ मरण की हृदय विदारक लीला ने दर्शकों को भावुक कर दिया, वहीं राम-भरत मिलाप के दृश्य में पंडाल में मौजूद श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। केवट लीला ने भी दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।



**रामलीला के दसवें दिन राम-भरत मिलाप के मार्मिक प्रसंगों का भावपूर्ण मंचन किया।**

इस दौरान पार्श्व में 'शीश पर खड़ाऊं, आंखों में पानी, रामभक्त ले चला रे राम की निशानी' भजन गूंजा, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। राम की भूमिका में लक्की भारद्वाज, लक्ष्मण के रूप में शुभम मिश्रा, जानकी के रूप में तनुज जोशी, भरत की भूमिका में दीपक भारद्वाज, शत्रुघ्न के रूप में टुन्नू, कौशल्या के रूप में बिहारी सोनी, कैकेयी के रूप में भविष्य पटेल, गुरु वशिष्ठ की भूमिका में रामशरण बोहरा, निषादराज के रूप में विकास शर्मा तथा निषादरानी के रूप में जितेंद्र मिश्रा, आशीष शर्मा ने प्रभावशाली अभिनय किया। कलाकारों के सजीव अभिनय ने रामायण के प्रसंगों को मंच पर जीवंत कर दिया।

कार्यक्रम के दौरान आदर्श रामलीला मंडल की ओर से पावटा-प्रागपुरा नगरपालिका चेयरमैन प्रतिनिधि अजय सैनी, वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि जगदीश मीणा, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, युवा नेता विकास यादव, ओपी बायला, वार्ड पार्षद विनोद यादव व रवि कुमावत, ब्राह्मण महासभा पावटा अध्यक्ष सुरेश शर्मा, धर्मेंद्र गोयल, दिलीप शर्मा, बद्री प्रसाद चौहान, मनीष कुमावत, डॉ. रवि अंजली गुप्ता, डॉ. देवेंद्र शर्मा, डॉ. एसके वर्मा तथा पूर्व पार्षद विजय गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंडल संरक्षक महेश पारीक, उमेश टांक सहित मंडल के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## मानसी विहार कॉलोनी में बिजली गुल रहने से परेशान

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के डाबला रोड़ स्थित मानसी विहार कॉलोनी में बिजली आपूर्ति बाधित रहने से स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कॉलोनी में करीब 28 घंटे तक बिजली गुल रहने के बाद आखिरकार विद्युत आपूर्ति बहाल हुई, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। इतने लंबे समय तक बिजली नहीं आने से आमजन की दिनचर्या प्रभावित रही और लोगों को बिजली बहाल होने का इंतजार करना पड़ा। जानकारी के अनुसार मानसी विहार कॉलोनी में बिजली आपूर्ति लंबे समय तक ठप रही। घंटों बीतने के बावजूद सप्लाई सुचारू नहीं होने से स्थानीय निवासियों की परेशानी बढ़ती गई। करीब 28 घंटे तक बिजली के इंतजार के बाद जब आपूर्ति बहाल हुई, तब जाकर लोगों को राहत मिली। बिजली जैसी बुनियादी सुविधा के इतने लंबे समय तक बाधित रहने से विद्युत विभाग की व्यवस्था और शिकायतों के त्वरित समाधान को लेकर सवाल खड़े हुएबिजली आपूर्ति बाधित रहने से घरों में रोजमर्रा के कामकाज प्रभावित हुए।

## संयुक्त निदेशक ने पावटा महाविद्यालय का निरीक्षण किया

**पावटा,** (निसं)। राजकीय महाविद्यालय पावटा का शनिवार को आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ. विजय सिंह जाट ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महाविद्यालय के आधारभूत ढांचे एवं उपलब्ध सुविधाओं पर संतुष्टि जताई। साथ ही विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं और शैक्षिणक गतिविधियों के प्रति जागरूक किया। निरीक्षण के दौरान डॉ. जाट ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति अभियान, विकसित भारत अभियान-2047, रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण, करियर काउंसलिंग सहित सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने भविष्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही महाविद्यालय के सुचारू संचालन एवं शैक्षिणक गतिविधियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।विद्यार्थियों के हित में विभिन्न सरकारी योजनाओं और जागरूकता कार्यक्रमों का समय-समय पर आयोजन किया जा रहा है।

# भरतपुर में विकास कार्यों का औचक निरीक्षण

**भरतपुर,** (निसं)। जिला कलक्टर कमर चौधरी ने भरतपुर शहर में चल रहे ड्रेनेज, नाले-नालियों, सड़क, फ्लाईओवर निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों का करीब तीन घंटे तक आकस्मिक निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्माण कार्यों में निर्धारित गुणवत्ता मानकों की पालना सुनिश्चित करने तथा संवेदकों को निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए पाबंद करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्य मास्टर प्लान एवं स्वीकृत डीपीआर के अनुरूप किए जाएं, ताकि आमजन को आवागमन में परेशानी नहीं हो तथा शहर की आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाया जा सके।

- **धीमी गति पर कलेक्टर नाराज, एजेंसी को नोटिस के निर्देश**



**जिला कलक्टर कमर चौधरी ने भरतपुर शहर में चल रहे ड्रेनेज, नाले-नालियों, सड़क कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।**

जिला कलक्टर ने अधिकारियों की टीम के साथ बिजली घर चौराहा पहुंचे। यहां उन्होंने विभिन्न विभागों की ओर से किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया तथा जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को पाइपलाइन डालने का कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बजट घोषणा के अंतर्गत गेल की प्राकृतिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क से संबंधित कार्यों में प्रगति लाने तथा समग्र कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।

## निवाई में अग्रसेन जयंती पर शोभायात्रा निकाली

**निवाई ,** (निसं)। महाराजा अग्रसेन की 5180वीं जयंती पर अग्रवाल समाज के तत्वावधान में शहर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा में सैंकड़ों महिला, पुरुष व बच्चे शामिल रहे। शोभायात्रा में महाराजा अग्रसेन का भव्य रथ मुख्य आकर्षण रहा, जिसे विशेष रूप से फूलों व विद्युत लाइटों से सजाया गया था। रथ यात्रा के सारथी बनने का सौभाग्य मंगल बोहरा मोटूका परिवार को मिला।

वरिष्ठ सदस्य रामेश्वर प्रसाद, ताराचंद व जिनेश कुमार ने मुख्य सारथी के रूप में रथ की कमान संभाली एवं महाराजा अग्रसेन जी की आरती उतारकर यात्रा को रवाना किया। महिलाएं मंगल गीत गाती हुई चल रही थीं। जैसे ही शोभायात्रा शहर के मुख्य बाज़ारों व चौराहों से गुजरी, वहां मौजूद नगरवासियों व विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया।

कई स्थानों पर स्वागत मंच व तोरण द्वार बनाए गए थे। रथ यात्रा में महाराजा अग्रसेन की जय के जयकारों से पूरा शहर गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम को सफल बनाने में अग्रवाल युवा संगठन, महिला मंडल व समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सराहनीय सहयोग रहा। रथ यात्रा में , विधायक रामसहाय वर्मा, पालिका अध्यक्ष नरेंद्र जयसिंहपुरा, पूर्व वाइस चेयरमैन पारस पहाड़ी, पार्षद नितिन छाबड़ा, भंवरलाल सीदड़ा, महावीरप्रसाद पराना, प्रधानाचार्य राकेश अग्रवाल, ताराचंद बोहरा, मोहनलाल अग्रवाल, रमेशचन्द अग्रवाल, संजय अग्रवाल, दिनेश मंगल, रवि अग्रवाल, दिनेश गिन्दौड़ी, जिनेश मोटूका, विनोदकुमार जैन, दिनेशकुमार अग्रवाल, मुकेश मित्रपुरा, ताराचन्द भाणजा, रविकांत बौली व मुकेश गिन्दौड़ी सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

# किशनगढ़ बास में मंत्री भूपेंद्र यादव और राज्यमंत्री संजय शर्मा ने पार्षदों से संवाद किया

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। विधानसभा क्षेत्र के तीनों निकायों में भाजपा का बोर्ड बनने के बाद रविवार को किशनगढ़ बास में नवनिर्वाचित पार्षद संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सांसद व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री भूपेन्द्र यादव और राजस्थान सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा थे। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने पार्षदों को जनसेवा का मंत्र देते हुए किशनगढ़बास और कोटकासिम नगरपालिका में विकास कार्यों के लिए सांसद कोष से 50-50 लाख रुपये देने की घोषणा भी की।

कार्यक्रम में भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव, राजस्थान सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा तथा भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव का बड़ी माला पहनाकर स्वागत किया गया। मंच पर भाजपा जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी, सरस डेयरी चेयरमैन नितिन सांगवान, जिला महामंत्री अनूप यादव एवं पवन यादव सहित किशनगढ़बास चेयरमैन विश्वास यादव और कोटकासिम चेयरमैन रेखा सैनी भी मौजूद रहे। संवाद कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि पार्षद बनने के बाद समाज एक मुखिया के रूप में देखता है। पार्षदों से अपेक्षा रहती है कि वे सामाजिक सरोकारों को समझें और आमजन को बेहतर जीवनशैली उपलब्ध कराने के लिए कार्य करें। उन्होंने किशनगढ़बास और कोटकासिम चेयरमैन से अपनी-अपनी नगरपालिका में लाइब्रेरी स्थापित करने का आ ान किया, ताकि बच्चों को बेहतर शिक्षा एवं अध्ययन का अवसर मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने व्यापारियों और युवाओं के लिए पार्क विकसित करने पर जोर दिया। पार्कों में रनिंग ट्रैक, घूमने और व्यायाम की सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही। केंद्रीय मंत्री ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को बढ़ावा देने का आव्हान करते हुए कहा कि नगरपालिकाओं में ऐसी गोचर भूमि चिह्नित की जाए, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर पौधारोपण किया जा सके।



**कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव व राज्य मंत्री संजय शर्मा सहित भाजपा नेताओं का माला से स्वागत करते पार्षद व कार्यकर्ता।**

- **किशनगढ़बास-कोटकासिम नगर पालिका को विकास के लिए 50-50 लाख देने की घोषणा**

इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने विधानसभा क्षेत्र में आगामी विकास कार्यों को लेकर पार्षदों से चर्चा की। कार्यक्रम में किशनगढ़बास चेयरमैन विश्वास यादव, वाइस चेयरमैन कंचन लख्याणी, कोटकासिम चेयरमैन रेखा सैनी, वाइस चेयरमैन मनीषा सहित तीनों निकायों के पार्षद मौजूद रहे।

## संक्षिप्त

### साईबर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**टोंक,** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन थाना डिग्गी पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर साइबर अपराध के विरूद्ध कार्यवाही करतेहुए डिग्गी स्थित कंकाली माता आश्रम से बाबा का मोबाईल चुराकर 1 लाख 73 हजार 388 रूपये की साईबर ठगी करने वलो आरोपी को 10 दिवस मे गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा किया है। डिग्गी थानाधिकारी ने बताया कि मिली जानकारी के बाद साईबर ठगी की घटना में कार्यवाही करते हुए गठित विशेष टीम ने अनुसंधान करते हुए आसपास के सीसीटीवी कैमरों व अन्य पूछताछ के बाद संदिग्ध की लोकेशन के आधार पर उसके मोबाईल नम्बरों का विश्लेषण कर एवं मुखबिर से मिली जानकारी के बाद टीम ने आरोपी के द्वारा बदले गये कई स्थानों पर दबिश देकर साईबर ठगी के आरोपी मुकेश कुमार सैन उर्फ नोनू पुत्र ओमप्रकाश सैन उम्र 22 वर्ष निवासी पुराना बाजार कस्बा डिग्गी को गिरफ्तार किया गया है।

### अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया

**निवाई,** (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नला में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता एवं आत्मविश्वास विकसित करने के उद्देश्य से विद्यालय की कक्षा 12वीं की मेधावी छात्रा दीपिका चौधरी को एक दिन के लिए प्रधानाचार्या का प्रभार सौंपा गया। दीपिका चौधरी ने पूरे दिन विद्यालय की समस्त शैक्षिणक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का सुचारू रूप से संचालन किया। प्रार्थना सभा से लेकर कक्षा संचालन एवं अनुशासन व्यवस्था तक सभी कार्यों का निर्वहन बखूबी से किया। प्रधानाचार्य हनुमानप्रसाद चौधरी ने बालिका शिक्षा के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बेटियों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। इस दौरान बालिका शिक्षा व बालिका अधिकारों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में व्याख्याता रमेशचंद गर्ग, लेखपाल नापित, हंसराज मीणा, वरिष्ठ अध्यापक शिवजीलाल ताखर, प्रिया कुमावत, ऊगन्ता गुर्जर, जयप्रकाश रैदास, कपिल शर्मा, मनभर मीना, सुरभि गुर्जर, कनिष्ठ सहायक अमित लोदी व धर्मा चौधरी सहित कई छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### सैय्यद लाल खाँ बाबा का उर्स सम्पन्न

**मनोहरपुर,** (निसं)। कस्बे के दिल में बसा सैय्यद बाबा मार्केट एक बार फिर रूहानियत और भाईचारे के रंगों से रंगा यहां विराजे हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रतीक, अकीदत के मरकज हजरत सैय्यद लाल खां बाबा रह. ओर हजरत सूफी निजामुद्दीन यूनुसी बिस्मिल कादरी रह. का एक रोजा सालाना उर्स इस बार 10 अक्टूबर, शनिवार को बड़ी अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया हजरत सैय्यद लाल खाँ बाबा उर्स कमेटी के प्रमुख खिदमतगार मोईन खान निजामी कादरी ने बताया कि इस महफिल में सीकर की सरजमीं की महान सूफी हस्ती हजरत सूफी मोइनुद्दीन जिलानी साहब विशेष तौर पर तशरीफ लाए।

### राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित

**निवाई,** (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश में तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष ईशा सांघी, उपखंण्ड अधिकारी गंभीर सिंह एवं सदस्य अधिवक्ता मोहम्मद सलीम की उपस्थिति में राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 407 प्रकरणों का समाधान आपसी समझाइश व राजीनामे के माध्यम से किया गया। इसके अतिरिक्त बिजली, पानी, बैंक, बीएसएनएल, जेवीवीएनएल आदि के कुल 22 मामलों में भी सफलतापूर्वक राजीनामा कराया गया, जिसके तहत कुल 1 करोड़ 65 लाख 40 हजार 260 रुपए की राशि की वसूली की गई।


नम्बर मिलाइए 8890333139



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


## सार-समाचार

### विराटनगर में चुनावों को लेकर भाजपा की संगठनात्मक बैठक आयोजित



**पावटा,** (निसं)। भाजपा जिला मुख्यालय कोटपूतली-बहरोड़ में विराटनगर पंचायत समिति एवं जिला परिषद चुनावों की तैयारियों को लेकर संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी चुनावों की रणनीति, संगठनात्मक समन्वय तथा चुनाव प्रबंधन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेश सैनी, जिला चुनाव प्रभारी मनीष पारीक, जिला चुनाव सह-प्रभारी एवं प्रदेश प्रवक्ता कुबेर सिंह तथा विराटनगर पंचायत चुनाव प्रभारी भगवत सिंह देवल सहित पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, प्रमोद सैनी, वीरेंद्र राठी सहित पंचायत समिति प्रभारी, संयोजक, वार्ड प्रभारी एवं वार्ड संयोजकों ने भी सहभागिता की। बैठक में आगामी पंचायत समिति एवं जिला परिषद चुनावों को लेकर आवश्यक तैयारियों, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर तालमेल, वार्ड स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियों तथा चुनाव प्रबंधन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही संगठन की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने और चुनावी तैयारियों में समन्वित प्रयासों पर जोर दिया गया। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा जनसेवा के संकल्प के साथ चुनावी तैयारियों को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई।

### मेघवाल विकास समिति की मासिक बैठक संपन्न



**कोटपूतली,** (निसं)। मेघवाल विकास समिति की मासिक बैठक रविवार को समिति अध्यक्ष मदनलाल वर्मा की अध्यक्षता में ग्राम टापरी रोड़ स्थित मेघवाल महिला छात्रावास में आयोजित की गई। जिसमें छात्रावास के विकास, सामाजिक गतिविधियों व संगठन विस्तार को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान हाल ही में नगर परिषद के नवनिर्वाचित पार्षदों का साफा व माल्यार्पण कर भव्य स्वागत सम्मान किया गया, वहीं महिला पार्षदों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। बैठक में मेघवाल महिला छात्रावास के विस्तार पर विशेष चर्चा की गई। भवन की दूसरी मंजिल के निर्माण के लिए निर्माण समिति का गठन किया गया हैं एवं जल्द ही इसका कार्य शुरू करने का निर्णय लिया गया। साथ ही नीचे की मंजिल में मुख्य प्रवेश द्वार का दरवाजा, खिड़कियां व रंग-पेंट का काम भी जल्द पूरा कराया जायेगा। पूर्व आईआर डीआर रैवाला द्वारा महिला छात्रावास में सीसीटीवी कैमरे इंस्टॉल करवाने के लिए समिति ने उनका आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया। अध्यक्ष ने बताया कि सांसद कोटे से स्वीकृत राशि से नगर परिषद द्वारा कार्य शुरू करवा दिया गया है और दिसंबर माह तक मेघवाल महिला छात्रावास के भवन का लोकार्पण करने का लक्ष्य रखा गया है।

### सांभर में डेढ़ दशक से खुला कचरा डिपो को हटवाया

**सांभरझील,** (निसं)। आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर यानी राजकीय युनानी औषधालय भवन के पीछे विगत करीब डेढ़ दशक से गलत तरीके से स्थापित खुला कचरा डिपो को पालिकाध्यक्ष पवन कुमार मोदी ने हटवा कर इस समस्या को जड़ से समाप्त कर दिखाया। यह तो बताना बेहद जरूरी है कि पूर्व पालिकाध्यक्षों के संज्ञान में होने तथा पूर्व पार्षदों की ओर से अनेक दफा बोर्ड की मीटिंग में इस मुद्दे को उठाकर ध्यान आकृष्ट करवाए जाने के बावजूद इसको हटवाने पूरी तरह से नाकाम होने के बाद जब तमाम लोग और पूर्व पार्षदों मैं भी अपनी हार मान ली कि ''यह कचरा डिपो तो कभी जिंदगी में नहीं हटेगा''। चैयरमेन पवन कुमार मोदी ने सांभर के अनेक वार्डों में अल सुबह नगर की सफाई व्यवस्था के हालात को जानने के लिए ताबड़तोड़ निरीक्षण करना शुरू किया। सफाई व्यवस्था के लिए सख्त हिदायत दी गई। जब उनके संज्ञान में उपरोक्त मामला आया तो गंभीरता से लेते हुए तुरंत अधिशाषी अधिकारी, सफाई निरीक्षक को औषधालय के पीछे स्थित कचरा डिपो को हटाने के निर्देश दिए तथा एक कर्मचारी की भी ड्यूटी लगाई गई जो यह ध्यान रखेगा की कोई कचरा तो नहीं पटक रहा है। यानी कुल मिलाकर जो डेढ़ दशक से खुला कचरा डिपो को हटाने में तत्कालीन पालिकध्यक्ष फैल रहे उसे नवनिर्वाचित अध्यक्ष पवन कुमार मोदी ने महज 15 दिनों में ही समाप्त कर अस्पताल प्रशासन सहित लोगों को बड़ी दिलवाई।

### पार्षद अकबर खान का स्वागत

**टोंक,** (निसं)। रेल लाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष व पार्षद अकबर खान ने मुख्यालय स्थित कचहरी बाज़ार वार्ड न 55 के निवासियों के बीच पहुंचे, जहां वार्डवासियों व उनके दोस्तों ने उनका जबरदस्त आतिशबाजी, ढोल नगाड़ें, मालाओं और राजस्थान की शान साफा बंधवाकर वार्ड नं 27 से नवनिर्वाचित पार्षद बनने पर अकबर खान का भव्य स्वागत किया। इस मौके पर अकबर खान ने कहा की आप सभी ने जिस उत्साह जोश के साथ मेरा सम्मान किया है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 608 मामलों का निस्तारण

**पावटा,** (निसं)। तालुका विधिक सेवा समिति पावटा की ओर से शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। न्यायिक अधिकारी पूजा धानिया की उपस्थिति में आयोजित लोक अदालत में विभिन्न श्रेणियों के कुल 608 मामलों का निस्तारण किया गया।

लोक अदालत के माध्यम से आपसी सहमति और सुलह-समझौते के आधार पर प्रकरणों का निपटारा कर आमजन को त्वरित, सरल एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। लोक अदालत के आयोजन में तालुका विधिक सेवा समिति के सचिव सर्वेश कुमार, रीडर राजेन्द्र तथा सहायक एडवोकेट प्रदीप सेन सहित अन्य कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।


**आम सूचना** मेरे अभिभाष्य रमेश चन्द शर्मा पुत्र मोहन लाल शर्मा निवासी गलता गेट, जयपुर की पुत्री अंजली शर्मा पुत्री रमेश चन्द उनके कहने, सुनने में नही है, तथा हमारी इच्छा के विरूद्ध प्रेम विवाह के पश्चात् से ही अलग रहती है, मेरा अभिभाष्य अपनी समस्त प्रकार की चल व अचल सम्पत्ति, सामाजिक सम्बन्धो से अपनी पुत्री अंजली शर्मा को बेदखल करता है। इससे मेरे अभिभाष्य को कोई वास्ता नही है। कोई भी व्यक्ति इससे किसी भी प्रकार का सव्यवहार करता है तो उसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा।
(मुकेश सैन) एडवोकेट, मो.नं.-9314563517

**खोया पाया**
मेरे भूखण्ड संख्या 14/OK/58 के जविप्रा द्वारा जारी मूल उप विभाजन पत्र तथा साइट प्लान कहीं गिर/गुम हो गये है। मिलने पर सूचित करें - 8949159876

**नाम परिवर्तन**
मैंने अपना नाम जितेन्द्र कुमार सरिया (Jeetendra Kumar Saria) से बदल कर जितेन्द्र कुमार सरिया (Jitendra Kumar Saria) पुत्र श्री चन्द्र मोहन सरिया, रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। निवासी फ्लैट नम्बर 101, 4 ऐवेन्यू, मंदिर मोड़ सर्किल, एफ 3 फिटनेस हेल्थ क्लब, सेक्टर 4, विधाधर नगर, जयपुर

**आम सूचना**
मैं योगेश कुमार जिंदल पुत्र श्री सुभाष चंद निवासी सेक्टर-3, भरतपुर मेरे भूखंड संख्या 10 योजना एसपीएम नगर के मूल दस्तावेज मेरे बैग से गिरकर रास्ते में कहीं खो गए हैं, काफी ढूंढने पर भी नहीं मिले हैं। जिस किसी भाई को मिले कृपया हमसे संपर्क करें। मो० 9414025732

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर** **आम सूचना**
रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004
क्रमांक:F-JDA/Zone-PRN/2026/D-467 दि. 09.10.2026
आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 327948 दि.24.08.2026 को निम्नांकित भूखण्ड का Sub Division and Reconstitution जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है:-

| आवेदक का नाम | मूल आवंटी /लीज धारक का नाम | भू. सं. | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स. स./निजी खातेदारी /जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Dheeraj Kumar S/o Chatur Bihari Chihar | श्रीमती अनीता गुप्ता पत्नी श्री राजेश गुप्ता | 44 | 164.16 Sq. Yard | Cooperative | SHIV Vihar (GOLYAWAS) -PRN | Sub Division and Reconstitution | आवेदक द्वारा उप-विभाजन प्लान, वाद विवाद शपथ पत्र, पूर्व जारी लीजडीड रजि. विक्रय पत्र प्रस्तुत किये गये है। |

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Sub Division and Reconstitution जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशनतिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection Module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नही करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी। उपायुक्त पीआरएन जविप्रा, जयपुर

# साइबर ठगों को बैंक खाते उपलब्ध कराने वाला पुलिस के हत्थे चढ़ा

## कमीशन लेकर ठगी की रकम निकालकर पहुंचाता था गिरोह तक



-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। साइबर ठगी के मामलों में इस्तेमाल होने वाले बैंक खातों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मुहाना थाना पुलिस ने अभियान म्यूल हंटर के तहत एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी कमीशन के बदले साइबर ठगी की रकम अपने बैंक खातों में मंगवाता था और बाद में नकद निकालकर या दूसरे खातों में स्थानांतरित कर गिरोह तक पहुंचाता था। आरोपी के दो बैंक खातों के विरुद्ध राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर पांच शिकायतें दर्ज हैं।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि संदिग्ध बैंक खातों और साइबर अपराध से जुड़े हॉटस्पॉट पर कार्रवाई के लिए हाना थानाधिकारी मुकेश कुमार के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी योगेन्द्र सिंह पाल (21) निवासी मुहाना को गिरफ्तार किया। आरोपित कथित तौर पर देशभर में सक्रिय साइबर ठगों के संपर्क में था।

जांच में सामने आया कि साइबर ठग डिजिटल अरेस्ट, लॉटरी और टास्क फ्रॉड जैसी ठगी के जरिए प्राप्त रकम आरोपी के बैंक खातों में स्थानांतरित करवाते थे। आरोपी कमीशन के लालच में बैंक खाते उपलब्ध करवाता था। पुलिस के मुताबिक, वह खातों में रकम आने के बाद एटीएम से नकदी निकालता या दूसरे खातों में स्थानांतरित कर देता था। इसके बाद रकम मुख्य गिरोह तक पहुंचाई जाती थी। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर खातों के इस्तेमाल और साइबर ठगों से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में जानकारी जुटा रही है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि कमीशन के लालच में किसी अनजान व्यक्ति को अपना बैंक खाता, एटीएम कार्ड, चेकबुक या यूपीआई पहचान का इस्तेमाल नहीं करने दें। ऐसे खातों का उपयोग साइबर ठगी की रकम प्राप्त करने और उसे आगे पहुंचाने में किया जा सकता है।

- पुलिस जांच में सामने आया कि साइबर ठग डिजिटल अरेस्ट, लॉटरी और टास्क फ्रॉड जैसी ठगी के जरिए प्राप्त रकम आरोपी के बैंक खातों में स्थानांतरित करवाते थे।

# पश्चिमी विक्षोभ से राजस्थान में मौसम का मिजाज बदला

-कार्यालय संवाददाता-

- तापमान में 7 डिग्री तक गिरावट आई, सिरोही में बीती रात रही सबसे सर्द

जयपुर। पश्चिमी विक्षोभ के असर से राजस्थान के बीकानेर, श्रीगंगानगर सहित कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। मौसम में बदलाव से प्रदेश के कुछ शहरों के तापमान में सात डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई। रविवार को 10 शहरों में रात का तापमान 20 डिग्री से नीचे रहा। सिरोही में न्यूनतम तापमान 16 डिग्री दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे कम रहा।

मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को बीकानेर के लूणकरणसर में सर्वाधिक 13 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। शनिवार को भी पश्चिमी राजस्थान और शेखावाटी के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हुई थी। इसके बाद रविवार सुबह कुछ इलाकों में हल्का कोहरा नजर आया। जयपुर में दिनभर हल्के बादल छाए रहे। यहां अधिकतम तापमान 34.4 और न्यूनतम तापमान 22.7 डिग्री दर्ज किया गया। दिन के तापमान में 1.2 और रात के तापमान में 1.3 डिग्री की गिरावट आई। भीलवाड़ा, वनस्थली, सीकर, उदयपुर, पाली, माउंट आबू, सिरोही, फतेहपुर, करौली और प्रतापगढ़ में रात का तापमान 20 डिग्री से नीचे रहा। दूसरी ओर, फलौदी रविवार को प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा। यहां अधिकतम तापमान 37.2 और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार, रविवार को पाकिस्तान के मध्य भागों के ऊपर वायुमंडल के ऊपरी स्तरों में एक परिसंचरण तंत्र बना हुआ था। राज्य के उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में ट्रफ लाइन सक्रिय थी और अरब सागर से आने वाली हवाओं के साथ नमी मिल रही थी। इसके प्रभाव से पिछले 24 घंटों में बीकानेर संभाग में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश हुई। शनिवार को श्रीगंगानगर के करनपुर में सर्वाधिक 20 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई थी। विभाग ने रविवार को बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू और शेखावाटी क्षेत्र के जिलों में मेघगर्जन, 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई थी। उत्तर-पश्चिमी राजस्थान और उत्तरी हिस्सों में अगले तीन-चार दिन कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश जारी रहने की संभावना है। 13 और 14 अक्टूबर को बीकानेर संभाग तथा शेखावाटी क्षेत्र के कुछ हिस्सों में हवाएं चल सकती हैं।

## सार-समाचार

### मकान की छत पर लगे मोबाइल टावर में आग लगने से दहशत फैली

जयपुर। अजमेर रोड पर पुरानी चुंगी के पास रविवार दोपहर एक मकान की छत पर लगे मोबाइल टावर में अचानक आग लग गई। आग की लपटों के साथ उठते धुएं से आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। सूचना पर 22 गोदाम अग्निशमन केंद्र से दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। अग्निशमन कर्मियों ने करीब सवा घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। 22 गोदाम अग्निशमन केंद्र के अग्निशमन अधिकारी के अनुसार, पुरानी चुंगी के पास साहिद खान के मकान की छत पर मोबाइल टावर लगा हुआ है। रविवार दोपहर करीब 12:45 बजे टावर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने टावर की वायरिंग और उपकरणों को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का काम शुरू किया और करीब सवा घंटे बाद आग पर काबू पा लिया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। मकान मालिक के अनुसार, आग से मोबाइल टावर की वायरिंग और उपकरण जल गए, जिससे करीब 10 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

### स्व. जयप्रकाश नारायण की जयंती मनाई



जयपुर। राजस्थान समग्र सेवा संघ, दुर्गापुरा में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने उनके जीवन, विचारों, सामाजिक योगदान और संपूर्ण क्रांति के आह्वान पर विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि जयप्रकाश नारायण ने अपना जीवन लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय, नैतिकता और जनभागीदारी को समर्पित किया। उन्होंने राजनीति को सत्ता प्राप्ति के बजाय समाज में व्यापक परिवर्तन का माध्यम माना। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। राजस्थान समग्र सेवा संघ के अध्यक्ष सवाई सिंह ने कहा कि समाज में जागरूकता बढ़ाने, सामाजिक एकता मजबूत करने और नागरिकों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जयप्रकाश नारायण के आदर्शों को अपनाकर ही जागरूक, जिम्मेदार और समतामूलक समाज का निर्माण किया जा सकता है। कार्यक्रम में बालमुकुंद सनाढ्य, मंत्री गोपाल शरण, एडवोकेट उमेश शर्मा और राजेंद्र कुंभज सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने जयप्रकाश नारायण को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। अंत में सवाई सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए सामाजिक जागरूकता और सकारात्मक परिवर्तन के लिए सामूहिक प्रयास जारी रखने का आह्वान किया।

### घर-घर सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ



जयपुर। टीम 39 जहां चाह वहां राह जन कल्याण ट्रस्ट (रजि.) की ओर से 11 से 20 अक्टूबर तक शारदीय नवरात्र के अवसर पर पानीपेच और शास्त्री नगर के विभिन्न घरों में सामूहिक सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाएगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष विष्णु बियानी और मीडिया प्रभारी मनीष केडिया ने बताया कि टीम पिछले चार वर्षों से घर-घर हनुमान चालीसा पाठ की मुहिम चला रही है। इसके तहत अब तक 211 घरों में कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर प्रत्येक घर में मंगलवार और शनिवार को हनुमान चालीसा पाठ के लिए प्रेरित करना तथा सनातन धर्म की परंपराओं को आगे बढ़ाना है।

### बालिका से छेड़छाड़ करने वाला गिरफ्तार

जयपुर। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए तैनात कालिका पेट्रोलिंग यूनिट ने तत्परता दिखाते हुए जयसिंहपुरा खोर की सब्जी मंडी में बालिका से छेड़छाड़ के आरोपी को गिरफ्तार करवाया। घटना के दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी को पकड़ रखा था। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि महिलाओं और बालिकाओं के साथ छेड़छाड़ तथा छींटाकशी की घटनाओं पर रोकथाम के लिए अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रदीप मोहन शर्मा के निर्देशन और पुलिस उपायुक्त अनुद्धा कालिया के नेतृत्व में 1090 महिला पीसीआर वैन जेब्रा-17, थाना माणकचौक, गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस नियंत्रण कक्ष से जयसिंहपुरा खोर की सब्जी मंडी में एक युवक द्वारा बालिका से छेड़छाड़ करने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही जेब्रा दल के हेड कांस्टेबल चरन सिंह और कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की महिला कांस्टेबल हंसा व गुलाब मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने आरोपी मुकेश (24), पुत्र खेमचंद वर्मा, निवासी नारायण धाम, जयसिंहपुरा खोर को हिरासत में लेकर स्थानीय थाना पुलिस के सुपुर्द किया। बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस उपायुक्त अनुद्धा कालिया ने भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाने वाली महिलाओं और बालिकाओं से निर्भय हेल्पलाइन के नंबर मोबाइल में सुरक्षित रखने की अपील की है।

### आरटीओ निरीक्षक दिनेश सिंह सम्मानित



जयपुर। खैतान पॉलिटेक्निक कॉलेज एलुमनाई एसोसिएशन, जयपुर की ओर से सड़क सुरक्षा जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए आरटीओ निरीक्षक दिनेश सिंह को सम्मानित किया गया। होटल ग्रैंड सफारी, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर में आयोजित एसोसिएशन की वार्षिक आमसभा में अध्यक्ष जी. पी. शर्मा ने उन्हें सम्मान प्रदान किया। दिनेश सिंह आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने, यातायात नियमों के पालन, सुरक्षित वाहन संचालन और रक्षात्मक वाहन चालन के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रयासरत हैं। उनके प्रयासों का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना, वाहन चालकों में जिम्मेदारी की भावना विकसित करना और आम नागरिकों का जीवन सुरक्षित बनाना है।

# कबाड़ के गोदाम में भीषण आग, 3 घंटे में काबू पाया

-कार्यालय संवाददाता-

- शास्त्री नगर स्थित पेंटर कॉलोनी की घटना
- पुलिस ने शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई

जयपुर। शास्त्री नगर की पेंटर कॉलोनी में शनिवार देर रात कबाड़ के एक गोदाम में भीषण आग लगने से इलाके में दहशत फैल गई। आग की लपटें और धुआं उठता देखकर स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची शास्त्री नगर थाना पुलिस ने दमकल की दो गाड़ियों की मदद से करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

पुलिस के अनुसार शनिवार रात करीब 12 बजे बंद कबाड़ गोदाम से धुआं उठने लगा। कुछ ही देर में धुएं के साथ आग की ऊंची लपटें दिखाई देने लगीं। आग की भयावहता देखकर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। स्थानीय लोगों ने पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास भी किया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बनीपार्क अग्निशमन केंद्र से दमकल की गाड़ियां बुलवाईं। दमकल कर्मियों ने करीब तीन घंटे तक प्रयास कर आग बुझाई। हालांकि, तब तक गोदाम में रखा कबाड़ पूरी तरह जलकर खाक हो गया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

## 'डीएपी का 1.05 लाख और यूरिया का 3.63 लाख मीट्रिक टन स्टॉक उपलब्ध'

जयपुर। कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने कहा कि प्रदेश में खरीफ सीजन-2026 के दौरान डीएपी और यूरिया की मांग से अधिक आपूर्ति की गई है। उन्होंने दावा किया कि राज्य के पास डीएपी का 1.05 लाख और यूरिया का 3.63 लाख मीट्रिक टन स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि, रबी सीजन में भी किसानों को मांग के अनुरूप समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने किसानों से उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर चिंता नहीं करने की अपील की। डॉ. मीणा ने बताया कि खरीफ सीजन में 5.10 लाख मीट्रिक टन डीएपी की मांग के मुकाबले 5,44,995 मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध कराया। उर्वरकों की जमाखोरी, कालाबाजारी, यूरिया के डायवर्जन करने वालों पर कार्रवाई होगी।

# 50 लाख रुपए की फिरौती के लिए अपहरण करने वाला बदमाश गिरफ्तार

## आरोपी पहचान छिपाकर कालवाड़ क्षेत्र के एक मकान में रंग-रोगन का कार्य कर रहा था

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। प्रताप नगर थाना पुलिस ने 50 लाख रुपए की फिरौती के लिए अपहरण करने के मामले में एक साल से फरार चल रहे दो हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अपनी पहचान छिपाकर कालवाड़ क्षेत्र में पेंटिंग का काम कर रहा था। पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ा।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि इनामी और वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रताप नगर थानाधिकारी विक्रांत शर्मा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई थी।

थानाधिकारी विक्रांत शर्मा ने बताया कि मामले में वांछित लोकेश मीणा उर्फ विक्की (27) निवासी हसनपुरा थाना सदर घटना के बाद से फरार था। पुलिस टीम और सीएसटी को सूचना मिली कि आरोपी कालवाड़ क्षेत्र में एक मकान में रंग-रोगन का काम कर रहा है। इस पर टीम ने मौके पर पहुंचकर जानकारी की पुष्टि की और आरोपी को पकड़ लिया। उसे पहचान छिपाकर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। आरोपी सोडाला और सदर थाना क्षेत्रों के मामलों में भी वांछित है।

पुलिस के अनुसार 11 नवंबर 2025 को टीकम सिंह गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके बड़े भाई धारा सिंह गुर्जर का कृष्णा अपार्टमेंट, प्रताप नगर के पास से अपहरण कर लिया गया। अपहरणकर्ताओं ने धारा सिंह के साथ मारपीट की और उनके मोबाइल फोन से परिजनों को कॉल कर 50 लाख रुपए की फिरौती मांगी। इस मामले में पुलिस पहले ही चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। उनके कब्जे से एक स्विफ्ट कार, पिस्टल, देशी कट्टा और कारतूस जब्त किए गए थे।

# सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर 6 लाख रु. ठगने वाला गिरफ्तार

-कार्यालय संवाददाता-

- नाम बदलकर छिप रहा था आरोपी, वीकेआई से पुलिस ने दबोचा
- आरोपी के खिलाफ अन्य जिलों में भी धोखाधड़ी के मामले दर्ज



आरोपी सीताराम कुमावत

जयपुर। सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर 6 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में सोडाला थाना पुलिस और जिला विशेष टीम ने 5 हजार रुपए के इनामी वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और पुलिस से बचने के लिए नाम बदलकर छिप रहा था। पुलिस अब आरोपी से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि परिवादिनी रीना योगी ने सोडाला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि सीताराम कुमावत ने उसे सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर 6 लाख रुपए ले लिए, लेकिन नौकरी नहीं लगवाई और रकम भी वापस नहीं की। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। आरोपी की तलाश में सफलता नहीं मिलने पर पुलिस आयुक्तालय स्तर से उस पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। इधर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए सोडाला थानाधिकारी मनोज बेरवाल और जिला विशेष टीम प्रभारी विशम्भर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की और टीम ने तकनीकी संसाधनों, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी सीताराम कुमावत (38) वीकेआई सीकर रोड से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मूल रूप से रेनवाल जयपुर ग्रामीण का निवासी है और वर्तमान में पार्क रेजिडेंसी, कालवाड़ रोड स्थित हाथोज में रह रहा था। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ अन्य थानों में भी धोखाधड़ी के प्रकरण दर्ज हैं। इनमें सीकर जिले के दांतारामगढ़ थाने में दर्ज मामला भी शामिल है। पुलिस आरोपी से नौकरी के नाम पर की गई ठगी और अन्य संभावित वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

## डांडिया महोत्सव में रंग-बिरंगे परिधानों में थिरके कदम

जयपुर। विद्याधर नगर स्टेडियम में अग्रवाल वुमन ऑर्गेनाइजेशन की ओर से 18वें विशाल डांडिया महोत्सव का आयोजन किया गया। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों और डांडिया की मनमोहक प्रस्तुतियों के बीच प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ नृत्य किया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 6 बजे महाआरती के साथ हुआ। संस्था की अध्यक्ष रीमा गर्ग और महामंत्री अनिता पोद्दार ने बताया कि महोत्सव का उद्देश्य भारतीय संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देने के साथ सामाजिक एकता को मजबूत करना है। कार्यक्रम में अरुण चतुर्वेदी, सुनील कोठारी, सरोज कंवर, विधायक गोपाल शर्मा, पूर्व मंत्री कालीचरण सर्राफ, पूर्व विधायक मोहनलाल गुप्ता, अशोक लाहोटी और सतीश पूनिया सहित अनेक गणमान्य अतिथियों को आमंत्रित किया गया। महोत्सव में आकर्षक खाद्य सामग्री क्षेत्र और बच्चों के मनोरंजन के लिए खेलकूद की व्यवस्था की गई। आयोजन के दौरान सर्वश्रेष्ठ परिधान, सुंदर चेहरा, सुंदर जोड़ी, सर्वश्रेष्ठ नृत्य, सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति और सर्वश्रेष्ठ उत्साह प्रदर्शन जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं।

# स्विट्जरलैंड में धोद ग्रुप ने लहराया राजस्थान का परचम

जयपुर। राजस्थान की लोक संस्कृति ने स्विट्जरलैंड के प्रतिष्ठित "फोर दु वले" महोत्सव में अपनी छाप छोड़ी। अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कलाकार रहीस भारती और उनके बैंड 'धोद - ग्रुप ऑफ राजस्थान' ने राजस्थानी लोक संगीत, कालबेलिया नृत्य, पारंपरिक वाद्ययंत्रों और रंग-बिरंगी प्रस्तुतियों से हजारों विदेशी दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रस्तुति के बाद दर्शकों ने खड़े होकर तालियों से कलाकारों का अभिवादन किया।

महोत्सव के 66 वर्षों के इतिहास में पहली बार भारत को 'विशिष्ट अतिथि' बनने का गौरव मिला। इस ऐतिहासिक अवसर पर भारत और राजस्थान का प्रतिनिधित्व रहीस भारती और उनके समूह ने किया। करीब 10 दिन चलने वाले इस महोत्सव में लगभग 2.5 लाख दर्शकों के शामिल होने का अनुमान है। रहीस भारती ने कहा कि यह सम्मान केवल उनके समूह का नहीं, बल्कि भारत की हजारों वर्ष पुरानी सांस्कृतिक विरासत और राजस्थान की लोक परंपराओं का है। इतने प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करना गर्व के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है।



ज्ञात रहे कि वर्तमान में रहीस भारती और उनकी टीम पिछले आठ महीनों से लगातार यूरोप के सांस्कृतिक दौरे पर हैं। इस दौरान वे विभिन्न प्रतिष्ठित संगीत महोत्सवों, सांस्कृतिक आयोजनों और संगीत कार्यक्रमों के माध्यम से राजस्थान की लोक संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचा रहे हैं।

# जनवरी 2027 में होने वाले "जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल" के वक्ताओं की पहली सूची जारी

## होटल क्लार्क्स आमेर में नोबेल पुरस्कार विजेताओं सहित दुनिया की नामचीन हस्तियां जुटेंगी

- 'फेस्टिवल में हिंदी, तमिल, मलयालम, असमिया, कोंकणी, कन्नड़, मराठी, भोजपुरी, सिंधी और मणिपुरी सहित विभिन्न भारतीय भाषाओं की साहित्यिक परंपराओं को प्रमुखता दी जाएगी'

जयपुर (कासं)। जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के ऐतिहासिक 20वें संस्करण के लिए वक्ताओं की पहली सूची जारी कर दी गई है। जनवरी 2027 में जयपुर के होटल क्लार्क्स आमेर में आयोजित होने वाले पांच दिवसीय समारोह में नोबेल पुरस्कार विजेताओं से लेकर प्रतिष्ठित लेखकों, वैज्ञानिकों, इतिहासकारों, पत्रकारों, शिक्षाविदों और कलाकारों तक की भागीदारी रहेगी। वेदांता की प्रस्तुति में आयोजित होने वाला यह महोत्सव साहित्य और विचारों के दो दशकों के सफर का उत्सव मनाएगा।

पहली सूची में नोबेल पुरस्कार विजेता एस्थर डुफ्लो और ओल्गा टोकार्चुक के साथ डेम मीरा सयाल, लीज डुसे, जेम्स वुड, इसाबेला हम्माद, मार्कस डू सॉटॉय और जीवाश्म विज्ञानी स्टीव ब्रुसैट सहित कई अंतरराष्ट्रीय हस्तियां शामिल हैं। भारतीय वक्ताओं में सुधा मूर्ति, किरण मजूमदार-शॉ, प्रबल गुरुंग, जस्टिस संजय किशन कौल, इंदिरा जयसिंह, एसवाई कुरैशी, गीतांजलि श्री और अनामिका प्रमुख हैं।

फेस्टिवल में हिंदी, तमिल, मलयालम, असमिया, कोंकणी, कन्नड़, मराठी, भोजपुरी, सिंधी और मणिपुरी सहित विभिन्न भारतीय भाषाओं की साहित्यिक परंपराओं को प्रमुखता दी जाएगी। संस्कृत के विद्वान राधावल्लभ त्रिपाठी, असमिया लेखक ध्रुवज्योति बोरा, मराठी नाटककार मकरंद साठे, कोंकणी लेखक दामोदर मौजो, मलयालम साहित्यकार पॉल जकारिया, कन्नड़ लेखक वसुधेंद्र, हिंदी-भोजपुरी के लेखक गौतम चौबे, गुजराती लेखक राम मोरी और तमिल-मलयालम के लेखक बी. जयमोहन भी वक्ताओं की सूची में शामिल हैं।

फेस्टिवल में विज्ञान, अर्थशास्त्र, इतिहास, तकनीक, कानून, लोकतंत्र, प्रवासन, पहचान और सामाजिक असमानता जैसे विषयों पर चर्चा होगी। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में गणित के प्रोफेसर मार्कस डू सॉटॉय और जीवाश्म विज्ञानी स्टीव ब्रुसैट विज्ञान से जुड़े विषयों पर विचार रखेंगे। वहीं, प्रदर्शन कला, लोकप्रिय संस्कृति और फैशन की दुनिया से डेम मीरा सयाल तथा प्रबल गुरुंग की भागीदारी आयोजन को विविधता प्रदान करेगी। जादूगर और किस्सागो इमंड मनी-कुट्स भी फेस्टिवल का हिस्सा होंगे।

टीमवर्क आर्ट्स के प्रबंध निदेशक संजॉय के. रॉय ने कहा कि दो दशक बाद भी फेस्टिवल की मूल भावना सभी के लिए खुला मंच उपलब्ध कराना है, जहां अलग-अलग विचार मिलें और नई बातचीत की शुरुआत हो। उन्होंने कहा कि यहां युवा दर्शकों को साहित्य, कला, संगीत, खानपान, डिजाइन और वास्तुकला से जुड़ी विरासत को जानने का अवसर मिलता है। फेस्टिवल की सह-संस्थापक एवं सह-निदेशक नमिता गोखले ने कहा कि जयपुर में एक छोटे आयोजन के रूप में शुरू हुआ यह महोत्सव आज दुनिया के प्रमुख साहित्यिक आयोजनों में शामिल है। दो दशकों की यात्रा में इसने विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों के लेखकों तथा साहित्यिक समुदायों को एक मंच पर जोड़ा है। आगामी संस्करण में भी समकालीन साहित्य से लेकर शास्त्रीय रचनाओं और सामाजिक-राजनीतिक विषयों तक विभिन्न पहलुओं पर संवाद होगा। सह-निदेशक विलियम डैलरिम्पल ने कहा कि फेस्टिवल के 20 वर्ष पूरे होना उल्लेखनीय उपलब्धि है। इसकी विशेषता स्थापित साहित्यकारों के साथ उभरते लेखकों, वैज्ञानिकों, इतिहासकारों और कलाकारों को एक मंच पर लाना है।

## पंचायत चुनावों की तैयारी में जुटी आरएलपी

जयपुर। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) की प्रदेश चुनाव समिति की बैठक पार्टी सुप्रीमो और नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आगामी पंचायती राज चुनावों की तैयारियों, चुनावी रणनीति और संगठन को मजबूत बनाने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के टिकट वितरण को लेकर विस्तृत मंथन हुआ।

पार्टी की ओर से जल्द ही प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की जाएगी। बैठक में जिला प्रभारी, सह-प्रभारी और प्रदेश चुनाव समिति के सदस्यों से उनके प्रभार वाले जिलों में संगठन की स्थिति, कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय और चुनावी तैयारियों की जानकारी ली गई। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने, स्थानीय जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने और पंचायत स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा हुई।




## Celebrate the Power of Saving

National Savings Day, observed on October 12, is dedicated to promoting financial awareness and responsible money management. The day emphasizes the importance of cultivating a habit of saving, making informed investments, and planning for both short-term goals and long-term security. From encouraging children to understand the value of money to guiding adults in retirement planning, National Savings Day highlights that even small, consistent savings can grow into substantial financial stability. Banks and financial institutions often run campaigns and special schemes to inspire people, reminding everyone that disciplined saving is key to a secure and prosperous future.



##TRIED & TASTED

# Veggie Delight

No wonder then that in India, we eagerly wait for winters to make our favourite seasonal dishes





Come winter and it is the time for indulgence. Well, who can blame anyone? This is the season when the markets are brimming with all sorts of root vegetables, tubers and leafy greens that are robust with natural goodness. No wonder then that in India, we eagerly wait for winters to make our favourite seasonal dishes. Here are a few recipes to relish.

### Beetroot Kebab

**Ingredients**

- 1 cup grated beetroot
- 1/2 packet firm tofu
- 1/2 Tbsp garlic paste
- 1 Tbsp amchoor powder
- 1 Tbsp roasted and crushed anardana
- Chaat masala, a pinch
- Rock salt, to taste
- 1/4 cup chopped cashew nuts, to stuff
- 1/2 cup crushed oats, to coat
- Oil, to pan fry

**Preparation**

1. Take a bowl and put the grated beetroot, the tofu followed by garlic, amchoor, chaat masala, rock salt and anardana.
2. Mince with your hands and make round patties and insert the chopped cashews as a filling. Make round kebabs.
3. Coat the patties with crushed oat powder.
4. In a flat pan, heat the oil and lightly fry these.
5. Serve with a dollop of green chutney.

### Dal Palak Ka Shorba

**Ingredients**

- 100 gm yellow moong dal
- 100 gm tur dal
- 10 gm garam masala
- 5 gm turmeric powder
- 15 gm ginger
- 250 gm spinach
- 40 gm oil
- 1 tsp cumin seeds
- 1 green chilly chopped
- 8 cloves of garlic finely chopped
- Pinch of asafoetida
- Salt to taste
- Half a lemon juice
- 4 tsp thick cream

**Preparation**

1. Soak moong dal and tur dal (pigeon pea) in water for a couple of hours. After they have been soaked well, pressure cook them with spinach leaves in 4 cups of water. Make a paste and leave aside.
2. Heat oil in a pan. Once done, add cumin seeds till they splutter. Then, add finely chopped ginger and garlic. Saute them till the raw aroma goes away. When they are slightly browned, add garam masala, turmeric powder, chopped chillies and a pinch of asafoetida.
3. Fry this mixture on low flame and then add the dal and spinach paste. You can add some water to adjust the consistency.
4. Add thick cream to the simmering dal, season with salt and lemon juice.

### Shalgam ki Sabzi

**Ingredients**

- 500 Gram Turnips (chopped and washed), peeled
- 2 large Onions, chopped
- 2 Tomatoes, chopped
- 1 Tsp Garlic and ginger, grated
- 2 Green chillies, chopped
- 1 Tsp Sugar, cumin powder and coriander powder
- 1 Tsp Turmeric powder
- 1 Cup of water
- 2 Tbsp Butter/oil
- Salt, to taste
- Coriander leaves to garnish, finely chopped

**Preparation**

1. Heat the butter/oil in a pressure cooker till it is medium hot.
2. Add the chopped green chillies, grated ginger and garlic.
3. Fry briefly.
4. Add the chopped onions and saute on medium heat for 3 minutes or till the onions are lightly browned.
5. Now, add the chopped tomatoes, salt, and the turmeric, cumin and coriander powders.
6. Stir fry on medium/low heat for 3 minutes or till the fat leaves the sides of the cooker.
7. Add the chopped turnips and mix.
8. Add water and stir well.
9. Close the cooker and bring to maximum pressure on high heat.
10. Now, reduce the heat and cook on low level for about 15 minutes.
11. Open the cooker after all the steam has escaped. Add sugar, and very lightly, mash the cooked turnips.
12. Keep on the flame for a few minutes to dry out excess water if any.
13. Garnish with finely chopped coriander leaves.





Iraq's leadership, be it Shia, Sunni or Kurds, has indicated that there is broad support for the relationship with the US across the political spectrum, even from those with political and economic ties to Iran. Iraq's Shia leaders may have religious and political linkages to Iran, but they also have their own distinct interests. While Iraq's political leaders have not always acceded to US demands, they have made decisions that advanced Iraqi interests, even when those decisions are at the expense of Iranian interests.

# The US Pullout From Iraq A Tipping Point



Maj Gen Jagatbir Singh, VSM (RETD)

On 30 September, the last US troops left Iraq, ending more than two decades of US military presence. Since the 2003 invasion, the US-Iraq relationship has been defined by their troop presence.

The security agreement to end 'Operation Inherent Resolve' to defeat the Islamic State of Iraq and al-Sham (ISIS) was negotiated in September 2024 during the Biden administration in two phases. The first phase included the withdrawal from Central and Southern Iraq, including Balad Air Base North of Baghdad and Ain al-Asad Air Base in Anbar province by September 2025. The second phase includes the withdrawal of approximately 2,500 American soldiers from the Kurdistan Region of Iraq and the closure of the Erbil Air Base. The Trump administration is now implementing the phased drawdown of the operation and a transition to bilateral security cooperation.

### Why Iraq Matters

Iraq has weighed heavily on the US psyche after years of US military engagement, billions of dollars spent and thousands of American and Iraqi lives lost. For many Americans, Iraq is the one of the "forever wars" and the US withdrawal from Iraq aligns with President Donald Trump's vision of reducing the overall US military footprint in the Middle East.

The departure will be celebrated by many Iraqis and by the Iranians, who have long sought the exit of US troops from Iraq. Iran shares its longest land border with Iraq and had fought a ten-year conflict but the US invasion, that toppled Saddam Hussein, removed Tehran's greatest regional threat apart from Israel and paved the way for Iran to increase its influence in Iraq economically, politically, and militarily. Iran backed militias in Iraq grew in the years that followed, providing a potent tool for Iran's asymmetric defence. Though, Iraq's current Prime Minister, Ali al-Zaidi, has promised to disarm these militias.

Even as Iraq seems to be fading from the American consciousness, the US remains paramount for Iraq's rulers, who view the US as a pivotal counterweight to Iranian overreach and a critical economic lifeline. Iraq's leadership, be it Shia, Sunni or Kurds, has indicated that there is broad support for the relationship with the US across the political spectrum, even from those with political and economic ties to Iran. Iraq's Shia leaders may have religious and political linkages to Iran, but they also have their own distinct interests. While Iraq's political leaders have not always acceded to US demands, they have made decisions that advanced Iraqi interests, even when those decisions are at the expense of Iranian interests.



## #THE "FOREVER WARS"



### Why US Needs To Remain Engaged

The argument for the US to remain engaged in Iraq is about long-term US strategic interests. For more than a decade, each US President has attempted to pivot to Asia and reduce US focus on the Middle East. But every administration has found itself drawn back as a result of regional crises, whether it was the return of US troops to defeat ISIS, the conflict in Gaza by Israel following Hamas's 07 October 2023 attacks, the US-Israel war with Iran and the latest being the Houthi offensive in Yemen. The fact is that the US has enduring interests in the region that will continue to keep them engaged.

Iraq is directly involved in the equation of the conflict between Iran and both Israel and the US. The Popular Mobilization Forces (PMF) factions, most of which are aligned with Iran, follow the doctrine of the Guardianship of the Islamic Jurist in Qom. From them emerged the alliance of the Islamic Resistance in Iraq, including a number of factions most closely linked to Iran and which claimed responsibility for targeting American bases in Iraq and Syria in response to the Israeli war in Gaza.

Recently, Iran-backed Iraqi militias targeted a Saudi pipeline, and they have launched numerous attacks on US personnel and bases in the region throughout the war.

With consistent US engagement and a modest commitment of resources, many analysts felt that the US could use its substantial influence in ways that advance American interests and help reshape Iraq's political orientation in the region away from Iran and more towards Iraq's own interests. That means maintaining an active security partnership and investing economically.

Further, in case the US needs to launch a land offensive into Iran, Iraq is important as it shares a 1599 km border. But the PMF threat to target American assets across the region, if Iraq is used as a staging ground, can lead to an internal civil conflict. Hence, the other argument is that Iraq is already lost to Iran, hence, continued US engagement will yield only limited gains.

Ending the US presence, with its military infrastructure represented by numerous bases, deprives Iraqi armed factions of the opportunity to continue targeting those bases, and also deprives Iran the opportunity of launching missile and drone strikes against the same bases. It also eliminates the justifications from various factions in Iraq for retaining weapons outside the official state framework. These factions had linked surrendering their weapons to the Iraqi government and relinquishing their independent military and security structures, which in many cases ran parallel to the state's security role with the ending of the US military presence.

### Concerns Remain

Whether it was the first Gulf War, the Iraq War, or the fight against ISIS and now, the Iran War, Iraq's stability has always had a broader regional impact. With its 48 million people, strategic location and enormous oil and gas resources, Iraq remains an important player in the region and its stability matters.

The US withdrawal can lead to a major security vacuum that could be exploited by ISIS cells in two areas. The first is the disputed territories between Baghdad and the Kurdistan Region, which lack a security presence from either Iraqi security forces or Kurdish Peshmerga forces, creating security gaps. The second is the Syrian-Iraqi border region.





While security vacuums during such transitions between security phases are expected, the fear of a security breakdown resulting from these vacuums is particularly acute in Iraq as the region is characterised by the willingness of countries to use military force as a mechanism for managing a crisis.

Iraq is at the heart of this geographically, due to its location and interactions of armed factions within it and their external role in supporting one side or the other.

Another significant repercussion is the US dismantling its Air Defence (AD) systems in Iraq, particularly the Patriot system. The US has insisted on not providing Iraq with American AD systems under concerns that such equipment would fall into the hands of ISIS or Iranian-backed factions, thus exposing sensitive technology to US adversaries in the region. Further, the US imposes strict conditions on countries importing American AD systems, most importantly that they not be used to threaten allies, which includes Israel and the Gulf states.

But Iraq cannot acquire any alternative AD system, such as the Russian S-300, in order to maintain Iraq's security dependence on the US.

Adding to the complications is the military doctrine upon which the Iraqi Army was formed after 2003. The US aimed to create an Iraqi Army whose sole mission was "combating terrorism" (first al-Qaeda and then ISIS), rather than one that functioned as a national defence force. This reflects in the nature of its armament.

The problem of withdrawing AD systems from Iraq lies in the fact that it will cripple Iraq's capabilities, particularly those of the Kurdistan Region, to detect and intercept missiles and drones.

The withdrawal of US forces from Iraq is supposed to facilitate the Iraqi government's efforts to restrict the weapons of the factions, given that the withdrawal would eliminate the factions' justifications for retaining their arms, however, the opposite may take place.

The factions may become even more determined to possess weapons, seeing them as the means by which they were able to threaten US forces, not only in Iraq but also in Syria.

Consequently, the Iraqi government faces two major challenges: first, the challenge of the security vacuum and the lack of an AD system and second, the possibility of the failure of the process of restricting the factions' weapons within the allotted timeframe, which ends in June 2027.

It can be stated that the US withdrawal on one hand and the project to monopolize weapons in the hands of the state on the other are now compelling Prime Minister Ali al-Zaidi to take measures that keep pace with these two events.

While Al-Zaidi's vision is wavering between the idea of "dismantling" the armed factions on one hand, and "organizing" these factions on the other, but the most important is preventing the resurgence of ISIS.

rajeshsharma1049@gmail.com



## #THE JOURNEY

# Drawers From India to Europe

What are often referred to as "Arab chests" were not manufactured in Arabia, they were produced in India and then exported through Arab trade networks



The history of drawers in furniture is more global and interconnected than it may first appear. While drawers are often associated with European cabinetry of the early modern period, their origins can be traced much earlier, and significantly, to India.

### Early Trade and the Role of India

By the 10th century, maritime trade across the Indian Ocean had become highly expansive, with Arab merchants playing a central role. Traders frequently traveled by sea to India, a region renowned for its craftsmanship, textiles, and fine woodwork. These merchants transported goods back to West Asia and beyond using sturdy wooden chests and boxes crafted in India.

These Indian-made chests were not simple storage containers. They were often ingeniously designed, featuring hidden compartments used to store valuables such as jewels, coins, and important documents. The concept of concealed storage reflects both the practical needs of long-distance trade and the sophisticated craftsmanship of Indian artisans.

### Arab Chests and Indian Craftsmanship

Interestingly, what are often referred to as "Arab chests" date back to as early as the 14th century. However, many of these chests were not manufactured in Arabia itself. Instead, they were produced in India and then exported through Arab trade networks. Over time, these chests became associated with Arab regions due to their widespread use and circulation there. Some of these chests already incorporated early forms of drawers or compartmentalized interiors, demonstrating that the idea of segmented storage existed well before it became common in Europe.

### Marriage Chests and Decorative Traditions

India also produced elaborately decorated marriage chests, especially between the 16th and 17th centuries. These chests were often richly adorned and served both functional and ceremonial purposes. They were used to store dowries and personal belongings, symbolizing wealth, status, and familial heritage. The decorative techniques, such as intricate carvings and brass plating, highlight the artistic sophistication of Indian craftsmen. These features would later influence furniture styles beyond the subcontinent.

### European Contact and the Spread of Drawers

With the arrival of European trading powers like the Portuguese and the Dutch in the 16th and 17th centuries, the movement of goods, and ideas, intensified. These traders acquired Indian-made chests, many of which featured brass fittings and complex internal structures. As these items were transported to Europe, they began to influence European furniture design. Around the 17th century, drawers started to appear more prominently in European cabinetry. Initially integrated into chests, drawers gradually became a defining feature of furniture, evolving into standalone units such as chests of drawers.

### The Growing Importance, and Silence, around Drawers

The increasing use of drawers addressed a growing need for organized storage. As societies became more complex and material possessions increased, furniture adapted to provide better accessibility and categorization.

Yet, despite their importance, the origins of drawers are rarely discussed in mainstream histories of furniture. There remains a certain silence around the non-European contributions to this development, particularly the role of Indian craftsmanship and Indian Ocean trade networks.



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# पुस्तकालय व खेल मैदान देश के भविष्य निर्माण की अहम कड़ी : केंद्रीय वन मंत्री यादव

## अलवर में कुश्ती - हॉकी के एस्ट्रॉटर्फ के साथ एथलीटों के लिए सिंथेटिक ट्रेक का काम पूरा हुआ

**अलवर।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव तथा वन राज्य मंत्री (स्वतंत्रा प्रभार) संजय शर्मा ने आज राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय में 17.20 लाख रुपए की राशि से निर्मित सिंथेटिक बास्केटबॉल कोर्ट का लोकार्पण किया। केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत युवाओं का देश है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 में युवा अपनी महती भूमिका निभाकर नेतृत्वकर्ता की भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि देश के भविष्य का निर्माण पुस्तकालय और खेल मैदानों से बनता है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए ई-लाइब्रेरियों की स्थापना कराने के साथ-साथ अलवर सांसद खेल उत्सव आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा विकासात्मक कार्यों का शिलान्यास कराने के साथ उन्हें यथाशीघ्र गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बालक-बालिकाओं को अच्छी शिक्षा मिले तो उनका मानसिक स्वास्थ्य मजबूत होता है तथा खेदकूद उनके शारीरिक विकास को बल देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने का मंत्र बताते हुए कहा कि महाविद्यालय का जीवन अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के साथ-साथ समाज के साथ जुडना है जो चरित्र निर्माण में प्रगाढ करता है। उन्होंने कहा कि अलवर में कुश्ती व हॉकी के एस्ट्रॉट्रफ के साथ एथलीटों के लिए सिंथेटिक ट्रेक का काम पूरा हो गया है। आने वाले समय में खेल सुविधाओं के विस्तार हेतु निरन्तर काम किए जाएंगे। वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने कहा कि केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव के नेतृत्व में स्वच्छ, स्वस्थ एवं ग्रीन अलवर की दिशा में निरन्तर काम करते हुए जिले के चहुंमुखी विकास की परिकल्पना को साकार किया जा रहा है। इस अवसर पर महापौर श्रीमती सुमनलता अठावाल, उप महापौर अजय पूनिया, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, डेयरी चेयरमैन नितिन सांगवान, पूर्व सभापति अजय अग्रवाल, कॉपरेटिव बैंक के उपाध्यक्ष इन्द्र यादव, वाणिज्यि महाविद्यालय की प्रिंसिपल डॉ. मंजु यादव, सतीश यादव, पं. जलेसिंह, जितेन्द्र सैनी, जीतू सैनी, प्रकाश अडीचवाल, मुन्ना शर्मा, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, पार्षद नेहा मनचंदा, सुनील यादव, ममता कंवरएवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।



केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय में 17.20 लाख रुपए की राशि से निर्मित सिंथेटिक बास्केटबॉल कोर्ट का लोकार्पण किया।

■ **भाजपा सरकार वकासात्मक कार्यों का शिलान्यास कराने के साथ उन्हें यथाशीघ्र गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही है**

# पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन अवैध हथियार, दो मैगजीन व 13 जिंदा कारतूस बरामद किए

■ **बाय गांव के सरपंच पर जानलेवा हमले के मामले में वांछित 20 हजार रूपये के इनामी मुख्य आरोपी कपिल को पकड़ा**

**सिंघाना/झुंझुनूं।** पंचायती राज चुनावों से पहले वांछित अपराधियों की धरपकड़ और अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत झुंझुनूं पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सिंघाना थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए नवलगढ़ क्षेत्र के बाय गांव के सरपंच पर जानलेवा हमले के मामले में वांछित 20 हजार रूपये के इनामी मुख्य आरोपी कपिल उर्फ कपिल पण्डित और उसके साथी मनीष पण्डित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से एक देशी पिस्टल, दो देशी कट्टे, दो मैगजीन और 13 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। मुख्य आरोपी कपिल पण्डित के खिलाफ लूट, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट सहित 11 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर के निर्देशानुसार चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय देवेन्द्र सिंह राजावत के मार्गदर्शन तथा बुहाना वृत्ताधिकारी मंजू चौहान के सुपरविजन में यह कार्रवाई की गई। सिंघाना थानाधिकारी पुलिस निरीक्षक सुगन सिंह के नेतृत्व में थाना पुलिस और डीएसटी प्रभारी हेमराज मीणा की टीम ने संयुक्त रूप से दबिश देकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, 10 अक्टूबर 2026 को सिंघाना थानाधिकारी सुगन सिंह पुलिस जाब्ते के साथ पंचायती राज चुनावों के मद्देनजर गश्त, बदमाशों की निगरानी और बूथ चेकिंग पर रवाना थे। इसी दौरान जिला स्पेशल टीम प्रभारी उपनिरीक्षक हेमराज मीणा से सूचना मिली कि बाय गांव के सरपंच पर रात के समय हुए जानलेवा हमले के मामले में वांछित 20 हजार रूपये का इनामी आरोपी कपिल उर्फ कपिल पण्डित अपने साथियों के साथ ईश्कपुरा की रोही में ढाणा से रोजड़ा जाने वाले रास्ते पर बालाजी मंदिर के पास मौजूद है। सूचना में आरोपियों के पास हथियार होने और किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में होने की जानकारी भी दी गई। इसके बाद सिंघाना पुलिस और डीएसटी ने संयुक्त रूप से मौके पर दबिश दी। पुलिस जाब्ते को देखकर दो संदिग्ध व्यक्ति भागने लगे, लेकिन पुलिस टीम ने पीछा कर दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ में एक आरोपी ने अपना नाम कपिल उर्फ कपिल पण्डित (23), पुत्र हरिराम, निवासी बाय, थाना नवलगढ़, जिला झुंझुनूं तथा दूसरे ने अपना नाम मनीष पण्डित (22), पुत्र गोपाल प्रसाद, निवासी इकलेहरा, थाना डीग सदर, जिला डीग बताया। पुलिस ने दोनों की तलाशी ली तो उनके कब्जे से एक देशी पिस्टल, दो देशी कट्टे, दो मैगजीन और कुल 13 जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने हथियार और कारतूस जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब आरोपियों से हथियारों के संबंध में पूछताछ करने के साथ ही मामले में आगे का अनुसंधान कर रही है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी कपिल उर्फ कपिल पण्डित बाय गांव के सरपंच पर जानलेवा हमले के मामले में मुख्य वांछित आरोपी है। उसकी गिरफ्तारी पर 20 हजार रूपये का इनाम घोषित था। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी लूट, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट सहित 11 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस उसे सक्रिय अपराधी बता रही है। आगामी पंचायती राज चुनावों को देखते हुए वांछित अपराधियों की धरपकड़ और अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई के क्रम में इस गिरफ्तारी को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कार्रवाई में सिंघाना थाना पुलिस की ओर से थानाधिकारी सुगन सिंह, कांस्टेबल अमित कुमार , आरटी कांस्टेबल योगेश तथा चालक कांस्टेबल भूपेन्द्र शामिल रहे।

# नर्सिंग ऑफिसर के घर मिली लाखो की सरकारी दवाइयां

■ **गोदाम से नशीली टेबलेट और इंजेक्शन मिले; दो साल से कर रहा था चोरी**

**टोंक, (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में जिलेभर में चलाये जा रहे नशा मुक्त अभियान के तहत वृत्ताधिकारी मृत्युन्जय मिश्रा के सुपरविजन एवं कोतवाली थानाधिकारी भवरलाल वैष्णव के नेतृत्व में गठित थाना टीम व जिला स्पेशल टीम टोंक द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए कोतवाली क्षेत्र से प्रतिबन्धित नशीले दवाईया बेचते हुए सआदत अस्पताल टोक के मेल नर्स अकबर खान मंसूरी पुत्र अय्युब खांन उम्र 35 साल को गिरफ्तार किया जाकर कब्जे से 47 हजार 270 रूपये नगद राशी व बडी मात्रा मे नशीले दवाईयां जप्त की गई है। उन दवाईयो मे से कुछ दवाईया सरकारी सआदत अस्पताल के सरकारी कोठे की दवाईया होना बताया गया है। मामले मे आरोपी के ख्लािफ प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।

थानाधिकारी कोतवाली ने बताया कि डीएसटी व थाना कोतवाली टीम ने सआदत अस्पताल के जिला हॉस्पिटल का नर्सिंग ऑफिसर के घर पर शनिवार रात्रि को दबिश देकर सरकारी हॉस्पिटल की दवाइयां एवं 47 हजार रुपए और मोबाइल जब्त किया हैं। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी नर्सिंग ऑफिसर अकबर खान जो अपने घर पर अवैध रूप से मेडिकल स्टोर खोल रखा है, नौकरी की आड़ में हॉस्पिटल से ढाई साल से दवाइयां चोरी कर बेच रहा था। कोतवाली थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के साथ सरकारी दवाइयों की चोरी और अवैध बिक्री से जुड़ी गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है, मामले की जांच पुरानी टोंक थाने को दी है।

जिला स्पेशल टीम प्रभारी ने बताया कि अकबर खान के घर से 600 अल्प्राजोलम टैबलेट, 355 ट्रामाडोल इंजेक्शन और 200 एविल इंजेक्शन बरामद किए गए, ये सर्जिकल वार्ड के सर्जरी वाले पेसेंट को डॉक्टर द्वारा लिखने पर ही दी जाती है। इसके अलावा 500 डेक्सामेथासोन, 500 रैनिटिडिन, 300 एमिकासिन, 210 सेफोपेराजोन, 200 डिक्लोफेनाक और 150 सेफ्ट्रिएक्सोन इंजेक्शन भी जब्त किए गए। मौके से जिनोसिन, मेरोपेनम, जेंटामाइसिन और हाइड्रोकार्टिसोन जैसे अन्य कीमती इंजेक्शन भी सैकड़ों की संख्या में मिले। पुलिस ने भारी मात्रा में सरकारी उपयोग की सर्जिकल सामग्री भी जब्त की है। इसमें 3,500 से अधिक सिरिंज, कैनुला के पैकेट और अन्य कैप्सूल शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, बरामद दवाइयों और सामग्री की कीमत लाखों रुपए है।

वही सआदत हॉस्पिटल के पीएमओ डॉ. प्रतीक सालोदिया ने बताया कि मामले की जानकारी मीडिया के माध्यम से मिली है, पुलिस या अन्य सरकारी एजेंसी से अधिकृत जानकारी मिलने के बाद हॉस्पिटल के मेडिसिन स्टोर के स्टॉक की जांच कराई जाएगी। अस्पताल के मेडिसिन स्टोर से दवाइयां बाहर ले जाकर बिना डॉक्टर की सलाह से बेचा जा रहा था। नियमानुसार जांच कराने के बाद नर्सिंग ऑफिसर के खिलाफ कार्यवाही के लिए उच्च अधिकारियों को लिखा जाएगा।

पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि अस्पताल के मुख्य मेडिसिन स्टोर से इतनी बड़ी मात्रा में दवाइयां बाहर कैसे पहुंचीं। पुलिस को आशंका है कि इस मामले में हॉस्पिटल के कुछ अन्य कर्मचारी या डॉक्टर भी शामिल हो सकते हैं। मोबाइल की कॉल डिटेल के जरिए उन लोगों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है, जिन्हें ये दवाइयां बेची जानी थीं। पुलिस अवैध मेडिकल स्टोर संचालकों और नशा तस्करों से जुड़े संभावित संपर्कों की भी जांच कर रही है।

## डूंगरपुर एसबीपी कॉलेज के समक्ष मध्यरात्रि में हुई दुर्घटना में क्षतिग्रस्त ट्रोला

**डूंगरपुर, (निसं)।** शहर में एसबीपी कॉलेज के पास शनिवार रात बांसवाड़ा से चारा लेकर आ रहा एक ट्रक आगे चल रहे ट्रॉले से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और ड्राइवर केबिन में ही फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

मामले के अनुसार ट्रक ड्राइवर गुजरात भुज निवासी वरधा भूसे से भरा ट्रक लेकर बांसवाड़ा से भुज जा रहा था। इस दौरान डूंगरपुर शहर से गुजरते समय ट्रक एसबीपी कॉलेज के पास आगे जा रहे ट्रॉले से जा टकराया। हादसे में ट्रक ड्राइवर केबिन में बुरी तरह फंस गया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस का जाप्ता तुरंत मौके पर पहुंचा। वही मौके पर मौजूद स्थानीय युवकों ने साहस और सूझबूझ का परिचय दिया। युवकों ने बिना समय गंवाए जेसीबी और कटर मशीन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त ट्रक के केबिन और सीट को काटा। लगभग 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ड्राइवर को बाहर निकाला जा सका। इसके बाद 108 एम्बुलेंस के ईएमटी रॉयल जैन ने तत्परता दिखाते हुए गंभीर रूप से घायल ड्राइवर को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है।

# दिल्ली से भरतपुर लाई गई मां राजराजेश्वरी, महाराजा जवाहर सिंह से जुड़ा है प्राचीन मंदिर का इतिहास

**भरतपुर (निसं)।** शारदीय नवरात्रि की शुरुआत के साथ ही देवी मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। घरों से लेकर मंदिरों तक मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की जा रही है। शहर के खिरनी घाट स्थित प्राचीन राजराजेश्वरी देवी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। मान्यता है कि इस मंदिर का इतिहास भरतपुर रियासत के महाराजा जवाहर सिंह से जुड़ा हुआ है। पुजारी के अनुसार, महाराजा जवाहर सिंह मां की प्रतिमा को दिल्ली से भरतपुर लेकर आए थे और यहां उनकी स्थापना करवाई थी। नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा के साथ मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो गए हैं।

■ **नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा के साथ मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो गए है**

दिल्ली विजय की ऐतिहासिक गाथा और भरतपुर रियासत की धार्मिक परंपराओं से जुड़ा खिरनी घाट स्थित प्राचीन राजराजेश्वरी देवी मंदिर शारदीय नवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। नवरात्रि के पहले दिन रविवार सुबह से ही मंदिर में भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने मां राजराजेश्वरी के दरबार में धोक लगाकर परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। मंदिर के पुजारी अजय भारद्वाज के अनुसार, मां राजराजेश्वरी का इतिहास काफी प्राचीन है। धार्मिक मान्यता और मंदिर से जुडी जनश्रुतियों के अनुसार, मां पृथ्वीराज चौहान की इष्ट देवी मानी जाती थीं। बताया जाता है कि भरतपुर के महाराजा जवाहर सिंह जब दिल्ली विजय के बाद लौटे, तो मां की प्रतिमा को अपने साथ भरतपुर लेकर आए थे। इसके बाद यहां मां की स्थापना की गई और तभी से यह मंदिर शक्ति उपासना का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। पुजारी अजय भारद्वाज ने मंदिर से जुड़ी मान्यता का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रचलित कथा के अनुसार, मां की प्रतिमा एक संदूक में रखी हुई थी। महाराजा जवाहर सिंह को इस सन्दूक के बारे में जानकारी मिली तो उन्हें लगा कि इसमें कोई खजाना हो सकता है। मान्यता है कि इसी दौरान मां ने महाराजा को स्वप्न में दर्शन देकर सन्दूक से बाहर निकालने का संकेत दिया। इसके बाद महाराजा ने सुबह सभा में अपने स्वप्न का जिक्र किया। जब पेटिका को खोलकर देखा गया तो उसमें मां की प्रतिमा निकली। इसके बाद महाराजा जवाहर सिंह मां की प्रतिमा को भरतपुर लेकर आए और यहां स्थापित करवाया। मंदिर के पुजारी के अनुसार, इसी परंपरा के चलते यह स्थान आज भी श्रद्धालुओं की गहरी आस्था का केंद्र है। मंगला आरती से शुरू होती है पूजा, पंचामृत से होता है अभिषेक मंदिर में प्रतिदिन सुबह पांच बजे मंगला आरती की जाती है। इसके बाद सुबह छह बजे मां राजराजेश्वरी का दूध, दही, शहद, घी और बूरा से अभिषेक किया जाता है। पुजारी अजय भारद्वाज के अनुसार, नवरात्रि की प्रतिपदा से लेकर पूर्णिमा तक अभिषेक की यह परंपरा लगातार निभाई जाती है।



शारदीय नवरात्रि प्राचीन राजराजेश्वरी देवी मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की ।

# 21 साल की युवती व 30 साल की महिला लापता

**सीकर ।** जिले में 21 साल की युवती और 30 साल की महिला के लापता होने का मामला सामने आया है। युवती रात को अपने परिवार के साथ सोई थी जो सुबह नहीं मिली। वहीं 30 साल की महिला सुबह के समय घर से बिना बताए कहीं पर चली गई। अब दोनों की पुलिस तलाश कर रही है। 21 साल की युवती के लापता होने के केस में उसके घरवालों ने पुलिस में शिकायत देकर बताया कि उनकी बेटी 9 सितंबर की रात उनके साथ ही सो रही थी। 10 सितंबर की सुबह जब उठकर देखा तो बेटी घर पर नहीं मिली। बेटी के पास एक मोबाइल था वह भी घर पर नहीं है। इसके बाद बेटी की आस-पड़ोस में काफी तलाश की गई। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। परिवार ने एक युवक पर शक जताया है। वहीं 30 साल की महिला के लापता होने के केस में उसकी मां ने पुलिस में शिकायत देकर बताया कि उनकी बेटी अपने ससुराल से पीहर आई हुई थी। जो 2 दिन पहले सुबह के समय घर से बिना बताए कहीं पर चली गई।

## 11 साल से फरार आजीवन कारावास का दंडित अपराधी देवीसिंह बिसाऊ में डिटेन

**झुंझुनूं/बिसाऊ।** पंचायती राज चुनाव के मद्देनजर वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बिसाऊ थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काटते समय जेल से फरार हुए दंडित अपराधी देवीसिंह को डिटेन किया है।

करीब 11 वर्ष पहले जेल से फरार हुए देवीसिंह को स्थायी गिरफ्तारी वारंट के तहत पकड़ा गया। आवश्यक पूछताछ के बाद उसे झुंझुनूं के कोतवाली थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस के अनुसार, देवीसिंह पुत्र शीशपाल निवासी महनसर, हाल बिसाऊ को वर्ष 2007 में हत्या के एक प्रकरण में आजीवन कारावास की सजा हुई थी। सजा काटने के दौरान वह झुंझुनूं जेल से फरार हो गया था। इसके बाद उसके खिलाफ कोतवाली थाना झुंझुनूं में दर्ज प्रकरण में स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी था। बस स्टैंड पर खड़ा मिला, पूछताछ में हुई पहचान - पुलिस कार्रवाई के अनुसार , 11 अक्टूबर को बिसाऊ थानाधिकारी उमाशंकर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम गश्त पर थी।

## लाखों की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**सीकर ।** बीएड कराने के नाम पर युवाओं से लाखों की ठगी करने वाले आरोपी को आज गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली थाना पुलिस ने जयपुर रेंज आईजी टीम से मिलकर यह कार्रवाई की। पुलिस आरोपी को शनिवार शाम देहरादून से सीकर लेकर पहुंची। आरोपी 18 साल से देश की बड़ी कोचिंगों में पढ़ाकर फरारी काट रहा था।

गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी ने अपने परिवार और रिश्तेदारों से कांटेक्ट करना बंद कर दिया था। फरारी के दौरान ही देहरादून में मकान खरीद लिया। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

कोतवाली थाना सुनील कुमार जांगिड़ ने बताया कि आरोपी कल्याण सिंह (56) पुत्र भूर सिंह निवासी बोरटा, जालोर को देहरादून में प्रेमनगर स्थित उसके मकान पर दबिश देकर गिरफ्तार किया है।

आरोपी को पकड़ने के लिए कोतवाली पुलिस और जयपुर रेंज आईजी ऑफिस की टीम ने एयरटेल फाइबर टेक्नीशियन बनकर उसके घर पर दबिश दी और उसे पकड़ लिया। आरोपी कल्याण 18 साल से फरार चल रहा था। कोर्ट ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया था और उस पर 35 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था।दरअसल आरोपी कल्याण सिंह अपने साथी विकास सक्सेना के साथ 2007-08 में अशोक विहार में जनरल एजुकेशन सेंटर नाम से प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग चलाता था। जहां वह युवाओं को , सरकारी टीचर की तैयारी करवाता था। राजस्थान में उस समय सरकारी टीचर की भर्ती निकली थी। परीक्षा में शामिल होने के लिए बीएड की डिग्री होना जरूरी थी। आरोपी कल्याण और उसका साथी विकास अपने यहां पढ़ने वाले स्टूडेंट्स से पैसे लेकर उन्हें नोएडा, गाजियाबाद से बीएड करवाते थे। दोनों आरोपियों ने करीब 30 स्टूडेंट्स से 70-80 हजार रुपए प्रति स्टूडेंट के हिसाब से लाखों रुपए ले लिए।

# गांवों में जुड़ने लगी चौपाल, योग्य सरपंच उम्मीदवार की तलाश

■ **माचडी-अलापुर पंचायत में आधा दर्जन से ज्यादा सरपंच प्रत्याशी चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे है**

**अलवर।** पंचायत चुनावों में अभी सरगर्मी तेज नही हुई है सरपंच प्रत्याशी अभी गांवों में अपने लिए समर्थन बनाते हुए चुनाव लड़ने की तैयारी में है। माचडी-अलापुन पंचायत में प्रत्याशियों की दौड धूप शुरू हो चुकी है । करीब आधा दर्जन से ज्यादा उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरने की फिराग में है और गांवों में अपने समर्थक ढूड रहे है। माचडी-अलापुर पंचायत में आधा दर्जन से ज्यादा सरपंच प्रत्याशी चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे है और अपना समीकरण बना रहे है गांवों की पंचायत जुड रही है कुछ उम्मीदवार ठाामीणों के फैसले के बाद चुनावी रणनीति से बाहर भी हो सकते है। फिलहाल यहां समाज सेवी जसवंत यादव का मुकाबला युवा ताहिर खान के बीच बनता नजर आ रहा है। इस मुकाबले में जहां जसवंत सिंह यादव उम्रदराज और अनुभवी के साथ-साथ क्षेत्र के प्रसिद्व समाज सेवी है उन्होंने हर क्षेत्र में ग्रामवासियों की मदद की है वे हर समय ग्रामीणों के दुख सुख में शामिल रहे है उन्हें सर्व समाज का समर्थन प्राप्त है। जिसका फायदा उन्हें इस चुनाव में मिल सकता है। वही ताहिर खान युवा और जोशिले है उन्हें मेव समाज का पूर्ण समर्थन प्राप्त है। दोनों की उम्मीदवारों ने गांव की समस्या को दूर करने का वायदा ग्रामीणों से किया है ग्रामीणों की प्रमुख समस्या पानी, रोड लाईट और सफाई है जिसे पूरा करने के लिए दोनों ही भावी सरपंच ग्रामीणों से वायदा करने में लगे है वे क्षेत्र की मिडिल स्कूल को भी क्रमोन्नत कराना चाहते है ताकि गांव की बच्चियां गांव से दूर पढाई करने ना जाए। इधर नव सर्जित ठााम पंचायत टेहडपुर से जितेन्द्र कुमार चुनाव मैदान में उतरे है हलाकि उनके क्षेत्र में कई उम्मीदवार चुनाव मैदान में है लेकिन जब ग्रामीणों से पूछा गया तो ज्यादा से ज्यादा लोगों ने जितेन्द्र कुमार को ही सरपंच पद का प्रमुख दावेदार बताया है। ग्रामीणों ने बताया कि जितेन्द्र गांव की सभी समस्याओं को उठाने की काबिलियत रखता है और यहां स्कूल, बिजली, पानी, सफाई सहित अनेकों मूलभूत सुविधाओं का अभाव है जिन्हें कोई भी सरपंच अपने कार्यकाल में पूरा नही कर पाया है सडके टूटी हुई लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पडता है जिसके चलते ग्रामीणों ने जितेन्द्र कुमार पर अपना विश्वास जताया है।

# गड़ीसर सरोवर सूखने की कगार पर, सैलानियों का नौकायन बंद

■ **जलस्तर घटने से पर्यटन कारोबार प्रभावित, झील को भरने के लिए ट्यूबवेल सहित अन्य विकल्पों पर विचार**

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** स्वर्णनगरी जैसलमेर की ऐतिहासिक पहचान और पर्यटकों के प्रमुख आकर्षणों में शामिल गड़ीसर सरोवर इन दिनों पानी की कमी से जूझ रहा है। मानसून में पर्याप्त बारिश नहीं होने और अक्टूबर में तेज गर्मी के चलते सरोवर का जलस्तर लगातार घट रहा है। स्थिति यह है कि कई स्थानों पर पानी के बजाय सूखी जमीन दिखाई देने लगी है। जलस्तर कम होने से सैलानियों का नौकायन बंद हो गया है, जिससे पर्यटन से जुड़े स्थानीय कारोबारियों की चिंता बढ़ गई है।

गड़ीसर सरोवर में नौकायन, पानी के बीच स्थित छतरियों और मंदिरों का नजारा देशी-विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करता रहा है। पर्यटन सीजन शुरू होने के साथ ही यहां सैलानियों की आवाजाही बढ़ने की उम्मीद रहती है, लेकिन सरोवर में पानी की कमी से पर्यटक निराश हो रहे हैं। इसका असर नौकायन संचालकों के साथ झील की पाल पर राजस्थानी गहने और श्रृंगार सामग्री बेचकर परिवार चलाने वाले दुकानदारों के कारोबार पर भी पड़ रहा है। गड़ीसर सरोवर को पूर्व में पाइपलाइन के माध्यम से इंदिरा गांधी नहर परियोजना से जोड़ा गया था, ताकि जरूरत पड़ने पर सरोवर में पानी पहुंचाया जा सके। वर्तमान स्थिति को देखते हुए सरोवर को पाइपलाइन से भरने का सुझाव भी सामने आया है।

नगर परिषद सभापति विजय डांगरा के पदभार ठाहण समारोह में विधायक छोटूसिंह भाटी ने उपस्थित नगरवासियों के समक्ष गड़ीसर में पानी भरवाने का सुझाव रखा था।

उनके संबोधन से यह संदेश सामने आया कि सरोवर में पानी की कमी से जैसलमेर के पर्यटन व्यवसाय पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर चिंता है। अब इस दिशा में व्यावहारिक समाधान निकालने की जरूरत महसूस की जा रही है। सरोवर में पानी की उपलब्धता बनाए रखने के लिए नगर परिषद की ओर से चार ट्यूबवेल खुदवाकर पानी भरने की योजना तैयार किए जाने की जानकारी सामने आई है।

इसके साथ ही अन्य विकल्पों पर भी विचार किया जा रहा है। हालांकि, सरोवर को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने के लिए कौन-सा विकल्प कितना कारगर होगा, यह संबंधित विभागों की तकनीकी जांच और उपलब्ध जल संसाधनों पर निर्भर करेगा। स्थानीय लोगों को वर्ष 2002-03 में पड़े सूखे के दौरान बने हालात याद आने लगे हैं। गड़ीसर सरोवर केवल ऐतिहासिक धरोहर ही नहीं, बल्कि जैसलमेर के पर्यटन व्यवसाय से भी जुड़ा महत्वपूर्ण केंद्र है। सरोवर की रौनक बनी रहने से नौकायन संचालकों, दुकानदारों और पर्यटन गतिविधियों से जुड़े अन्य लोगों को रोजगार मिलता है।

ऐसे में गड़ीसर में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना पर्यटन सीजन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। अब लोगों की निगाहें नगर परिषद और संबंधित प्रशासनिक विभागों पर टिकी हैं कि सरोवर को राहत देने के लिए कौन-सा स्थायी और व्यावहारिक समाधान निकाला जाता है।

आयुक्त नगरपरिषद पवन कुमार ने बताया कि इस वर्ष बारिश कम होने से गड़ीसर सरोवर में पानी कम है। कलैक्टर अनुपमा जोरवाल से नगरपरिषद ने चार ट्यूबवेल खुदवाने के लिए निवेदन किया है। नगरपरिषद भी सीएसआर फंड से चार ट्यूबवेल खुदवा कर गड़ीसर सरोवर को भरने की योजना बना रही है ताकि सैलानियों को नौकायन की सुविधा मिल सके।

# बाघ-108 के चेहरे के पास दिखे चोट के निशान, वन विभाग की लगातार निगरानी जारी

**सवाई माधोपुर, (निसं)।** रणथम्भौर टाइगर रिजर्व में बाघ -108 के चेहरे के पास चोट के निशान देखे गए हैं। प्रारंभिक आकलन के अनुसार, किसी अन्य नर बाघ के साथ क्षेत्रीय वर्चस्व को लेकर हुए संघर्ष की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

मानस सिंह ने बताया कि वन विभाग द्वारा बाघ -108 की गतिविधियों एवं स्वास्थ्य की लगातार निगरानी की जा रही है। पशु चिकित्सा टीम भी बाघ की स्थिति पर निरंतर नजर रख रही है तथा उसके स्वास्थ्य का आकलन किया जा रहा है।

वन विभाग की फील्ड टीम क्षेत्र में सतत निगरानी बनाए हुए है तथा उसके मूवमेंट को कर रही है ट्रैक।

वन विभाग द्वारा वन्यजीवों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। वन्यजीवों का संरक्षण एवं उनकी सुरक्षा वन विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



पशु चिकित्सा टीम भी बाघ की स्थिति पर निरंतर नजर रख रही है तथा उसके स्वास्थ्य का आकलन किया जा रहा है।

# कोटा के 133वें राष्ट्रीय दशहरा मेले का भव्य शुभारंभ, शिक्षा मंत्री दिलावर ने फहराया ध्वज

## कोटा का दशहरा मेला लोक आस्था और एकता का प्रतीक है-मंत्री मदन दिलावर

**कोटा, (निसं)।** ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर के प्रतीक 133वें राष्ट्रीय दशहरा मेले का रविवार को श्रीराम रंगमंच पर भव्य व गरिमामय वातावरण में औपचारिक शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर समेत अतिथियों ने मेला ध्वज फहराकर, आकाश में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़कर और आतिशबाजी के साथ मेले के उद्घाटन की घोषणा की। इस अवसर पर मेले की आधिकारिक वेबसाईट का भी लोकार्पण किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि मदन दिलावर ने मेले की भव्यता और दिव्यता में हर वर्ग की सहभागिता पर बल देते हुए कहा कि कोटा का दशहरा मेला लोक आस्था और एकता का प्रतीक है। उन्होंने निर्देश दिए कि मेले से जुड़े प्रत्येक घटक चाहे वे व्यापारी हों, स्थानीय कलाकार हों, दूर-दराज से आने वाले दर्शनार्थी हों या सहयोग करने वाले कर्मचारी सभी को पूरा मान-सम्मान मिले और उनकी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए।

समारोह को संबोधित करते हुए ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि सभी के समन्वित प्रयासों से इस मेले को और अधिक आकर्षक बनाया जाएगा। कोटा को केवल शिक्षा नगरी के साथ एक प्रमुख पर्यटन नगरी के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि नवरात्रि का पावन अवसर और रावण दहन का प्रतीक हमें यह संदेश देता है कि हमें असत्य पर सत्य की विजय के साथ-साथ अपने जीवन की बुराईयों का भी अंत करना होगा। उन्होंने भरोसा जताया कि ऊर्जा विभाग मेले में जगमगाहट और भव्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने में अपना पूरा योगदान दे रहा है।



कोटा राष्ट्रीय दशहरा मेले का श्रीराम रंगमंच पर भव्य व गरिमामय वातावरण में शुभारंभ हुआ ।

- रावण दहन के साथ-साथ जीवन की बुराइयों का भी करें दहन - ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर

विरासत और परंपराओं का जीवंत रूप-कार्यक्रम में लाड़पुरा विधायक कल्पना देवी ने कहा कि कोटा दशहरा मेले की परंपराओं से उनके परिवार का ऐतिहासिक जुड़ाव रहा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा स्पीकर ओम बिरला की प्रेरणा से आज कोटा में विरासत और विकास का बेहतरीन समन्वय देखने को मिल रहा है। उन्होंने समाज में महिलाओं के सम्मान को पूजा का सच्चा रूप बताया। वहीं, शहर भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि यह मेला जन-आस्था और सपनों का संगम है, जिसे भाजपा बोर्ड और सरकार निरंतर नई ऊंचाईयों पर ले जा रही है। महापौर अनुसूइया गोस्वामी ने मेले को कोटा की गौरवशाली विरासत बताते हुए कहा कि पीढ़ि यों के बदलने के बावजूद इस मेले से जन-जन का भावनात्मक जुड़ाव आज भी वैसा ही अक्षुण्ण है।

उपमहापौर विवेक राजवंशी ने भी मेले को देशभर में विशिष्ट पहचान दिलाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि कोटा दशहरा मेला हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। इसे निरंतर बेहतर बनाने में हमें सब कोटावासियों का भरपूर सहयोग मिला है। हमारा प्रयास है कि इसकी पहचान देश भर में पहुंचे।

स्वागत भाषण देते हुए मेला अधिकारी एवं निगम आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा ने कहा कि कोटा दशहरा मेला सामाजिक समरसता, व्यापार और लोक कला का जीवंत प्रमाण है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन में इस बार दर्शकों को सुरक्षित वातावरण, बेहतरीन व्यवस्थाएं और उच्चस्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम उपलब्ध कराए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में उपायुक्त भावना सिंह ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह में रेड क्रॉस सोसाईटी के अध्यक्ष राजेश बिरला, भाजपा प्रवक्ता पंकज मेहता, आईएएस उत्कर्ष यादव, उपायुक्त धीरज कुमार सोनी एवं मुख्य अभियंता महेश गोयल, फॉयर ऑफिसर राकेश व्यास, उपायुक्त महावीर सिंह सिसोदिया, सत्यनारायण राठौर, पार्षदगण, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद, महिला सहित तीन आरोपी गिरफ्तार



रामपुरा कोतवाली व डीएसटी टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए महिला तस्कर सहित तीन आरोपी पकड़े।

- अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ थाना रामपुरा कोतवाली के थानाधिकारी देशराज सिंह मय जाप्ता व शहर की डीएसटी टीम ने संयुक्त रुप से कार्यवाही को अंजाम दिया
- जिला अमरेली गुजरात की रामनाथ परा हाथी खाना 8 नम्बर राजकोट निवासी डाबी संगीता बेन के पास से अवैध मादक पदार्थ स्मैक 25.2 ग्राम बरामद की

**कोटा, (निसं)।** रामपुरा कोतवाली एवं डीएसटी टीम ने संयुक्त रूप से इलाके में स्थित सरोवर पार्किंग के पास से कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त एक महिला सहित कुल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 25.2 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक एवं बिक्री राशि 50,070 रूपये बरामद की है। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि शहर में अवैध गतिविधि एवं मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शहर एसपी ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ थाना रामपुरा कोतवाली के थानाधिकारी देशराज सिंह मय जाप्ता एवं शहर की डीएसटी टीम ने संयुक्त रुप से कार्यवाही को अंजाम दिया। शहर एसपी ने बताया कि टीम ने रामपुरा कोतवाली इलाके के सरोवर पर्किग के पास से कार्यवाही करते हुए जिला अमरेली गुजरात की रामनाथ परा हाथी खाना 8 नम्बर राजकोट निवासी डाबी संगीता बेन के पास से अवैध मादक पदार्थ स्मैक 25.2 ग्राम बरामद की तथा कार्यवाही के दौरान नयापुरा निवासी शाहरुख अली (26) से अवैध मादक पदार्थ स्मैक की बिक्री राशि 50,070 रुपये बरामद किये। शहर एसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने अवैध मादक पदार्थ बरामद होने पर मौके पर एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए महिला तस्कर डाबी संगीता बेन (35) उसके सह आरोपी गुजरात निवासी मोमताजुल मलिक (21) एवं नयापुरा निवासी शाहरुख अली (26) को गिरफ्तार किया है, पुलिस टीम ने पकड़े गये आरोपियों के पास से अवैध मादक पदार्थ 2.5 ग्राम स्मैक एवं बिक्री राशि 50,070 रुपये बरामद किये है। प्रकरण का अनुसंधान कैथूनीपोल के थानाधिकारी धारासिंह द्वारा किया जा रहा है।

# चाकू दिखा कर बैग छीनने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** नान्ता थाना इलाके में सर्राफा व्यापारी को चाकू दिखाकर बैग छीनने के दर्ज मामले में नान्ता पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने बताया कि 5 अक्टूबर को फरियादी अनिल जौहरी ने नान्ता थाने में रिपोर्ट दी, फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि सोने चांदी की दुकान चलाता हूं। रिपोर्ट में कहा कि बेटे के साथ दुकान बढ़ ाकर सोमनाथ मंदिर के सामने पहुंचे तो रास्ते में बदमाश चाकू दिखाकर बैग छीन ले गए जिसमे कुछ नगद रुपए व सोने चांदी के आभूषण थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया, घटना की गम्भीरात को देखते हुए अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु थानाधिकारी महावीर मीणा के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेज चैक किये गये। टीम द्वारा लगातार अपराधियों के रहने, छुपने के स्थानों पर निरन्तर दबिश दी गई। टीम को आरोपी साहिल उर्फ तरूण के पत्थर मण्डी में होने की सूचना प्राप्त हुई। टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पत्थरमण्डी क्षेत्र की घेराबन्दी की गई। पुलिस को देख कर आरोपी ने फोरेस्ट की दीवार से छलांग लगाई जिससे उसके बांऐ पैर में मौच आ गई। टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी साहिल उर्फ तरूण को मौके पर गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम ने पकड़े गए आरोपी को न्यायालय में पेश किया । जहां से आरोपी को पुलिस रिमाण्ड पर सौंपा गया पकड़े गए आरोपी की निशादेही से घटना में प्रयुक्त चाकू व दस्तावेज बरामद किये गये। आरोपी से प्रकरण में अनुसंधान जारी है। घटना के मुख्य अभियुक्त पीयूष जैठी की तलाश पतारसी जारी है, जिसको भी शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

### तारबंदी के नाम पर साइबर ठगी

**सीकर ।** ऑनलाइन तार (वायर) मंगवाने के चक्कर में साइबर ठगी का मामला सामने आया है। फेसबुक एड के जरिए पीड़ित साइबर ठगी का शिकार हो गया। पीड़ित ने सीकर के साइबर पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। अब साइबर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीकर निवासी नेमीचंद ने शिकायत देकर बताया कि उन्होंने फेसबुक पर खेत की तारबंदी पर लगाए जाने वाले तार का एक एड देखा था। जिस पर क्लिक करने के बाद उन्हें तार की रेट बताई गई। ऐसे में नेमीचंद ने 4.5 टन तार के लिए ऑर्डर दिया। इसके बाद उन्हें साइबर ठग ने विश्वास में लेने के एक बिल भी भेजा। ऐसे में वह विश्वास में आ गए। इसके बाद उन्हें 3 लाख 6 हजार 800 रुपए ट्रांसफर भी कर दिए। लेकिन उन्हें ऑर्डर नहीं मिला और उससे कांटेक्ट भी नहीं हो पा रहा। ऐसे में नेमीचंद ने साइबर पोर्टल पर इसकी शिकायत दी। जिसके बाद पुलिस के मुकदमा दर्ज हुआ है। अब साइबर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। जिन अकाउंट में अमाउंट ट्रांसफर हुआ। उसके आधार पर अब साइबर थाना पुलिस आरोपियों का पता लग रही है।

# साहित्यकार डॉ. जीवन सिंह, डॉ. हेतु भारद्वाज, सुनील लोहमरोड़ पुरस्कृत

**जयपुर/चूरू ।** प्रयास संस्थान की ओर से चूरू के सूचना केंन्द्र में रविवार शाम हुए समारोह में बतौर अध्यक्ष बोलते हुए प्रख्यात साहित्यकार प्रो. असगर वजाहत ने कहा कि आज सवाल किया जाता है कि क्या साहित्य से समस्या का हल होता है। साहित्यकारों के सामने यह सवाल अगर है तो बड़ी चुनौती है। चुनौतियों को स्वीकार करना ही साहित्यकार का दायित्व होता है।

प्रो. वजाहत ने कहा कि साहित्य अनेक भूमिकाओं में होता है। सत्ता को दिशा देने में उसकी एक भूमिका है। यहीं से समस्यों का हल निकलता है। परंतु सत्ता को ध्यान रखना होता है कि शक्ति सत्ता को नहीं बनाती, अपितु सहमति से सत्ता का निर्माण होता है। वह सहमति बनी रहनी जरूरी है। प्रो. वजाहत ने कहा कि विचार नाव है, विचाररूपी नाव नदी पार करा सकते हैं, परंतु नदी पार करने के बाद आगे का सफर आपको स्वयं तय करना पड़ता है। समय और भूगोल की सीमा पार करने वाला ही महाबलि होता है। साहित्यकार डॉ. जीवन सिंह ने कहा कि आज हम अतीतगामी हो गए हैं, यह विचारशून्यता के कारण हो रहा है। जिंदगी के अनुभवों से सृजित साहित्य जनता से जुड़ा रहता है और वहां से विचार प्रस्फुटित होते हैं। पश्चिम की आलोचना मात्र ही हमारे अतीत का



प्रयास संस्थान की ओर से चूरू के सूचना केंन्द्र में रविवार शाम हुए समारोह में साहित्यकारों को पुरुस्कृत किया।

गौरव नहीं, अपितु अपनी बीमारियों और रूढ़ियों का मूल्यांकन ही हल है। साहित्यकार डॉ. हेतु भारद्वाज ने कहा कि लेखक के सामने सिर्फ जिंदगी ही चुनौती है और जिसने उस जिंदगी को लिखने का साहस कर लिया वही साहित्यकार है। जो लोगों में घुला-मिला न हो वह लेखक नहीं हो सकता। जनता से जुड़ाव ही उसकी पहचान होती है। युवा साहित्यकार सुनील लोहमरोड़ ने अपनी काव्यात्मक प्रस्तुति में कहा कि आमंत्रण का सम्मान ही साहित्यकार का इम्तहान होता है। युवा साहित्यकार मनीष मीणा ने कहा कि जल, जंगल, जमीन की बात करते हुए वक्त को समझना युवा लेखन के बरक्स आज चुनौती है।

इससे पूर्व समारोह में प्रयास संस्थान का घासीराम वर्मा साहित्य पुरस्कार वर्ष 2025 के लिए अलवर के डॉ. जीवन सिंह एवं 2026 के लिए जयपुर के डॉ. हेतु भारद्वाज को तथा रूकमणी वर्मा युवा साहित्यकार पुरस्कार वर्ष 2025 के लिए भोजाण-राजगढ़ के सुनील लोहमरोड़ सोनू को एवं 2026 का पीलोड़ी-दौसा के मनीष मीणा को दिया गया। घासीराम वर्मा पुरस्कार अंतर्गत इक्कावन-इक्कावन हजार रुपये, शॉल, साफा, सम्मान पत्र प्रदान किया गया। वहीं युवा पुरस्कार के तहत ग्यारह-ग्यारह हजार रुपय शॉल, साफा, सम्मान पत्र दिया गया। समारोह में आयोजन सहयोगी पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी रेखाराम खीचड़, इतिहासकार प्रो. खेमचंद सोनी, पुरस्कृत साहित्यकारों के परिजन रामखिलारी मीणा, नारंगी मीणा, रजनीश भारद्वाज, सुरेंद्र कुमार जैन एवं कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो. असगर वजाहत का भी सम्मान किया गया। समारोह में साहित्यकार डॉ. भरत ओला, इंजीनियर सोहनलाल फगेड़िया, प्रो. एचआर ईसराण, प्रो. कमल सिंह कोठारी, प्रो. एलएन आर्य, प्रो. राजकुमार लाटा, रामरतन सिहाग, डॉ. रामकुमार घोटड़, नरेंद्र सैनी पार्षद, विकास मील, मनराज कांटीवाल, मोहनलाल अर्जुन, डॉ. निरंजन चिराणिया, किशोर कुमार निर्वाण, श्यामसुंदर शर्मा, शेरखां मलकांण, जमील चैहान, विनीता स्वामी, गीता रावत, सत्यनारायण बाकोलिया, शैलेंद्र माथुर, श्रीकृष्ण श्योराण, जगदीश प्रजापत, अशोक डूडी, रामागोपाल, हरिसिंह सिरसला, सुधीन्द्र सुधी, पूनमचंद गोदारा, विवेकदीप, देवीलाल महिया, डॉ. कृष्णा जाखड, शबाना शेख, संतोष रणवां, राहुल शर्मा आदि ने स्वागत किया। समारोह में नगर के अनेक गणमान्य साहित्यप्रेमी मौजूद रहे। स्वागत भाषण संस्थान अध्यक्ष डॉ. दुलाराम सहारण ने दिया। संचालन संस्थान सचिव कमल शर्मा ने किया।

- प्रो. वजाहत ने कहा कि विचार नाव है, विचाररूपी नाव नदी पार करा सकते हैं, परंतु नदी पार करने के बाद आगे का सफर आपको स्वयं तय करना पड़ता है।

# जयपुर से आए ज्वेलरी व्यवसायी के जोधपुर में डायमंड व सोने के गहने चोरी

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर की एक होटल में ज्वेलरी एग्जीबिशन में जयपुर से आए व्यवसायी के डायमंड और सोने के गहने चोरी हो गए। होटल के कमरे से चेक-आउट के बाद करोड़ों का माल गायब मिला। व्यवसायी ने होटल के सफाई कर्मचारी और सुपरवाइजर पर शक जताया है। उन्होंने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई रिपोर्ट के अनुसार, जयपुर के श्याम नगर निवासी प्रमोद कुमार मोसूण ने रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में बताया गया है कि कि वो जेकेजे एंड सन्स ज्वेलर्स के डायरेक्टर हैं। उनकी फर्म राजस्थान के विभिन्न शहरों में ज्वेलरी एग्जीबिशन लगाती है। इसी सिलसिले में वे 18 सितंबर से 20 सितंबर 2026 तक जोधपुर के रेडिसन होटल में आयोजित ज्वेलरी एग्जीबिशन में हिस्सा लेने आए थे। प्रमोद कुमार ने पुलिस को बताया कि वे अपनी पत्नी और स्टाफ के साथ 17 सितंबर को जोधपुर पहुंचे थे और होटल के कमरा नंबर 215 में रुके थे। उनके पास एक हीरे की अंगूठी, एक सोने की चेन, एक हीरे का पेंडल और सोने से जड़ी रुद्राक्ष की माला थी, जिसे वे रोजाना रात को सोने से पहले कमरे के ड्रॉ में सुरक्षित रख देते थे और सुबह उठकर पहन लेते थे। 20 सितंबर 2026 को एग्जीबिशन के अंतिम दिन रात को सोने से पहले उन्होंने अपने सभी आभूषण हमेशा की तरह कमरे की दराज में सुरक्षित रखे थे।

# बीकानेर : प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में बड़ा घोटाला

## क्लेम के लिए एक ही नंबर के स्टाम्प से बनाई 8 फर्जी पॉलिसिया

**बीकानेर ।** राज्य में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की आड़ में किसानों के हक और सरकारी खजाने पर डाका डालने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीकानेर जिले में एक के बाद एक सामने आ रहे योजनाबद्ध घोटालों ने समूचे कृषि विभाग, बीमा कंपनियों और पुलिस तंत्र को हिलाकर रख दिया है। ताजा मामला खरीफ 2026 के दौरान सामने आया है, जहां फर्जी गैर-ऋणी बंटाईदार किसानों के नाम पर जाली स्टाम्प पत्रों और कूटरचित नोटरी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर करीब आठ पॉलिसियां जारी करा ली गईं।

योजनाबद्ध तरीके से चलाए जा रहे इस खेल में ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की ऑडिट रिपोर्ट के बाद हड़कंप मचा, जिसके बाद कृषि आयुक्त नरेश कुमार गोयल ने मामले को गंभीर मानते हुए संयुक्त निदेशक (कृषि) बीकानेर को तीन दिवस के भीतर एफआईआर दर्ज कराने के कड़े लिखित निर्देश जारी किए। इस आदेश के अनुपालन में सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) मीनाक्षी शर्मा ने गजनेर पुलिस थाने में विस्तृत साक्ष्यों के साथ परिवाद सौंपा, लेकिन पुलिस द्वारा अब तक मामला दर्ज न किए जाने से जांच प्रक्रिया ठप पड़ी है। भास्कर के पास इससे संबंधित दस्तावेज हैं।

फसल बीमा योजना में फर्जीवाड़े का पहला बड़ा मामला जसरासर तहसील के मेनसर, बगसेऊ, गजसुखदेसर और मूंडसर जैसे गांवों का है, जहां हल्का पटवारी, कृषि कर्मियों और ई-मित्रों की मिलीभगत से 100 से अधिक असली किसानों की जमीनों पर फर्जी बंटाईदार खड़े कर दिए गए और रबी व खरीफ का करोड़ों रुपये का क्लेम उठा लिया गया। इस मामले की जांच एएसपी ग्रामीण कर रहे हैं।

वहीं दूसरा मामला श्रीडूंगरगढ़ तहसील के पूनरासर गांव का है, जहां खरीफ 2025 के दौरान किसानों की जमाबंदी और खसरा नंबरों का गलत इस्तेमाल कर बिना उनकी जानकारी के 1 करोड़ से अधिक के क्लेम फर्जी खातों में ट्रांसफर करा लिए गए। पुलिस की जांच में करीब 25-26 फर्जी पॉलिसियां उजागर हुई हैं, लेकिन कृषि विभाग और इंश्योरेंस कंपनी ने पुलिस को अब तक दस्तावेज नहीं सौंपे हैं।

मदनलाल, संयुक्त निदेशक, कृषि (विस्तार) ने बताया कि 'फर्जी फसल बीमा क्लेम के मामले की एफआईआर गजनेर पुलिस ने दर्ज नहीं की। हमने एसपी से आग्रह किया है। ओमप्रकाश सुथार एसएचओ ने बताया कि 'कृषि बीमा के फर्जी क्लेम का मामला गजनेर हलके का नहीं है। विभाग के अधिकारी को संबंधित थाने में केस दर्ज कराना होगा। इमीचंद, एसएचओ, सेरुणा थाना ने बताया कि 'फर्जी तरीके से फसल बीमा का क्लेम प्रस्तुत करने के मामले की जांच में करीब 25 आवेदन फर्जी मिले हैं। कृषि विभाग और इंश्योरेंस कंपनी से दस्तावेज मांगे थे, जो अब तक नहीं मिले।'

फसल बीमा योजना के इस नेटवर्क का दायरा केवल एक इलाके तक सीमित नहीं है, हनुमानगढ़ जिले के परलीका व रामगढ़ क्षेत्र में भी इसकी गंभीर तकनीकी विसंगतियां सामने आई हैं। बीमा कंपनी और पंजाब नेशनल बैंक के ई-मेल पत्राचार से खुलासा हुआ है कि राज स्टेट लैंड पोर्टल से भू-अभिलेख डेटा का सही मिलान न होने के कारण सैकड़ों आवेदन खारिज या अटके हुए हैं।

ग्राम 15 एनटीआर के खाता संख्या 1363008800037324 में भू-अभिलेख में दर्ज वास्तविक बुवाई क्षेत्र और बैंक द्वारा दर्ज क्षेत्रफल में अंतर आने से बीमा पोर्टल त्रुटि दर्शा रहा है। वहीं ग्राम 7 बरवाली के खाता संख्या 1363008800038651 में बीमित राशि मात्र 583.93 बनने के कारण न्यूनतम 1,000 की शर्त पूरी न होने से आवेदन खारिज कर दिया गया। ये तमाम मामले बताते हैं कि एक तरफ जहां वास्तविक किसान तकनीकी खामियों के कारण दर-दर भटक रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ संगठित गिरोह जाली दस्तावेजों के दम पर आसानी से पॉलिसियां बनवाकर सिस्टम को चूना लगा रहे हैं।

जांच में सामने आई फर्जीवाड़े की प्रणाली बेहद चौंकाने वाली है। जालसाजों ने 100 मूल्य के एक ही नॉन-ज्यूडिशियल स्टाम्प पत्र का बार-बार इस्तेमाल कर फर्जी बंटाईदार अनुबंध पत्र तैयार किए। उदाहरण के तौर पर स्टाम्प नंबर पर कुल 4 अलग-अलग पॉलिसियां जारी करा ली गईं, जिनमें अलग-अलग किसानों की आईडी का प्रयोग कर हर बार भूस्वामी का नाम और जमीन का विवरण बदल दिया गया।

# पत्नी-बच्चों से मिलने जा रहे डॉक्टर की कार भिड़ी, मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** मेडिकल कॉलेज के हरिदेव जोशी हॉस्पिटल के सीनियर डॉक्टर राजेश रोत की रोड एक्सीडेंट में मौत हो गई। डॉ रोत सर्जरी डिपार्टमेंट के हेड थे। एक्सीडेंट रविवार (11 अक्टूबर) सुबह 3 बजे जिले के जेठाना में नेशनल हाईवे 927-ए पर हुआ। पुलिस के अनुसार रोत की क्रेटा कार आगे चल रही गाड़ी से भिड़ गई थी। कार का अगला हिस्सा चूकनाचूर होने से रोत अंदर ही फंस गए थे। उन्हें बड़ी मुश्किल से गंभीर हालत में बाहर निकाला गया था। सागवाड़ा हॉस्पिटल में इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। डॉ. राजेश रोत जिले के वरदा थाना क्षेत्र के नौकना गांव के रहने वाले थे। उनके पिता किसान हैं। रोत के बड़े भाई भगवतीलाल ने बताया कि डॉ. राजेश शनिवार रात करीब 11 बजे डूंगरपुर से बांसवाड़ा जाने के लिए निकले थे। वे पत्नी और बच्चों के पास जा रहे थे। आडीवाट पेट्रोल पंप के पास उनसे आगे चल रही गाड़ी ने अचानक ब्रेक लगाए, जिससे डॉ. रोत की कार उसमें घुस गई। डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज शुरू होने के साथ ही डॉ. राजेश रोत और उनकी पत्नी डॉ. ममता डामोर यहां पोस्टेड थे। उनकी पत्नी डॉ. ममता का पिछले दिनों ही बांसवाड़ा में ट्रांसफर हो गया था। वो एनेस्थीसिया डिपार्टमेंट हैं। परिवार ने बताया ममता और बच्चे बांसवाड़ा में ही रहते हैं।

# 5 लाख की अवैध शराब जब्त, 20 लाख की क्रेटा कार भी पकड़ी



डूंगरपुर के चौरासी थाना पुलिस ने अंग्रेजी शराब जब्त की ।

- नाकाबंदी के दौरान एक क्रेटा कार का ड्राइवर पुलिस को देखकर वापस मुड़ने लगा। पुलिस टीम ने पीछा किया तो कार छोड़कर भाग गया
- कार से कुल 1493 बीयर टीन, 575 पव्वे, 12 बोतलें और 96 हाफ अंग्रेजी शराब बरामद हुई।

**डूंगरपुर, (निसं)।** पंचायतीराज चुनाव के चलते अवैध शराब तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में चौरासी पुलिस ने वैजा पुलिस चौकी के पास कार्रवाई की। पुलिस ने एक क्रेटा कार से करीब 5 लाख रुपए की अवैध शराब जब्त की है।

नाकाबंदी के दौरान एक क्रेटा कार का ड्राइवर पुलिस को देखकर वापस मुड़ने लगा। पुलिस टीम ने पीछा किया तो वह एक होटल के सामने कार छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसमें अलग-अलग ब्रांड की अंग्रेजी शराब और बीयर के कार्टून मिले। जब्त शराब की कीमत करीब 5 लाख रुपए और क्रेटा कार की कीमत करीब 20 लाख रुपए है। कुल 25 लाख रुपए का माल जब्त किया गया। कार से कुल 1493 बीयर टीन, 575 पव्वे, 12 बोतलें और 96 हाफ अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पुलिस ने अवैध परिवहन के आरोप में आबकारी कानून के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है।

# डिजिटल अरेस्ट कर बुजुर्ग से 2.5 करोड़ रुपए ठगने वाला असम से गिरफ्तार

## जयपुर पुलिस ने 2000 किलोमीटर तक पीछा कर आरोपी को दबोचा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 90 वर्षीय बुजुर्ग से 2.5 करोड़ रुपए से अधिक की साइबर ठगी के मामले में ज्योति नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरोह के एक आरोपी को असम से गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने तकनीकी अनुसंधान के आधार पर करीब 2000 किलोमीटर तक पीछा कर आरोपी को पकड़ा। आरोपी ने ठगी की रकम अपने बैंक खाते में प्राप्त कर चेक के जरिए निकाली थी। पुलिस ने पीड़ित के खातों से रकम जिन बैंक खातों में स्थानांतरित हुई, उनमें से कई को डेबिट फ्रीज करवाया है। साथ ही करीब 42 लाख रुपए होल्ड करवाकर रिफंड की प्रक्रिया शुरू की गई है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि परिवादी रविंद्र सिंह मनोत ने ज्योति नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 28 जुलाई 2026 को साइबर ठगों ने उनके 90 वर्षीय मामा गणपत सिंह भंडारी को वॉट्सऐप पर वीडियो कॉल किया। कॉल करने वाले ने पुलिस की वर्दी पहन रखी थी और खुद को मुंबई का सीबीआई अधिकारी बताया। उसने बुजुर्ग को कहा कि 50 करोड़ रुपए का हवाला लेन-देन पकड़ा गया है, जिसमें से कुछ रकम उनके बैंक खाते में आई है। आरोपियों ने बुजुर्ग को गिरफ्तारी का डर दिखाकर मानसिक दबाव बनाया। उन्हें धमकाया गया कि सहयोग नहीं करने पर गिरफ्तार कर मुंबई ले जाया जाएगा और परिवार के अन्य सदस्यों को भी प्रताड़ित किया जाएगा। इसके बाद गिरोह के एक अन्य सदस्य ने खुद को भारतीय रिजर्व बैंक का प्रबंधक बताकर बुजुर्ग से



गिरफ्तार आरोपी

म्यूचुअल फंड से जुड़ी पूरी जानकारी हासिल कर ली।

आरोपियों ने अलग-अलग बैंक खातों में 2 करोड़ रुपए से अधिक की रकम स्थानांतरित करवा ली। कुल ठगी की राशि 2.5 करोड़ रुपए से

- **पुलिस ने ठगी की रकम में से 42 लाख रुपए होल्ड कराए**
- **आरोपी ने 90 वर्षीय बुजुर्ग को सीबीआई अधिकारी बनकर डराया था**

अधिक बताई गई है। ठगी का पता चलने पर पीड़ित परिवार ने ज्योति नगर थाने में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। इधर मामले की गंभीरता को देखते हुए ज्योति नगर थानाधिकारी गुंजन सोनी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित के खातों से रकम प्राप्त करने वाले विभिन्न बैंक खातों को डेबिट फ्रीज करवाया। करीब 42 लाख रुपए की राशि होल्ड कराकर उसे पीड़ित को वापस दिलाने की प्रक्रिया भी शुरू की गई। तकनीकी अनुसंधान में करीब 28 लाख रुपए के लेन-देन से जुड़े आरोपी राहुल हुसैन पुत्र अयूब हुसैन की पहचान हुई। आरोपी काकरीपारा, मनकाचार, दक्षिण सालमारा, असम का निवासी है। पुलिस टीम ने 7 अक्टूबर 2026 को उसे असम से गिरफ्तार कर लिया।

जांच में सामने आया कि आरोपी ने ठगी की रकम अपने बैंक खाते में प्राप्त करने के बाद चेक के जरिए निकाली थी। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर जयपुर लाया गया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है, ताकि ठगी की रकम के लेन-देन, गिरोह के अन्य सदस्यों और वारदात में इस्तेमाल किए गए बैंक खातों के संबंध में जानकारी जुटाई जा सके।

# लुप्त मान लिया गया ''विजय पाल रासो'' ग्रंथ पुनः प्रकाश में आया

## केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने किया जयपुर में विमोचन

**जयपुर ( कासं )।** रासो साहित्य के प्रसिद्ध और लुप्त मान लिए गए ग्रंथ ''विजय पाल रासो'' का विमोचन केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने जयपुर के हेरिटेज होटल रामबाग पैलेस स्थित सवाई मान महल एनेक्सी में किया। कार्यक्रम में समाजसेवी विक्रम सिंह राजावत, जोधपुर से शिवदास सिंह, पुरुषार्थ शरण और शांतनु राठौर भी उपस्थित रहे।

ग्रंथ के संपादक राव शिवराज पाल सिंह ने बताया कि आचार्य रामचंद्र

- **करौली के पूर्व महाराजा कृष्ण चंद्र पाल की लाइब्रेरी में मिली मूल पांडुलिपि**

शुक्ल ने अपनी पुस्तक 'हिंदी साहित्य का इतिहास' में भी 'विजय पाल रासो' को लुप्त मानकर उल्लेख किया था। लगातार प्रयासों के बाद करौली के पूर्व महाराजा कृष्ण चंद्र पाल के सौजन्य से उनकी लाइब्रेरी में इसकी मूल पांडुलिपि मिली, जिसे डिजिटल रूप में सुरक्षित किया गया।

संपादकीय सहयोगी देवराज सिंह राजावत ने लंबे समय तक मेहनत कर पूरी पांडुलिपि को वर्ड फाइल में तैयार किया। इसके बाद नई दिल्ली के यूनिक फील पब्लिकेशन के प्रशांत श्रीवास्तव और कनिका श्रीवास्तव ने इसका प्रकाशन किया।

ग्रंथ की भूमिका आचार्य रामचंद्र शुक्ल शोध संस्थान, वाराणसी की प्रमुख और आचार्य रामचंद्र शुक्ल की प्रपौत्री डॉ. मुक्ता ने लिखी है। विस्तृत भूमिका डॉ. कंचना सक्सेना और सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी घनेंद्र भान चतुर्वेदी ने लिखी है।

गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि राजपूताना के इतिहास में अनेक राष्ट्रनायक हुए, जिन्होंने अपने पुरुषार्थ और पराक्रम से सनातन परंपरा को चिरंतन बनाया, लेकिन इतिहास के कुछ पृष्ठों में उन्हें भुला दिया गया। राव शिवराज पाल सिंह द्वारा संपादित यह पुस्तक बलिदान का सम्मान और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। कार्यक्रम के अंत में राव शिवराज पाल सिंह ने राव बिहारी पाल फाउंडेशन की ओर से गजेंद्र सिंह शेखावत को स्मृति चिह्न भेंट कर आभार व्यक्त किया।



**रासो साहित्य के प्रसिद्ध और लुप्त मान लिए गए ग्रंथ ''विजय पाल रासो''का विमोचन रविवार को केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने किया। कार्यक्रम में समाजसेवी विक्रम सिंह राजावत, जोधपुर से शिवदास सिंह, पुरुषार्थ शरण और शांतनु राठौर भी उपस्थित रहे।**

# जवाहर कला केंद्र में सजा अमृता हाट

जयपुर। महिला अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा महिला स्वयं सहायता समूहों एवं महिलाओं को उत्पादों की बिक्री के लिए बाजार उपलब्ध कराने तथा जयपुरवासियों को एक ही स्थान पर प्रदेशभर के निर्मित/मूल्य संवर्धित उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी राज्य स्तरीय अमृता हाट का आयोजन

- **प्रदेश के 170 महिला समूहों के उत्पादों की प्रदर्शनी**

दिनांक 11 से 20 अक्टूबर तक शिल्पग्राम परिसर, जवाहर कला केन्द्र, जयपुर में किया जा रहा है।

महिला एवं बाल विकास विभाग की शासन सचिव पूनम ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर राज्य स्तरीय अमृता हाट का भव्य शुभारंभ रविवार को सायं 6 बजे किया गया। पूनम ने महिला समूहों द्वारा तैयार हस्त उत्पादों के स्टॉल्स का अवलोकन किया एवं महिला क्राफ्ट वर्कर्स से बातचीत कर उनका उत्साहवर्धन किया।

शासन सचिव ने इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि महिला अधिकारिता विभाग का लक्ष्य हस्तशिल्प से जुड़ी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उनका सम्पूर्ण सशक्तिकरण करना है। इस हेतु विभाग द्वारा नियमित रूप से प्रतिवर्ष जिलों में अमृता हाट का आयोजन किया जाता है तथा इसी क्रम में राज्य स्तरीय अमृता हाट का आयोजन जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में किया जाता है। इसका परिणाम है कि स्वयं सहायता समूह की हस्तशिल्पी महिलाएं इस तरह के आयोजनों से न केवल स्वयं आत्मनिर्भर बन रही हैं, अपितु उनके परिवारजन भी उनके कार्य से जुड़ रहे हैं जिससे उनकी पूरी पारिवारिक इकाई का आर्थिक सशक्तिकरण हो रहा है।उल्लेखनीय है कि उक्त अमृता हाट में राजस्थान राज्य के सभी जिलों के लगभग 170 महिला स्वयं सहायता समूहों एवं महिलाओं द्वारा निर्मित/मूल्य संवर्धित उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की जा रही है। अमृता हाट में हैण्डीक्राफ्ट, कशीदाकारी, लाख की चूड़ियाँ, पेपरमेशी आइटम, सलवार सूट, टेराकोटा, आर्टिफिशियल ज्वैलरी, चिकन एवं जरी वर्क, कांच एवं पेच वर्क, अचार, मुरब्बा, मसाले एवं अन्य हस्तनिर्मित आकर्षक उत्पाद उपलब्ध हैं।



**संभागीय आयुक्त पूनम ने जवाहर कला केन्द्र में अमृता हाट का शुभारंभ करने के बाद स्टॉल्स का अवलोकन किया।**

# भाजपा का ग्राम विकास संकल्प-पत्र मात्र छलावा : जूली

**जयपुर ।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने रविवार को बयान जारी करके कहा कि, भाजपा द्वारा पंचायती राज चुनाव-2026 को लेकर जारी किया गया ग्राम विकास संकल्प-पत्र जनता को गुमराह करने वाला ढकोसला है।

जूली ने कहा कि भाजपा के वादों और धरातल की वास्तविक करनी में जमीन-आसमान का फर्क होता है। इनकी असलियत चुनाव संपन्न होने के बाद तब सामने आती है जब जनता द्वारा इन्हें नकार दिए जाने पर ये विपक्षी जनप्रतिनिधियों और जनता को डराने-धमकाने का कुचक्र चलाते हैं। सत्ता और प्रशासन का भय दिखाकर अपना संख्या बल बढ़ाने की जोडतोड़ की राजनीति करना ही भाजपा की कार्यशैली बन चुकी है।

नेता प्रतिपक्ष ने भाजपा को खुली चुनौती देते हुए सवाल किया कि यदि इन्हें अपने ही जारी किए गए तथाकथित 'संकल्प-पत्र' पर थोड़ा भी भरोसा है, तो क्या यह इस बात की सार्वजनिक गारंटी या वचन दे सकते हैं कि पंचायती राज चुनावों में सत्ता और सरकारी तंत्र का दुरुपयोग नहीं किया जाएगा? जूली ने कहा कि भाजपा के नेताओं को भी भली-भांति यह बात मालूम है कि उनके वादों में कोई दम नहीं है और जनता उनके झूठ को पहचान चुकी है।

यही कारण है कि अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए इन्हें हर बार सत्ता के दुरुपयोग और जोड़-तोड़ का सहारा लेना पड़ता है। प्रदेश की जागरूक जनता भाजपा के इन छलावे भरे हथकंडों को अच्छी तरह समझ चुकी है और पंचायती राज चुनावों में इसका मुंहतोड़ जवाब देगी।

# आरएसएस प्रचारक से कथित मारपीट मामले में थानाधिकारी सहित 6 पुलिसकर्मी निलंबित

## नरैना थाने में शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तारी के बाद स्वयंसेवकों ने जताया विरोध

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** जयपुर ग्रामीण के नरैना थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सांभर जिला प्रचारक कृष्णकांत के साथ पुलिसकर्मियों की ओर से कथित मारपीट और दुर्व्यवहार का मामला सामने आया है।

घटना के बाद उन्हें शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किए जाने पर रविवार सुबह आरएसएस के कई स्वयंसेवक नरैना थाने पहुंचे और विरोध दर्ज कराया। वहीं इस मामले में जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ने थानाधिकारी सहित छह पुलिसकर्मियों को निलंबित कर विभागीय जांच शुरू करवा दी है। प्रकरण की जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी को सौंपी गई है।

जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि नरैना थानाधिकारी

- **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी को सौंपी गई है मामले की जांच**

उमराव गुर्जर, सहायक उपनिरीक्षक ओंकार और रमेश तथा कांस्टेबल कुलदीप, महिपाल और विनोद के खिलाफ लापरवाही की शिकायत मिली है।

जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शिकायत के आधार पर विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। सभी छह पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जयपुर ग्रामीण जिला पुलिस लाइन रहेगा और उन्हें नियमानुसार निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि कृष्णकांत शनिवार शाम नरैना में कहीं से लौट रहे थे। इसी दौरान पुलिस की गश्ती टीम ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया और विरोध करने पर मारपीट की। इसके बाद उन्हें थाने ले जाकर शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया।

घटना की जानकारी मिलने पर रविवार सुबह आरएसएस के कई स्वयंसेवक नरैना थाने पहुंचे और विरोध जताया। सांभर वृत्ताधिकारी मुकेश जोशी और फुलेरा के पूर्व विधायक निर्मल चौधरी भी थाने पहुंचे।

उन्होंने मामले को लेकर संबंधित पक्षों से बातचीत कर स्थिति शांत करने का प्रयास किया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार इस मामले की जांच जारी है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# वाहन चोर से 14 बाइक बरामद

**जयपुर।** चित्रकूट पुलिस ने वाहन चोरी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आदतन दुपहिया वाहन चोर रियाज (19) निवासी दूदू जयपुर ग्रामीण को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे और निशानदेही पर जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण और अजमेर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से चोरी की गई 14 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी स्मैक के नशे का आदी है और नशे की पूर्ति के लिए वाहन चोरी करता था।

# 'राजनीतिक नौसिखिया की तरह बयानबाजी कर रहे डोटासरा'

**जयपुर ।** गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा पर तंज कसते हुए कहा कि वह निकाय चुनाव में मिली करारी हार से हताशा में है और हार का ठीकरा अधिकारियों पर फोड़कर उन्हें धमकाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि डोटासरा राजनीतिक नौसिखिया की तरह बयानबाजी कर रहे हैं। जबकि उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया एवं जनादेश का सम्मान करना चाहिए। बेढम ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में राजस्थान की कानून-व्यवस्था जर्जर हो चुकी थी और विकास कार्य ठप पड़े थे। वहीं, अब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है, जो कांग्रेस नेताओं को रास नहीं आ रहा है और वे अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। लोकतंत्र में सर्वोपरि जनता पंचायत चुनाव में भी कांग्रेस को जवाब देगी और प्रचंड बहुमत से भारतीय जनता पार्टी को जिताएगी।

# घट स्थापना के साथ घर-मंदिरों में गूंजे मां दुर्गा के जयकारे

## शिला माता मंदिर में दुर्गा सप्तशती पाठ, हवन और विशेष श्रृंगार के अनुष्ठान शुरू हुए

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** छोटी काशी जयपुर में रविवार को शारदीय नवरात्र का उल्लास छा गया। मंदिरों में घट स्थापना के साथ मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। घरों और मंदिरों में विधि-विधान से पूजा-अनुष्ठान शुरू हुए। वहीं, नवरात्र स्थापना के साथ ही जयपुर सहित पूरे राजस्थान के ऑटोमोबाइल बाजार में भी रौनक लौट आई। शुभ मुहूर्त में नई गाड़ी खरीदने के लिए शोरूम

- **नवरात्र के पहले दिन प्रदेश में करीब 1100 कारें और 5000 से अधिक दोपहिया-तिपहिया वाहन बिके**

में ग्राहकों की भीड़ रही। किसी ने परिवार के लिए कार खरीदी तो किसी ने रोजगार के लिए दोपहिया और तिपहिया वाहन लेकर नए काम की शुरुआत की।

### शिला माता मंदिर में शुरू हुए अनुष्ठान

आमेर स्थित शिला माता मंदिर में सुबह 11:55 बजे घट स्थापना की गई। परंपरा के अनुसार सलामी की रस्म के बाद दोपहर एक बजे मंदिर के पट श्रद्धालुओं के लिए खोले गए। मंदिर में तांत्रिक पद्धित से पूजा-अर्चना के साथ दस महाविद्याओं और नौ दुर्गा स्वरूपों की आराधना, दुर्गा सप्तशती पाठ, हवन और विशेष शृंगार के अनुष्ठान शुरू हुए। नवरात्र के दौरान मंदिर में प्रतिदिन विशेष पूजा और आरती होगी। मेला 16 अक्टूबर को षष्ठी पर आयोजित होगा। 18 अक्टूबर को रात 10 बजे निशा पूजन, 19 अक्टूबर को शाम 4:30 बजे पूर्णाहुति और 21 अक्टूबर को सुबह 10:30 बजे नवरात्र उत्थापन होगा। दूसरे दिन से अंतिम नवरात्र तक दर्शन सुबह 6 से दोपहर 12:30 बजे और शाम 4 से रात 8:30 बजे तक होंगे। दोपहर 12:30 से शाम 4 बजे तक मंदिर के पट बंद रहेंगे।



**नवरात्रि के प्रथम दिन आमेर स्थित शिला माता मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।**

### सुरक्षा के लिए 300 जवान तैनात

नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर और आसपास के क्षेत्र में 300 से अधिक पुलिसकर्मियों तथा सुरक्षा जवानों को तैनात किया गया है।

इनमें होमगार्ड, राजस्थान सशस्त्र कांस्टेबुलरी और हाडी रानी बटालियन के जवान भी शामिल हैं। नवरात्र के दौरान 21 अक्टूबर तक आमेर महल में रात्रिकालीन पर्यटन और हाथी की सवारी बंद रहेगी। महल में पर्यटकों का प्रवेश सुबह 8 से शाम 5:30 बजे तक होगा।

टिकट सिंहपोल गेट से मिलेंगे, जबकि हाथी की सवारी हाथीगांव में उपलब्ध रहेगी।

### वैष्णो देवी और दुर्गा माता मंदिर में विशेष शृंगार

राजापार्क स्थित पंचवटी सर्किल के वैष्णो देवी मंदिर में सुबह 11:51 से दोपहर 12:15 बजे तक घट स्थापना हुई। मंदिर को फूलों, रोशनी और चुनरी से सजाया गया। नवरात्र के दौरान माता का प्रतिदिन सात से नौ बार अलग-अलग वेशभूषा में शृंगार किया जाएगा। श्रद्धालुओं को सुबह और शाम हलवा, चना और पूरी का प्रसाद वितरित किया जाएगा।

दुर्गापुरा स्थित प्राचीन दुर्गा माता मंदिर में सुबह 7 बजे घट स्थापना हुई। माता का नई जरी की पोशाक और फूलों से विशेष शृंगार किया गया।

यहां 17 अक्टूबर को मेला और 19 अक्टूबर की रात हवन होगा। श्री खोले के हनुमानजी मंदिर स्थित लक्ष्मण डूंगरी, गायत्री माता मंदिर और अन्य देवी मंदिरों में भी विशेष पूजा-अर्चना, दुर्गा सप्तशती पाठ और ध्वज यात्राओं के आयोजन किए जा रहे हैं।

### पहले दिन प्रदेश में 1100 कारें बिकीं

नवरात्र के पहले दिन वाहन बाजार में भी उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही शोरूम में ग्राहकों की आवाजाही रही। नई गाड़ी की डिलीवरी लेने के बाद कई लोग सबसे पहले मोती डूंगरी गणेश मंदिर पहुंचे और भगवान गणेश का आशीर्वाद लेकर वाहन घर ले गए।

मंदिर के बाहर नई दोपहिया और चौपहिया गाड़ियों की कतारें नजर आईं। मान्यता है कि नवरात्र में नया वाहन खरीदना शुभ होता है और इससे घर में सुख-समृद्धि आती है।

ऑटोमोबाइल क्षेत्र से जुड़े राजन सिंह के अनुसार, नवरात्र के पहले दिन प्रदेश में करीब 1100 कारों की बिक्री हुई। इसके अलावा 5000 से अधिक दोपहिया और तिपहिया वाहन बिके। इनमें ज्यादातर वाहन पहले से बुक थे। उन्होंने उम्मीद जताई कि नवरात्र के नौ दिनों में प्रदेशभर में 10 से 11 हजार नई कारों की बिक्री हो सकती है।

# टूरिस्ट सीजन में जयपुर चारदीवारी और आमेर में बदलेगी यातायात व्यवस्था

**जयपुर ( कासं )।** टूरिस्ट सीजन में देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए जयपुर यातायात पुलिस ने चारदीवारी और आमेर क्षेत्र के लिए विशेष यातायात व्यवस्था लागू की है। पुलिस ने वाहन चालकों के लिए डायवर्जन और पार्किंग की व्यवस्था की है।

डीसीपी ट्रैफिक प्रवीण एन. नुनावथ के अनुसार पर्यटकों की बड़ी बसों के लिए रामनिवास बाग में सेटेलाइट पार्किंग की व्यवस्था की गई है। चारदीवारी क्षेत्र में भारी और मालवाहक वाहनों का प्रवेश रात 11 बजे से सुबह 7 बजे तक ही रहेगा। जरूरत के अनुसार सिटी और मिनी बसों को वैकल्पिक मार्गों से संचालित किया जाएगा। यातायात पुलिस ने व्यापारियों से अपने वाहन जेडीए की भूमिगत रामनिवास बाग पार्किंग, चौगान स्टेडियम और आतिश मार्केट की पार्किंग में खड़े करने की अपील की है।

### चारदीवारी में इन मार्गों पर रहेगा बदलाव

चारदीवारी क्षेत्र में यातायात का दबाव बढ़ने पर आवश्यकतानुसार मार्ग बदले जाएंगे। बड़ी चौपड़ से सुभाष चौक की ओर दोनों तरफ से सामान्य यातायात चलता रहेगा, जबकि सुभाष चौक से बड़ी चौपड़ की तरफ आने वाले वाहनों को सुभाष चौक से डायवर्ट कर चार दरवाजा और घोड़ा निकास रोड होते हुए रामगंज चौपड़ की तरफ भेजा जाएगा। वाहन बांदरवाल गेट से प्रवेश कर नगर परिषद की मोरी, शार्दुल सिंह की नाल और गणगौरी बाजार की तरफ जा सकेंगे। वहीं, गणगौरी बाजार से शार्दुल सिंह की नाल होते हुए सिटी पैलेस की तरफ जाने वाले मार्ग पर यातायात बंद रहेगा।

### आमेर जाने और लौटने के लिए तय किए वैकल्पिक मार्ग

दिल्ली रोड से आमेर फोर्ट जाने वाले पर्यटक वाहन आमेर तिराहा, धोबीघाट चौराहा, रामगढ़ मोड़ और आमेर रोड होकर जा सकेंगे। रामगढ़ मोड से आमेर की ओर यातायात लगातार चालू रहेगा। जयगढ़ टी-पॉइंट से रामगढ़ मोड़ की तरफ यातायात बंद रहेगा और वाहनों को आमेर की ओर भेजा जाएगा।आमेर से रामगढ़ मोड की तरफ तथा आमेर तिराहा से आमेर गांधी चौक की ओर वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। आमेर से जयपुर शहर लौटने वाले वाहन आमेर तिराहा, दिल्ली रोड, गलता गेट चौराहा और ट्रांसपोर्ट नगर चौराहा होकर शहर में प्रवेश कर सकेंगे।

### पर्यटकों के लिए अस्थायी पार्किंग

पर्यटकों की सुविधा के लिए पुरातत्व विभाग की ओर से निर्मित परियों का बाग पार्किंग का अस्थायी संचालन किया जाएगा। यातायात पुलिस ने पर्यटकों और वाहन चालकों से अपील की है कि वे निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करें।



सूर्यवंशी इस समय अपने शानदार दौर में हैं और उनकी सोच कुछ हद तक मेरी जैसी है। वह पहली गेंद से ही बड़े शॉट खेलने के बारे में सोचते हैं। अब यह देखना होगा कि उन्हें कब मौका मिलता है और वह भारत के लिए कितने मैच खेल पाते हैं। - वीरेन्द्र सहवाग

पूर्व भारतीय क्रिकेटर, वैभव सूर्यवंशी के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** हसन महमूद



बांग्लादेश के तेज गेंदबाज हसन महमूद ने रविवार को अबू धाबी में ऐसा ही ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए टेस्ट क्रिकेट में हैट्रिक लेने वाले देश के पहले तेज गेंदबाज बनने का गौरव हासिल किया। उनकी घातक गेंदबाजी ने अफगानिस्तान की पारी को झकझोर दिया।हसन टेस्ट क्रिकेट में हैट्रिक लेने वाले बांग्लादेश के तीसरे गेंदबाज हैं। उनसे पहले अलोक कपाली ने 2003 में पेशावर में पाकिस्तान के खिलाफ और सोहाग गाजी ने 2013 में चटगांव में न्यूजीलैंड के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की थी। हालांकि, इन दोनों के विपरीत हसन बांग्लादेश के पहले तेज गेंदबाज हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** इंग्लैंड के महानतम बल्लेबाज जैक हॉब्स टेस्ट क्रिकेट में शतक बनाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं, उन्होंने 46 वर्ष 82 दिन की उम्र में टेस्ट शतक बनाया था।

## स्टीव स्मिथ टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले फील्डर बने

नई दिल्ली, 11 अक्टूबर। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ डरबन में खेले जा रहे टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा कैच पकड़ने का वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाड़ी जो रूट को पीछे छोड़ते हुए यह बड़ा इतिहास रचा है। रविवार को मैच के दौरान साउथ अफ्रीका की पहली पारी में डेविड बेडिंगहाम का कैच लेते ही स्मिथ टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले दुनिया के नंबर-1 फील्डर बन गए हैं।

**नंबर 1 पर पहुंचे स्टीव स्मिथ:** टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा कैच लेने के मामले में ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज स्टीव स्मिथ ने इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट को पछाड़कर नंबर-1 पर पहुंच गए हैं। इस शानदार रिकॉर्ड लिस्ट में 221 कैचों के साथ स्टीव स्मिथ पहले स्थान पर हैं, जबकि 220 कैचों के साथ जो रूट दूसरे नंबर पर खिसक गए हैं। इनके बाद इस लिस्ट में भारत के दीवार कहे जाने वाले राहुल द्रविड़ 210 कैचों के साथ तीसरे, श्रीलंका के महेला जयवर्धने 205 कैचों के साथ चौथे और साउथ अफ्रीका के दिग्गज जैक कैलिस 200 कैचों के साथ पांचवें पायदान पर मौजूद हैं।

**डेविड बेडिंगहम का कैच पकड़कर स्मिथ ने रचा इतिहास:** साउथ अफ्रीका की पहली पारी के 28वें ओवर में नाथन लियोन की गेंद पर स्टीव स्मिथ ने कप्तान टेम्बा बावुमा का कैच पकड़ा। इसके ठीक बाद 31वें ओवर की पहली गेंद पर स्मिथ ने एक और बेहतरीन कैच लपककर डेविड बेडिंगहम को आउट किया, जो सिर्फ 1 रन से अपने अर्धशतक से चूक गए थे। इस टेस्ट मैच की पहली पारी में स्टीव स्मिथ बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं कर पाए थे। उन्होंने 53 बॉल पर 25 रन की पारी खेली। लेकिन फील्डिंग में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया।

**मैट रेनशॉ ने पहली पारी में बनाए थे 190 रन:** मैच की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 390 रनों पर सिमट गई थी, जिसमेंमैट रेनशॉ ने शानदार 190 रनों की पारी खेली थी। इसके जवाब में साउथ अफ्रीका की पहली पारी में गेंदबाजी करते हुए विलेम मुल्डर ने सबसे ज्यादा 4 विकेट झटके, जबकि मार्को जानसेन को 3 और एनरिक नॉर्खिया को 2 सफलता मिली।

## जयपुर में लीगल लीजेंड्स बैश सीजन-3 का भव्य समापन, लीगल माफिया ने जीती ट्रॉफी



जयपुर, 11 अक्टूबर। एलएलबी बॉक्स क्रिकेट "लीगल लीजेंड्स बैश सीजन-3, 2026" का आयोजन शनिवार को मानसरोवर, जयपुर स्थित दादू दयाल बॉक्स क्रिकेट एरेना में हुआ। सुबह 6 बजे शुरू हुआ यह एक दिवसीय आयोजन देर रात तक चला, जिसमें 48 टीमों ने भाग लिया। 10 ओवर के फाइनल मुकाबले में जेएस टाइगर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 126 रन बनाए। जवाब में द लीगल माफिया ने यह लक्ष्य मात्र 9.4 ओवर में हासिल कर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। फाइनल के मैन ऑफ द मैच विनय रहे, जिन्होंने 36 गेंदों में 70 रनों की तूफानी पारी खेली। विजेता टीम के कप्तान पंकज अरोड़ा और उपविजेता जेएस टाइगर्स के कप्तान जितेन्द्र शर्मा रहे। समापन समारोह में बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के को-चेयरमैन सतीश खंडेल और राजस्थान हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के महासचिव दीपेश शर्मा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। वरिष्ठ अधिवक्ता आर.बी. माथुर, एस.के. गुप्ता, माधव मित्रा, बार काउंसिल सदस्य हरेन्द्र सिंह सिंसिनवार और रजनीश गुप्ता, आरएचसीबीए अध्यक्ष राजीव सोगरवाल, ऋषिपाल अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष प्रह्लाद शर्मा, गिर्राज प्रसाद शर्मा, सुशील पुजारी, अनिल शर्मा, राजेश शर्मा, विनायक जोशी सहित अनेक वरिष्ठ अधिवक्ता मौजूद रहे।

## चेरोआर्चर्स ने काकतीय वॉरियर्स को 6-0 से हराया

जयपुर, 11 अक्टूबर। आर्चरीप्रीमियर लीग सीजन-2 में माइटी मराठाज और चेरोआर्चर्सने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार दो दिनों में 6-0 से जीत दर्ज की। शनिवार को माइटी मराठाज ने चोला चीफ्स को हराकर टूर्नामेंट में अपना खाता खोला, जबकि रविवार को चेरोआर्चर्स ने मेजबान काकतीय नाइट्स को शिकस्त देकर चार मुकाबलों में अपनी तीसरी जीत हासिल की। शुरुआती दो मुकाबलों में हार के बाद माइटी मराठाज ने 'मिस्टर परफेक्ट' के नाम से मशहूर माइक श्लोएसर कीअगुआईमें जोरदार वापसी की। श्लोएसर ने अपने सभी छह तीरों से 10-10 अंक हासिल किए, जबकि धीरजबोम्मादेवराने समय के दबाव में शानदार निशाने लगाकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। मराठाज ने पहला सेट 74-73 और तीसरा सेट 74-72 जीतकर मुकाबला अपने नाम किया। दूसरी ओर, एक दिन पहले सडन डेथ में हारने वाली चेरोआर्चर्स की टीम ने अतानु दास की अगुआई में शानदार वापसी की। अतानु ने अहम मौकों पर सटीक निशाने लगाए, जबकि डेनमार्क के विश्व नंबर एक कंपाउंड तीरंदाज मैथियास फुलर्टन छह तीरों में 59 अंक हासिल कर मुकाबले के सर्वोच्च स्कोरर रहे। चेरोआर्चर्सकी इस जीत के साथ काकतीय नाइट्स के नाम अब दो जीतें और दो हार हैं। जीत के बाद अतानु दास ने कहा कि पिछला साल हमारे लिए मुश्किल रहा था। इस बार हमारी टीम काफी मजबूत है और हम समय का भी बेहतर प्रबंधन कर रहे हैं। वहीं, केसीकॉफहोल्डेने समय के दबाव को चुनौतीपूर्ण बताते हुए कहा कि ऐसे हालात में आगे बढ़कर अच्छा तीर चलाना ही सबसे अहम है।

# भारत ने विंडीज को 14 रन से हराया

## तीसरे टी-20 में अभिषेक ने 69 रन बनाए, अर्शदीप सिंह को 3 विकेट



नई दिल्ली, 11 अक्टूबर। भारत और वेस्टइंडीज के बीच तीसरा टी-20 मैच इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में टीम इंडिया ने वेस्टइंडीज को 14 रनों से हराकर सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल की। मुकाबले में वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। टीम इंडियाइस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 223 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम इंडिया की तरफ से इस मैच में अभिषेक शर्मा ने 30 बॉल पर सबसे ज्यादा69 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 20 ओवर बैटिंग करने के बाद 7 विकेट के नुकसान पर सिर्फ 209रन बना सकी।

भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और संजू सैमसन सिर्फ 3 रन बनाकर आउट हो गए थे। लेकिन इसके बाद अभिषेक शर्मा और ईशान किशन ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए स्कोर को तेजी से आगे बढ़ाया और दोनों के बीच मात्र 40 गेंदों पर 108 रनों की शानदार साझेदारी हुई।

अभिषेक शर्मा ने तूफानी अंदाज में खेलते हुए 30 गेंदों पर 6 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 69 रन बनाए, जबकि ईशान किशन ने भी 18 गेंदों पर 37 रनों की बेहतरीन पारी खेली। इन दोनों के आउट होने के बाद तिलक वर्मा ने 28, नितीश कुमार रेड्डी ने 21 और अक्षर पटेल ने 20 रनों का योगदान दिया। हालांकि मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाज जल्दी-जल्दी आउट हो गए, अंत मेंपूरी भारतीय टीम 20 ओवर में 223 रन पर सिमट गई। वेस्टइंडीज की तरफ से गेंदबाजी में रॉस्टन चेज, शमार जोसेफ और शमार स्प्रिंगर ने 2-2 विकेट झटके, जबकि गुडाकेश मोती और कीमो पॉल को 1-1 सफलता मिली।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। शानदार फॉर्म में चल रहे कप्तान शाई होप इस मैच में सिर्फ 5 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद शिमरन हेटमायर और कामिल पूरन के बीच दूसरे विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी हुई। हेटमायर इस मैच में अर्धशतक लगाने से चूक गए और अंत में 26 बॉल पर 43 रन बनाकर आउट हुए। वहीं पूरन ने 27 बॉल पर 42 रन की पारी खेली। क्विंटन सैम्पसन ने 15 बॉल पर 21 रन बनाए। वहीं शेरफेन रदरफोर्ड ने 20 गेंदों में 32 रनों की पारी खेली। भारत की तरफ से गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए।

लखनऊ में हुए पहले मैच में टीम इंडिया ने शानदार खेल दिखाते हुए 8 विकेट से जीत हासिल की थी, जिसमें कप्तान श्रेयस अय्यर ने बेहतरीन शतक लगाया था। इसके बाद रांची के दूसरे मैच मेंवेस्टइंडीज ने कप्तान शाई होप के शानदार शतक के दम पर रिकॉर्ड 250 रन बनाकर मैच 6 विकेट से जीत लिया और सीरीज 1-1 से बराबर कर दी।

## उदयवीर सिद्धू ने काहिरा में आईएसएसएफ विश्वकप की 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता गोल्ड मेडल

नई दिल्ली, 11 अक्टूबर। भारत के उदयवीर सिद्धू ने रविवार को यहां आईएसएसएफ राइफल/पिस्टल विश्व कप की पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। चौबीस वर्षीय उदयवीर ने फाइनल में 240.6 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। उदयवीर ने जर्मनी के क्रिस्टियन रिट्ज (240.1) को 0.5 अंक से पछाड़ा जिन्होंने रजत पदक जीता।

इटली के पाओलो मोन्ना (219.8) ने कांस्य पदक जीता। उदयवीर ने अंतिम चरण में दबाव के बीच संयम बनाए रखा। आखिरी दो शॉट से पहले वह रिट्ज से 0.3 अंक पीछे थे लेकिन भारतीय निशानेबाज ने 10.2 और 9.8 अंक के शॉट लगाए।

वहीं, रिट्ज के दोनों शॉट में 9.6 अंक के रहे जिससे उदयवीर ने आखिरी शॉट पर जीत दर्ज की। उदयवीर ने इससे पहले क्वालीफिकेशन दौर में 585 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था।

## अभिषेक ने तोड़ा सूर्यकुमार का वर्ल्ड रिकॉर्ड, टी-20 में पूरे किये 2000 रन



नई दिल्ली, 11 अक्टूबर। इंदौर में खेले जा रहे भारत और वेस्टइंडीज के बीच दूसरे टी20 मैच मेंटीम इंडियाके विस्फोटक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने एक नया इतिहास रच दिया है। उन्होंने सबसे कम गेंदों में 2000 रन बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेलते हुए जैसे ही अभिषेक ने अपना 33वां रन बनाया, उन्होंने भारत के ही स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव का रिकॉर्ड तोड़करपहला स्थान हासिल कर लिया। वह 20 में गेंदों के हिसाब से सबसे तेज 2000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। **1024 गेंदों में अभिषेक शर्मा ने पूरे किए 2000 टी20 रन :** अभिषेक शर्मा ने मात्र 1024 गेंदों का सामना करके अपने 2000 रन पूरे किए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड सूर्यकुमार यादव के नाम था, जिन्होंने 1164 गेंदों में यह मुकाम हासिल किया था। इस मामले में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एरोन फिंच ने 1283 गेंदों में 2000 रन पूरे किए थे। वहीं ग्लेन मैक्सवेल ने 1304 गेंदों में ये कारनामा किया था। वहीं, भारत के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने 1390 गेंदों पर और न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट ने 1395 गेंदों पर टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने दो हजार रन पूरे किए थे। **18 गेंदों में अभिषेक ने पूरा किया अर्धशतक:** अभिषेक शर्मा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 18 गेंदों में ही अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने शमार जोसफ की गेंद पर दो रन लेकर यह मुकाम हासिल किया।

## मैट रेनशॉ ने विराट कोहली का अनोखा रिकॉर्ड तोड़ा

नई दिल्ली, 11 अक्टूबर। टेस्ट क्रिकेट में अक्सर लोअर ऑर्डर के बल्लेबाजों के साथ लंबी साझेदारी करना मुश्किल होता है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के मैट रेनशॉ ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ अपनी धैर्यपूर्ण पारी से इस चुनौती को भी पीछे छोड़ दिया। रेनशॉ ने किंग्समीड में जारीटेस्ट मैच में विराट कोहलीका बड़ा रिकॉर्ड तोड़ते हुए एक पारी में टेलएंडर्स यानी पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ बैटिंग करते हुए सबसे ज्यादा रन बनाने का कारनामा किया।

रेनशॉ ने ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में 397 गेंदों पर 190 रन बनाए। उनकी इस पारी में 21 चौके और एक छक्का शामिल रहा। इस दौरान उन्होंने 8वें से 11वें नंबर तक के बल्लेबाजों के साथ मिलकर 174 रन बनाए। इसके साथ ही वह टेस्ट की एक पारी में टेलएंडर्स के साथ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। इससे पहले यह रिकॉर्ड भारतीय दिग्गज विराट कोहली के नाम था। कोहली ने 2016 में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ 235 रन की पारी खेलते हुए टेलएंडर्स के साथ 171 रन जोड़े थे। रेनशॉ ने अब इस आंकड़े को पीछे छोड़ दिया है।

## भारत के खिलाफ सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की दो टीम का ऐलान

### एलन, फर्ग्यूसन और सीफर्ट की वापसी



नई दिल्ली, 11 अक्टूबर। न्यूजीलैंड के भारत के खिलाफपांच वनडे मैचों की घरेलू सीरीजके लिए रववार को अपनी दो वनडे टीम का ऐलान किया है।फिन एलन, लॉकी फर्ग्यूसन और टिम सीफर्ट की वनडे टीम में वापसी हुई है, जबकि रचिन रवींद्र भी कंधे की चोट से उबरकर वापसी करेंगे। इस चोट के कारण वह भारत के ख़िलाफ होने वाले शुरुआती 20 मैचों में नहीं खेल पाएंगे। यह सीरीज 4 नवंबर को ऑकलैंड के ईडन पार्क में शुरू होगी। न्यूज़ीलैंड ने पहले तीन वनडे और आखिरी दो मैचों के लिए अलग-अलग टीमें चुनी हैं। व्हाइट-बॉल टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर दोनों टीमों की कप्तानी करेंगे। चौथे और पांचवें वनडे के लिए टीम में सात और खिलाड़ी शामिल होंगे, क्योंकि टीम का एक हिस्सा भारत के खलिाफ दो टेस्ट मैचों की अगली टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए वेलिंगटन जाएगा।

एलन और फर्ग्यूसन न्यूज़ीलैंड के खलिाफ पछिला वनडे मैच 2023 में खेले थे। फर्ग्यूसन अपना पछिला मैच मुंबई में भारत के खिलाफ वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में खेले थे। सीफर्ट अपना पछिला वनडे मैच 18 महीने पहले पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू सीरीज़ में खेले थे। ये तीनों खिलाड़ी चौथे और पांचवें मैच के लिए वापसी करेंगे।कंधे की चोट के कारण 20 टीम से बाहर होने वाले रवींद्र को शुरुआती तीन वनडे मैचों के लिए टीम में शामिल किया गया है। टीम में ज़्यादातर वही खिलाड़ी शामिल हैं, जिन्होंने जनवरी में भारत में ऐतिहासिक 2-1 से वनडे सीरीज जीती थी। यह भारतीय जमीन पर भारत के ख़िलाफ न्यूज़ीलैंड की पहली बाइलेटरल वनडे सीरीज जीती थी। **सिलेक्शन के लिए उपलब्ध नहीं :** जैक फ़ोक्स (हिप फ़्लेक्सर), विल ओरूर्के (काफ़) और बेन सियर्स (टखना) सिलेक्शन के लिए उपलब्ध नहीं थे, क्योंकि वे अपनी-अपनी चोट से उबरने की प्रक्रिया (रिहैब) से गुजर रहे हैं।

न्यूज़ीलैंड के हेड कोच रॉब वॉल्टर आखिरी दो मैचों के लिए वनडे टीम के साथ बने रहेंगे और उन्हें नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के पुरुषों की स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच कोरी माइल्स का सहयोग मिलेगा। वहीं तीसरे वनडे के बाद बॉलिंग कोच जैकब ओरम और टीम छोड़ने वाले बैटिंग कोच ल्यूक रॉन्की वेलिंगटन में टेस्ट मैचों की तैयारियों की देखरेख करेंगे।

## डरबन टेस्ट : तीसरे दिन लंच तक दक्षिण अफ्रीका 115/4

### बेडिंघम ने 49 और मार्करम ने 37 रन बनाए, ऑस्ट्रेलिया के 4 बॉलर्स को 1-1 विकेट

डरबन, 11 अक्टूबर। साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे दिन पहली पारी में लंच तक 4 विकेट पर 115 रन बना लिए हैं। डरबन टेस्ट में ट्रिस्टन स्टब्स 14 और वियान मुल्डर 7 रन बनाकर नाबाद हैं। टीम की ओर से डेविड बेडिंघम ने सबसे ज्यादा 49 रन बनाए, जबकि एडेन मार्करम ने 37 रन की पारी खेली। **साउथ अफ्रीका की खराब शुरुआत:** साउथ अफ्रीका की शुरुआत खराब रही। रयान रिकेल्टन 3 गेंद खेलने के बाद बिना खाता खोले आउट हो गए। उन्हें जोश हेजलवुड ने विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराया।

इसके बाद मार्करम और बेडिंघम ने पारी को संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी हुई। मार्करम को मिचेल स्टार्क ने नाथन मैकस्वीनी के हाथों कैच कराया। टेंबा बावुमा 3 रन बनाकर नाथन लायन का शिकार बने। वहीं, बेडिंघम 49 रन बनाकर पैट कमिंस की गेंद पर स्टीव स्मिथ को कैच दे बैठे। उन्होंने अपनी पारी में 9 चौके लगाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से जोश हेजलवुड, मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस और नाथन लायन ने 1-1 विकेट लिया। **दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया 390 रन पर ऑलआउट :** साउथ अफ्रीका के खिलाफ डरबन टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 390 रन पर खत्म हुई। ऑस्ट्रेलिया के लिए मैट रेनशॉ ने 190 रन की पारी खेली। उन्होंने 397 गेंद की अपनी पारी में 21 चौके और 1 छक्का लगाया।

**पहले दिन साउथ अफ्रीका के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के 6 विकेट गिरे :** साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन मैच पर पकड़ बना ली। डरबन के किंग्समीड मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक 6 विकेट पर 187 रन बनाए।

# रणजी ट्रॉफी पहला दिन : रोहित ने झटके 5 विकेट तो शिखर ने जड़ा शतक, सिराज फ्लॉप तो शमी हिट




नई दिल्ली, 11 अक्टूबर। रणजी ट्रॉफी 2026-27 सीजन काआगाज आज यानी 11 अक्टूबर के दिन से हुआ।पहले राउंड में 18 मैचों का आगाज हुआ, जिसमें टीम इंडिया से खेलने वाले खिलाड़ी यशस्वी जायसवाल, सिराज, केएल राहुल, साई सुदर्शन जैसे खिलाड़ी मैदान पर उतरे। लेकिन टीम इंडिया के कप्तानशुभमन गिलपंजाब की टीम से नहीं खेल सके, जबकि ऋषभ पंत भी इंजरी के चलते दिल्ली की टीम से नहीं खेल सके। रणजी ट्रॉफी के पहले दिन टेस्ट टीम इंडिया से खेलने वाले राहुल और जायसवाल कुछ खास नहीं कर सके, तो युवा खिलाड़ियों ने बल्ले से धमाल मचा दिया। वहीं, रोहित शर्मा ने जम्मू-कश्मीर के लिए चार विकेट झटके, तो झारखंड से आने वाले शिखर मोहन ने शानदार शतक जड़ा। अब चलिए जानते हैं कि पहले दिन क्या-क्या हुआ? टेस्ट टीम इंडिया के ओपनर रहे फ्लॉप? रणजी ट्रॉफी 2026-27 सीजन के पहले दिन टेस्ट टीम इंडिया से खेलने वाले यशस्वी जायसवाल का खाता ही नहीं खुला। मुंबई और चंडीगढ़ के बीच पहला मुकाबला वानखेड़े के मैदान पर खेला गया। इसमें जायसवाल ने 13 गेंदों का सामना किया, लेकिन बाद में वह बिना खाता खोले चलते बने। जायसवाल के अलावा केएल राहुल कर्नाटक की टीम से ओपनिंग करने आए। राहुल ने आंध्र प्रदेश की टीम के खिलाफ विजयवाड़ा के मैदान पर 11 गेंदों का सामना किया और एक चौके की मदद से वह चार रन ही बना सके। इसके चलते टेस्ट टीम इंडिया के दोनों ओपनर पहले दिन कुछ खास नहीं कर सके। सरफराज और सिराज का भी दिन बेकार रहा: वहीं, टेस्ट टीम इंडिया के मिडिल ऑर्डरबल्लेबाज सरफराज खान के लिए भी आगामी सीजनका पहला दिन कुछ अच्छा नहीं गया। जायसवाल के आउट होने के बाद सरफराज खान मैदान में जब आए, तो वह भी छह गेंदों में सिर्फ एक रन ही बना सके। हालांकि, सरफराज के छोटे भाई मुशीर खान ने जरूर नंबर तीन पर आकर मुंबई के लिए 65 रन की पारी खेली थी। वहीं, गेंदबाजी में हैदराबाद की कप्तानी करने वाले मोहम्मद सिराज का पहला दिन ज्यादा अच्छा नहीं रहा। बतौर कप्तान सिराज पहली बार रणजी ट्रॉफी के मैदान पर उतरे, लेकिन एक भी विकेट नहीं ले सके। सिराज ने नौ ओवर गेंदबाजी की और 25 रन दिए, लेकिन त्रिपुरा के एक भी बल्लेबाज का शिकार नहीं कर सके।



## हिम्मत सिंह के पांच गोल से मेयो पिंक चैम्पियन

जयपुर, 11 अक्टूबर। जयपुर पोलो सीजन 2026 के तहत राजस्थान पोलो क्लब में रविवार को आयोजित प्रतिष्ठित यूएसपीए मेयो पोलो कप एग्जीबिशन मैच में टीम मेयो पिंक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेयो व्हाइट को 7-5 से हराकर खिताब अपने नाम किया। नाइट पोलो के रोमांच के बीच खेले गए मुकाबले में राव हिम्मत सिंह बेदला ने पांच गोल दागकर जीत में अहम भूमिका निभाई। हिज हाईनेस महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह और विक्रमादित्य सिंह बरकाना ने एक-एक गोल किया। शानदार प्रदर्शन के लिए राव हिम्मत सिंह बेदला को मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर चुना गया। यूएस पोलो एसोसिएशन ने मेयो ओल्ड बॉयज सोसायटी के सहयोग से इस चौथे संस्करण का आयोजन किया। मेयो व्हाइट की ओर से प्रताप सिंह कानोता ने तीन और हुर्र अली ने दो गोल किए। मुकाबले के बाद मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल आलोक क्लेर (सेवानिवृत्त) ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। मैच में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने कौशल और टीमवर्क का शानदार प्रदर्शन किया।

## रणजी में राजस्थान की दमदार शुरुआत, करण लाम्बा का शतक, रोहन राजभर 5 रन से चूके





जयपुर, 11 अक्टूबर। सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान और तमिलनाडु के बीच शुरू हुए रणजी ट्रॉफी मुकाबले के पहले दिन राजस्थान ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 286 रन बना लिए। करण लाम्बा ने नाबाद शतक जमाया, जबकि पदार्पण मैच खेल रहे रोहन राजभर ने 95 रन की शानदार पारी खेलकर सभी का ध्यान खींचा। वह अपने पहले ही रणजी मैच में शतक से महज पांच रन दूर रह गए। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान की ओर से करण लाम्बा 103 रन बनाकर नाबाद हैं। रोहन राजभर ने 95 और सुमित गोदारा ने 49 रन बनाए, जबकि महिपाल लोमरोर 31 रन बनाकर क्रीज पर हैं। तमिलनाडु के सर्वाना कुमार ने तीन और वाशिंगटन सुंदर ने एक विकेट लिया। राजस्थान के लिए यह दिन खास रहा, क्योंकि रोहन राजभर के साथ चेतन शर्मा और हेमंत कुमार ने भी रणजी ट्रॉफी में पदार्पण किया।

## अंडर-16 चैलेंजर ट्रॉफी : आनंद और आदित्यराज के शतक





जयपुर, 11 अक्टूबर। राज्य अंडर-16 चैलेंजर ट्रॉफी के पहले दिन खेले गए मुकाबलों में युवा बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। टीम बी की ओर से आनंद सीरवी ने 101 और टीम ए की ओर से आदित्यराज बड़सरा ने 100 रन की शतकीय पारियां खेलीं। गेंदबाजी में टीम सी के आंजनेय शर्मा और टीम बी के अरसलान खान ने चार-चार विकेट लेकर प्रभावित किया। पहले मुकाबले में टीम ई ने 226 रन बनाए, जिसके जवाब में टीम एच ने कौस्तव धनकर के 82 और तविष शर्मा के 55 रनों की मदद से पांच विकेट पर 227 रन बनाकर जीत दर्ज की। दूसरे मैच में टीम जी ने 200/4 रन बनाने के बाद टीम एफ को 143 रन पर समेटकर जीत हासिल की। तीसरे मुकाबले में टीम बी ने 221/6 रन बनाए, जबकि टीम सी 198/7 रन तक पहुंच सकी। चौथे मैच में टीम ए ने 285/6 रन बनाए, जिसमें आदित्यराज बड़सरा के शतक और माधव गोपाल गौतम के 57 रनों का अहम योगदान रहा। जवाब में टीम डी ने दो विकेट पर 236 रन बना लिए थे। गीतेश पुरोहित 113 रन बनाकर नाबाद रहे।

## खेल प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

जयपुर, 1 अक्टूबर। अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी एवं स्वर्ण पदक विजेता हीरानन्द कटारिया के जन्मदिन के अवसर पर श्री वीर तेजा फाउंडेशन राजस्थान की ओर से खेल प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में खेल जगत से जुड़ी 200 से



अधिक युवा प्रतिभाओं एवं खेल क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली हस्तियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान खिलाड़ियों को 100 ट्रैकसूट और 100 से अधिक स्पोर्ट्स किट वितरित की गईं। वहीं, खेल क्षेत्र में योगदान देने वालों को माला, दुपट्टा और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शासन सचिवालय की वरिष्ठ खेल अधिकारी मालती चौहान थीं। विशिष्ट अतिथियों में राजस्थान इनकम टैक्स एम्प्लाइज फेडरेशन के सर्कल ग्रुप अध्यक्ष राजेंद्र कुमार मीणा, पूर्व भाजपा किसान मोर्चा कोषाध्यक्ष कल्याण सहाय चोपड़ा, राजस्थानी फिल्म अभिनेता मोहन कटारिया, जाट महापंचायत संस्थान राजस्थान के महासचिव प्रभातीलाल शेरावत, फाउंडेशन के चेयरमैन मदन दांतेल, अंतरराष्ट्रीय वूशू कोच राजेश कुमार टेलर, मोहम्मद इकराम, प्रिंस स्कूल के निदेशक दीपाराम चौधरी और गणपति हॉस्पिटल के संस्थापक सुवालाल सहित अन्य गणमान्यजन मौजूद रहे। फाउंडेशन अध्यक्ष नरेंद्र श्रीमाली, कोषाध्यक्ष विजय सिंह शेखावत और महासचिव हीरानन्द कटारिया ने अतिथियों का स्वागत किया। तेजाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ।

## वंश की 78 रन की पारी से केबी रॉयल्स जीती



जयपुर, 11 अक्टूबर। अंडर-12 डीएसए कप क्रिकेट प्रतियोगिता में केबीरॉयल्स क्रिकेट अकादमी ने डीएसए क्रिकेट अकादमी को 25 रन से हराकर जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए केबीरॉयल्स की टीम 32 ओवर में 151 रन पर ऑलआउट हो गई। वंश ने शानदार 78 रन बनाए। डीएसए की ओर से चित्रांग सैनी ने चार तथा अनुराग सिंह और जयेश ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए डीएसए क्रिकेट अकादमी की टीम 35.3 ओवर में 126 रन पर सिमट गई। जयेश ने 49 और चित्रांश सैनी ने 34 रन बनाए। केबीरॉयल्स की ओर से हिमांशु और कार्तिक ने दो-दो विकेट लिए। शानदार बल्लेबाजी के लिए वंश को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## दौसा की याना और तनिका को राजस्थान सीनियर महिला कैम्प में मौका





दौसा 11 अक्टूबर। राजस्थान क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित सीनियर महिला क्रिकेट कैंप के लिए दौसा जिले की दो खिलाड़ी याना वर्मा और तनिका शर्मा का चयन किया गया है। जिला क्रिकेट संघ के सचिव बृज किशोर उपाध्याय ने बताया कि दोनों खिलाड़ी तीन दिवसीय कैंप में हिस्सा लेंगी। इसके बाद अभ्यास मैचों में प्रदर्शन के आधार पर राजस्थान की सीनियर महिला टीम का चयन किया जाएगा। राजस्थान की टीम आगामी टी-20 प्रतियोगिता में 26 अक्टूबर से चंडीगढ़ में खेलेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राजस्थान का पहला मुकाबला 26 अक्टूबर को हरियाणा से होगा। इसके बाद टीम सौराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, बड़ौदा, आंध्र प्रदेश और ओडिशा से मुकाबले खेलेगी।

# विकास सिर्फ शहरों तक सीमित ना रहे, बल्कि प्रत्येक गांव-ढाणी तक पहुंचे: मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पंचायती राज चुनाव के लिये ग्राम विकास संकल्प -पत्र जारी किया

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा का "ग्राम विकास संकल्प-पत्र" गांवों के सर्वांगीण विकास का रोडमैप है। सरकार का लक्ष्य है कि विकास शहरों तक सीमित नहीं रहे, बल्कि प्रदेश के प्रत्येक गांव और ढ़ाणी तक पहुंचे। मुख्यमंत्री ने रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पंचायती राज चुनाव-2026 के लिए "ग्राम विकास संकल्प-पत्र" जारी करते हुए उपस्थित जनों को संबोधित किया।। इस दौरान प्रदेश प्रभारी संजय भाटिया, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, सह प्रभारी कविता पाटीदार, कुलजीत चहल और संगठन महामंत्री अजेय कुमार मौजूद थे। इस अवसर पर नवनिर्मित सेवा संकल्प सभागार का उद्घाटन भी किया गया।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पंचायती राज चुनाव-2026 के लिए "ग्राम विकास संकल्प-पत्र" जारी किये। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ मौजूद थे।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने विधानसभा चुनाव के संकल्प-पत्र के करीब 78 प्रतिशत कार्य पौने 3 वर्ष में पूरे किए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम विकास संकल्प-पत्र में शिक्षा, चिकित्सा, खेल और डिजिटल सुविधाओं को प्राथमिकता दी गई है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में अटल ज्ञान केंद्र स्थापित करने की योजना है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरत के अनुसार स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और उपस्वास्थ्य केंद्रों की उपलब्धता सुनिश्चित कारवाई की जाएगी। प्रत्येक ग्राम पंचायत में खेल मैदान विकसित किए जाएंगे।

■ "ग्राम विकास संकल्प- पत्र केवल घोषणाओं का दस्तावेज नहीं, बल्कि गांवों को आत्मनिर्भर, समृद्ध और सुविधासंपन्न बनाने का प्रयास है।" मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जिस प्रकार बजट तैयार करते समय समाज के सभी वर्गों से संवाद किया जाता है, उसी प्रकार ग्राम सभाओं में चर्चा के बाद गांवों के विकास संबंधी निर्णय लिए जाने चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम विकास संकल्प-पत्र केवल घोषणाओं का दस्तावेज नहीं, बल्कि गांवों को आत्मनिर्भर, समृद्ध और सुविधासंपन्न बनाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार बजट तैयार करते समय समाज के सभी वर्गों से संवाद किया जाता है, उसी प्रकार ग्राम सभाओं में चर्चा के बाद गांवों के विकास संबंधी निर्णय लिए जाने चाहिए।

## पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में लगी इमरजेंसी

इस्लामाबाद, 11 अक्टूबर। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने रविवार को देश के प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में बिगड़ती कानून-व्यवस्था और बढ़ते आतंकी हमलों का हवाला देते हुए आपातकाल की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई के नेतृत्व वाली प्रांतीय सरकार को बर्खास्त कर दिया गया है।

राष्ट्रपति जरदारी ने संविधान के अनुच्छेद 232(1) और 234(1) के तहत यह अधिसूचना जारी की। इसके लागू होते ही मुख्यमंत्री, प्रांतीय मंत्री, सलाहकार, विशेष सहायक और एडवोकेट जनरल को अपने पद तुरंत खाली करने का आदेश दिया गया है।

आदेश के तहत खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा के अधिकार अब पाकिस्तान की संसद या उसके अधीन किसी प्राधिकरण द्वारा चलाए जाएंगे। इसके अलावा केंद्र सरकार राज्यपाल को प्रांत का पूर्ण प्रशासनिक नियंत्रण संभालने का निर्देश दे सकती है।

राष्ट्रपति द्वारा जारी घोषणापत्र के अनुसार, प्रांत में संवैधानिक तंत्र पूरी तरह विफल हो चुका था।

## ट्रंप ने रुस ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

धन्यवाद।"हालांकि, बयान में इस सीज़फायर की शर्तों और उसके क्रियान्वयन से जुड़ी जानकारी नहीं दी गई है।

जैलैंस्की का यह बयान ट्रंप की उस आलोचना के जवाब में आया, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति ने यूक्रेन के नेतृत्व पर सवाल उठाए थे और रूसी तेल रिफाइनरियों पर हमले रोकने की मांग की थी।

# भारत को स्टारलिंक सस्ते में उपलब्ध कराएंगे एलन मस्क

## उन्होंने कहा कि इस प्रतिस्पर्धा से भारतीयों को बेहतर विकल्प मिल सकेंगे

नई दिल्ली, 11 अक्टूबर। पिछले दिनों भारत में स्टारलिंक को लेकर मुकेश अंबानी पर तंज कसने और आरोप लगाने के बाद एलन मस्क ने भारत में स्टारलिंक को किफायती दाम में पेश करने का ऐलान किया है। मस्क द्वारा मुकेश अंबानी और उनकी कंपनी जिओ को आड़े हाथ लेने के बाद लोगों का कहना था कि भारत में स्टारलिंक काफी महंगा साबित हो सकता है। इसके बाद अब मस्क ने ऐलान किया है कि वे भारत में स्टारलिंक को किफायती दाम में उपलब्ध कराएंगे।

इसे लेकर एक्सपर्ट्स का कहना है कि भारत दुनिया के सबसे सस्ते डेटा बाजारों में से एक है, जहां अगर मस्क के स्टारलिंक की एंट्री किफायती दर पर होती है, तो यह जिओ के प्रभुत्व को चुनौती दे सकती है। एलन मस्क ने

■ मस्क ने कहा कि यह धारणा फैलाई जा रही है कि स्टारलिंक काफी महंगा साबित होगा। वे जानते हैं कि स्टारलिंक महंगा हुआ तो भारत में इसे कोई नहीं खरीदेगा।

एक्स पर लिखा है कि अगर स्टारलिंक महंगा होगा, तो भारत में इसे कोई नहीं खरीदेगा। इसलिए स्पेसएक्स भारत के लिए बेहद किफायती कीमत तय करेगी। भारत में फिलहाल मोबाइल डेटा की कीमत प्रति जीबी 8 सेंट है, जो कि सबसे सस्ती है।

मस्क ने लिखा कि भारतीय बाजार में प्रतिस्पर्धा होगी, तो लोगों को सस्ते और बेहतर ऑप्शन मिलेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इससे अंबानी के मुनाफे में कमी आ सकती है लेकिन उनका कारोबार बंद नहीं होगा।

इससे पहले भी एलन मस्क एक्स पर जिओ और अंबानी को लेकर जुबानी जंग छेड़ चुके हैं। उन्होंने तंज करते हुए एक पोस्ट में प्रधानमंत्री अंबानी तक लिख दिया था। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा था कि अंबानी असली बॉस हैं और क्या वह स्टारलिंक को मुकाबला करने का मौका देंगे।

इसके साथ ही मस्क केंद्र सरकार पर भी आरोप लगा चुके हैं कि अंबानी के दबाव में सरकार स्टारलिंक को भारत में आने से रोक रही है।

# रियाद हवाई अड्डे पर हमले में 12 मरे व 309 घायल हुए

रियाद (सऊदी अरब), 11 अक्टूबर। सऊदी अरब की राजधानी रियाद के किंग खालिद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार को हमले में एक अमेरिकी समेत कम से कम 12 लोग मारे गए और 309 दूसरे घायल हो गए। सऊदी अरब की जनरल अथॉरिटी ऑफ सिविल एविएशन ने कहा कि मृतकों में चार सऊदी नागरिक, दो बांग्लादेशी और मिस्र, जॉर्डन, सीरिया, फ़िलिस्तीन और सूडान का एक-एक व्यक्ति शामिल है। अधिकारियों ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि घायलों का स्थानीय अस्पतालों में इलाज चल रहा है। अनेक लोगों की हालत गंभीर है। ईरान समर्थित आतंकी समूह हूती ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

गल्फ न्यूज और सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, हमले के बाद हवाई अड्डे का कामकाज रोक दिया गया। हवाई

■ हवाई अड्डा बंद है तथा नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।

अड्डे को नुकसान पहुंचा है। अधिकारी इसका आकलन कर रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा कि वह जल्द ही कोई न कोई फैसला लेंगे। विदेश सचिव मार्को रुबियो ने कहा, " अमेरिका सऊदी अरब पर हूती के हमलों की कड़ी निंदा करता है। उन्होंने कहा कि रियाद एयरपोर्ट पर हुए हमले में एक अमेरिकी नागरिक सहित कई बेगुनाह लोगों की जान चली गई।" विदेश विभाग के एक प्रवक्ता ने कहा कि ट्रंप प्रशासन ने सऊदी अरब के अधिकारियों से बात की है।

आतंकी संगठन हूती ने अभी तक शनिवार के हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि, हूती ने इस हफ्ते की शुरुआत में इस हवाई अड्डे पर हमले का दावा किया था। हमले में एक पायलट सहित तीन सऊदी मारे गए थे। बताया गया है कि शनिवार को एक मिसाइल ने डॉमैस्टिक फ़्लाइट्स के टर्मिनल 3 और 4 वाले एक कॉम्प्लेक्स पर हमला किया। यमन में संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत हैंस ग्रंडबर्ग ने शनिवार के हमले को क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा बताया है।

इस हमले के बाद फ्लाइटरडार 24 ट्रैकर ने कहा कि उड़ानों को दूसरी जगह डायवर्ट कर दिया गया। अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और कैनडा जैसे देशों ने नागरिकों को एयरपोर्ट से दूर रहने की चेतावनी दी गई। रियाद एयरपोर्ट पर हमला ऐसे समय पर हुआ, जब बड़े इंटरनेशनल एनर्जी कॉन्फ्रेंस की तैयारी की जा रही थी।

## नेपाल की ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

तथा आरुघाट के सोती और मान्बु को जोड़ने वाला पक्का पुल बाढ़ में बह गया है।

बाढ़ ने चुमनुब्री गाउँपालिका के पैयुं और बगर क्षेत्रों में करीब 35 घरों को भी बहा दिया है। इसके अलावा जगत, सल्लेरी, दोभान और घट्टेखोला गांवों में भी भारी नुकसान हुआ है।

## इंडिगो की उड़ान में आग ....

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

चेन्नई पहुंचने का निर्धारित समय शाम 4 बजे था। लेकिन विमान में धुआं दिखाई देने के बाद इसका मार्ग बदल दिया गया।

सुरक्षा नियमों के तहत पायलटों ने विमान को हैदराबाद ले जाने का निर्णय लिया और वहां सुरक्षित लैंडिंग कराई।

■ दिल्ली से चेन्नई जा रही एयरबस में यात्री के पावर बैंक में आग लगी। यात्रियों को वैकल्पिक विमान से चेन्नई भेजा।

घटना में किसी यात्री या चालक दल के सदस्य के घायल होने की सूचना नहीं है। सभी लोग सुरक्षित हैं। घटना के बाद यात्रियों को चेन्नई पहुंचाने के लिए वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की गई। इंडिगो ने यात्रियों को हुई परेशानी पर खेद जताया है।

## बार काउंसिल ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

काउंसिल ऑफ इंडिया, सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल, राजस्थान उच्च न्यायालय (जोधपुर व जयपुर पीठ), राज्य के विधि सचिव, महाधिवक्ता, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय जोधपुर, देश की सभी राज्य बार काउंसिलों तथा राजस्थान की सभी बार एसोसिएशनों को भेजी गई है। साथ ही राजस्थान राजपत्र में प्रकाशन के लिए सरकारी केंद्रीय मुद्रणालय के अधीक्षक को भी भेजा गया है।




राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- प्लाट नम्बर H1-4, इन्डस्ट्रीयल एरिया फैस प्रथम, जालौर, (राज.) फोन नम्बर 226422, 226423, जालौर। फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908